4 रायपुर संभाग
राजस्व आपदा प्रबंधन के आदेश पर धनाढ्य व्यक्तियों के नाम...

6 अभिमत
नकारात्मक चुनाव प्रचार का दौर

09 विविध
पुसौर ब्लॉक के गांवों को विकसित बना रहा अदाणी...

10 संस्कारधानी
जिला स्तरीय कर्मा जयंती छुईखदान में 5 को

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-221 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### धनखड़ ने 12 सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ



लेने वाले सदस्यों में बिहार से भारतीय जनता पार्टी की धर्मशीला गुप्ता, बिहार से ही राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और संजय यादव, गुजरात से भाजपा के गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, हरियाणा से भाजपा के सुभाष चंद्र बराला, हिमाचल प्रदेश से भाजपा के हर्ष महाजन, कर्नाटक से कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश से भाजपा के डा एल मुरूगन, मध्य प्रदेश से कांग्रेस के अशोक सिंह, महाराष्ट्र से कांग्रेस के चंद्रकांत हंडोरे, महाराष्ट्र से ही भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी और उत्तर प्रदेश से भाजपा की साधना सिंह शामिल हैं।

### शेयर बाजार में गिरावट जारी

**मुंबई।** विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, ऑटो, एफएमसीजी और सर्विसेज समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार का फिसलना लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 27.09 अंक की गिरावट के साथ 73,876.82 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 18.65 अंक फिसलकर 22,434.65 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लगातार दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी रही।

### वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के



पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित हैं और यहां एम्स में उनका उपचार चल रहा है। पिछले छह महीने से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे सुशील ने सोशल मीडिया एक्स पर स्वयं यह जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा अब वह लोगों को अपनी बीमारी के बारे में बताने का सही समय समझते हैं।

# महंत ने भूपेश और देवेंद्र को बताया लठैत

## विष्णुदेव ने कहा मोदी से पहले मुझे मारनी होगी लाठी

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री के खिलाफ जो घटिया बयान दिया है, जनता फिर से उसका करारा जवाब देगी। कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर दिये गए अमर्यादित बयान के लिए मैं चरणदास महंत और कांग्रेसियों से कहना चाहता हूँ कि अगर उनमें हिम्मत है तो मैं भी मोदी परिवार का सदस्य हूं, पहली लाठी मुझे मारे। कांग्रेसियों ने पहले भी मोदी को चौकीदार चोर है कहा था, जिसका जवाब देश की जनता ने अच्छे से दिया था। कांग्रेस के इस घटिया बयान का करारा जवाब जनता ही फिर से देगी। महासमुंद में सीएम साय ने कांग्रेस से खुद को लाठी से मारने की चुनौती देते हुए कहा कि चरणदास महंत का देश के प्रधानमंत्री के ऊपर दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक है। इसकी हम कड़ी भर्त्सना करते हैं। गौरतलब है कि चरणदास महंत ने राजनांदगांव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नामांकन सभा के दौरान प्रधानमंत्री के विरुद्ध टिप्पणी करते हुए कहा था कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ कोई लाठी लेकर खड़ा हो सकता है तो वो भूपेश बघेल हैं, हम लोगों को लाठी चलाने वाला, नरेंद्र मोदी के सर को फोड़ने वाला आदमी चाहिए, जो भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव ही कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा के नेताओं की तरफ से हैश टैग पहली लाठी मुझे मारो के साथ सोशल मीडिया में लगातार वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और गृह मंत्री विजय शर्मा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं बीजेपी ने इस मामले की चुनाव आयोग से शिकायत की है।

### संविधान की रक्षा के लिए लाठी चलाने की नौबत आई तो मैं चलाऊंगा : देवेंद्र यादव



कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने कहा है कि बिलासपुर की जनता ने भाजपा के जिन नेताओ को जीताकर संसद में भेजा वे सभी म्यूट सांसद साबित हुए। भाजपा को ताली बजाने और हाथ उठाने वाले लोगो की ही जरूरत है। इसलिए इस बार क्षेत्र की आवाज उठाने वाले प्रत्याशी को जीता कर संसद में भेजेंगे। यादव ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि हां मैं लाठी चलाऊंगा क्योंकि मैं यादव हूं, और यादव लाठी चलाने में माहिर होते हैं। संविधान की रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है और कोई संविधान के साथ गलत इरादों को लेकर छेड़छाड़ करता है तो हम लाठी चलाने से नही चूकेंगे। उन्होंने पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दरअसल साय सरकार में उन्हे ही नहीं कई पूर्व मंत्री को भी शामिल नहीं किया है, इसलिए वे सब दुखी है और अपने अंदर की पीड़ा को व्यक्त नहीं कर पा रहे, मेरी उन लोगो के प्रति पूरी सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में बदलाव होकर रहेगा। भाजपा जैसे सोच रही है वैसा कुछ भी नही है। बिलासपुर को मैं अपना कर्मभूमि मानकर आया हूं और यहां की जनता की सेवा के लिए और बिलासपुर में ऐतिहासिक बदलाव के लिए बिलासपुर आ चुका हूं। बिलासपुर के कांग्रेसी क्रांतिकारी हैं। हमारे बीच कोई मतभेद और मनमुटाव नही है। हम सब एकजुट होकर लड़ेंगे और भाजपा को इस बार सबक सिखा कर रहेंगे।

### मैं हूं मोदी का परिवार : पीएम मोदी के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष महंत के विवादास्पद बयान पर भाजपा ने जारी किया पोस्टर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा विवादास्पद बयान देने के दूसरे दिन ही भाजपा ने पूरा मोर्चा खोल दिया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा का पोस्टर लांच किया जिसमें लिखा है 'मैं हूं मोदी का परिवार, पहली लाठी मुझे मारो'।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया के सामने पोस्टर जारी करते हुए कहा कि भाजपा पोस्टर के जरिए जनता तक मुद्दे को ले जाना चाहती है। मोदी और जनता से माफी मांगने की अपील की गई है। इसके साथ चुनाव आयोग से भी माफी मांगनी चाहिए। महंत ने सामूहिक रूप से हिंसा फैलाने के लिए प्रेरित किया है। जब-जब ऐसे बयान आए हैं मोदी के लिए जनता का प्रेम बढ़ा ही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष हो और दिग्गज नेता हो, अगर वह यह कहें कि जो मोदी का सिर फोड़ेगा, उसे जिताओ। देश के प्रधानमंत्री के बारे में इस तरीके का बयान अशोभनीय है। चुनाव आयोग से आग्रह है कि उन पर कार्रवाई होनी चाहिए, यह आचार संहिता का उल्लंघन है। विजय शर्मा ने कहा कि पहले भी चाय वाला नीच राजनीति करने वाला कहा गया है। उनके व्यक्ति गत जीवन पर भी सवाल उठाए गए। अब सिर फोड़ने की बात कही जा रही है। लोकतांत्रिक मान-मर्यादाओं के साथ इस चीज का विरोध किया जाएगा। बयान के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हंस रहे थे। नेताओं के अपील में ताकत होती है, ऐसा नहीं किया जाना चाहिए।

### संसदीय परंपरा का पूर्ण ज्ञान, छग की संस्कृति को नहीं समझने वाले गलत प्रचार कर रहे है : डॉ. चरणदास महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने अपने बयान को तोड़मरोड़ कर प्रचार करने का आरोप लगाया। महंत ने कहा उन्हें छत्तीसगढ़ की रीति-नीति व संस्कृति का शायद ज्ञान नहीं है, इसलिए उनके सहज व विशुद्ध छत्तीसगढ़िया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि मैं विशुद्ध रूप से छत्तीसगढ़िया संस्कृति में रचा-बसा हूं। छत्तीसगढ़ की भाषाशैली का उपयोग करते समय बीच-बीच में निर्धारित प्रयोग लक्षणा-व्यंजना में आने वाले शब्दों के साथ बात करता हूं। छत्तीसगढ़िया में एक प्रचलित वाक्य जैसे-लउठी धर के दउड़ा न..., मार न टूरा ला... जैसे कई वाक्य सहज रूप से उपयोग में लाए जाते हैं लेकिन जो लोग छत्तीसगढ़ की रीति-नीति, भाषा संस्कृति को नहीं समझते, ऐसे मीडिया प्रतिनिधियों के द्वारा गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री के पद और संसदीय परंपरा और गरिमा का पूरा ज्ञान है। मैं स्वयं 4 बार सांसद, 5 बार विधायक रहा और स्पीकर के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष होने के नाते संवैधानिक गरिमा का भी ख्याल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कईयों बार व्यक्तिगत मुलाकातें हुई है और वे मुझे भी व्यक्ति गत तौर पर जानते हैं। डॉ. महंत ने मोदी के साथ की एक फोटो साझा करते हुए कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे और मैं भारत सरकार में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री था तो उनके ही प्रदेश गुजरात के आणंद में आयोजित कार्यक्रम में काफी आत्मीयता से मुलाकात हुई। ऐसे व्यक्ति जो केवल भाजपा के नहीं बल्कि हर दल के लिए प्रधानमंत्री हैं, उन पर गलत टिप्पणी तो करने का सवाल ही नहीं उठता। मेरी भावनाओ को गलत ब्यानी कर ओछी राजनीति की आड़ लेकर मुझ जैसे छत्तीसगढ़िया की छवि और शीर्ष नेताओं के साथ संबंधों को खराब करने का काम न करें।



## राहुल गांधी ने वायनाड से दाखिल किया नामांकन पत्र, प्रियंका गांधी भी रहीं मौजूद

एजेंसी < वायनाड
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान गांधी के साथ उनकी बहन एवं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले गांधी ने वायनाड के कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो भी किया। रोड शो में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के नेता और कार्यकर्ता भी शामिल रहे। यूडीएफ के सैकड़ों कार्यकर्ता रोड शो के लिये कतार में खड़े थे। साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के लोग गांधी की तस्वीर के साथ पार्टी के झंडे, तख्तियां और पार्टी के रंग वाले गुब्बारे लेकर उनका स्वागत करने के लिये सड़कों के किनारे एकत्र हुये। इस मौके पर गांधी ने कहा कि वह वायनाड के मुद्दों को देश और दुनिया के सामने लाने के लिये हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र और केरल में कांग्रेस की सरकार बनी, तो राज्य की सारी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे। गौरतलब है कि यहां पर मुख्य मुकाबला गांधी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नेता और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) उम्मीदवार एनी राजा तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन के बीच है। गांधी ने रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि वायनाड उनका घर है। यहां के लोग उनके परिवार के सदस्य की तरह हैं। समृद्ध इतिहास एवं खूबसूरत परंपराओं वाली यह भूमि उन्हें प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा, मैं वायनाड के लोगों के अटूट समर्थन के लिये बहुत आभारी हूं। हम न्याय के एक नये युग में कदम रख रहे हैं, ऐसे में मैं अपनी सर्वाधिक क्षमताओं से आप में से प्रत्येक की सेवा करने के लिये अपने समर्पण की पुष्टि करना चाहता हूं। उल्लेखनीय है गांधी ने वर्ष 2019 में वायनाड संसदीय क्षेत्र से चार लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। उन्हें कुल 10,92,197 मतों में से 7,06,367 मत मिले थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी पी सुनीर ने 2,74,597 वोट हासिल किये थे। केरल में लोकसभा चुनाव के लिये मतदान 26 अप्रैल को होगा।

## महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त जारी




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने 'एक्स' पर ये जानकारी देते हुए महतारियों के लिए लिखा-'मोदी की गारंटी में किये गये वादे को निभाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के स्वाभिमान का सम्मान कर महतारी वंदन योजना की इस माह की किश्त जारी कर दी गई है। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 मार्च को छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया जा रहा है। योजना के तहत एक-एक हजार रूपए प्रतिमाह के मान से साल में 12 हजार रूपए महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित किए जाएंगे।

## चिराग पासवान की पार्टी लोजपा रामविलास के कई नेताओं ने दिया इस्तीफा

वार्ता < पटना
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक लोक जनशक्ति पार्टी के कई नोताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। लोजपा-रामविलास के प्रदेश संगठन सचिव ई. रविंद्र सिंह, पूर्व मंत्री, पूर्व लोकसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, मुख्य विस्तारक अजय कुशवाहा समेत कई नेताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इन नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान पर लोकसभा चुनाव के दौरान टिकट बेचने का आरोप भी लगाया और कहा कि जब उनके परिवार से लेकर पार्टी और सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी ने आपका साथ छोड़ दिया था, तब हम लोगों जैसे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने खून-पसीने से इस पार्टी को सींचा। हमने चिराग पासवान के विजन पर भरोसा कर दिन-रात अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए काम किया। नेताओं ने कहा कि पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं की ही मेहनत का फल था कि राजग को सीटों के तालमेल के तहत लोजपा (आर) को पांच लोकसभा सीट देने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन, टिकट वितरण में जिस तरह से पार्टी के कार्यकर्ताओं की भावनाओं, उनकी मेहनत को रौंद दिया गया, वह हतप्रभ कर देने वाला है। पार्टी के किसी कार्यकर्ता को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया। 12 जून 2021 को हमारी पार्टी को तोड़ने में सबसे अहम भूमिका सांसद वीणा देवी ने निभायी थी। सर्वज्ञात है कि पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में जिन पांच सांसदों ने पार्टी को तोड़ा था, उनकी सारी बैठक वीणा देवी के आवास पर होती थी।

### भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक, दवाईया, माओवादी वर्दी, माओवादी साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद

## कोरचोली-लेण्ड्रा के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में 03 महिला सहित 13 माओवादी ढेर

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com






कोरचोली-लेण्ड्रा के जंगल में प्रतिबंधित भाकपा माओवादियों के पीएलजीए कंपनी नम्बर 02 के कमांडर वेल्ला, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोड़ियम एवं अन्य 70-100 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बलो की कार्यवाही जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 01/04/2024 को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत कोरचोली - लेण्ड्रा के जंगलों में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन पीएलजीए कंपनी नम्बर 02 कमांडर वेल्ला, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोड़ियम एवं अन्य 70-100 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ, कोबरा 210, 205, 202 एवं केरिपु 222 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान दिनांक 02/04/2024 के तड़के सुबह 06.00 बजे कोरचोली-लेण्ड्रा के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ थमने पर मौके पर सर्चिंग कार्यवाही में 03 महिला सहित 13 माओवादी के शव, हथियार- 01 नग 7.62 एलएमजी-58 राउण्ड, 01 नग 303 रायफल-39 राउण्ड,12 बोर सिंगल शॉट 01 नग, बीजीएल लांचर 03 नग-17 सेल, एयर गन-02 नग, विस्फोटक -हेण्ड ग्रेनेड-01, यूबीजीएल सेल-01, टिफिन बम 07 नग, जिलेटिन स्टीक कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक वायर, उपकरण-लेपटॉप, डीव्हीडी राईटर, वॉकीटॉकी अन्य -माओवादी वर्दी, पिट्ठू, सोलर प्लेट, प्रतिबंधित माओवादी संगठन का प्रचार प्रसार की सामग्री एवं माओवादी साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की पंचनामा एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा




**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें उन्होंने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और अंतरिम राहत की मांग की थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। सोमवार को (एक अप्रैल) यहां की एक विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक में भेज दिया था। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## प्राकृतिक आपदा राहत सहायता के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




तमिलनाडु सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से राज्य में हुए भारी नुकसान के मद की 37,000 करोड़ रुपए से अधिक की राहत सहायता राशि कई बार अनुरोध के बावजूद नहीं देने का केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और अंतरिम उपाय के तौर पर 2000 करोड़ रुपए तत्काल जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की गुहार लगायी। राज्य सरकार ने राहत सहायता जारी नहीं करने को प्रभावित लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन करार देते हुए सहायता के लिए संविधान के अनुच्छेद के 131 के तहत याचिका दायर की है। वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन और अन्य के माध्यम से दायर याचिका में दिसंबर 2023 के चक्रवात 'मिचौंग' के कारण हुई तबाही के मद में 19,692.69 करोड़ रुपए, जबकि तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में अभूतपूर्व और अत्यधिक वर्षा के कारण हुए नुकसान के लिए वित्तीय सहायता के तौर पर 18,214.52 करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले इसी प्रकार की याचिका कर्नाटक सरकार ने दायर की थी। कर्नाटक सरकार ने 'गंभीर मानवीय संकट' और गंभीर प्रकृति की 'आपदा' के मद्देनजर सूखा राहत के लिए 35,162 करोड़ रुपये जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है।

# टिकट बदलकर विपक्ष ने डाल दिये हथियार : स्मृति ईरानी

एजेंसी ◄ पन्ना
www.dailypioneer.com




केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर हमला बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदलकर विपक्ष ने ये साबित कर दिया है कि उसने चुनाव के पहले ही हथियार डाल दिये हैं। ईरानी ने खजुराहो संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नामांकन के पहले एक जनसभा को संबोधित करते हुए ये बात कही। वे यहां शर्मा की नामांकन रैली में शामिल होने आई थीं। केंद्रीय मंत्री ईरानी ने कहा कि विपक्षी पार्टी ने इस सीट से प्रत्याशी बदलकर यह साबित कर दिया है कि उसने हथियार डाल दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्री शर्मा को जीत की अग्रिम बधाई दी। ईरानी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनाव लड़ने से कांग्रेस ने तो इंकार ही कर दिया है, यह साफ संकेत है कि प्रदेश से कांग्रेस का सफाया होने वाला है।

ये सीट गठबंधन की ओर से समाजवादी पार्टी के खाते में गई है। सपा ने यहां से पहले डॉ मनोज यादव को प्रत्याशी बनाया, लेकिन बाद में पार्टी ने प्रत्याशी बदल दिया। उन्होंने कहा कि सपा को वोट देने का अर्थ उन ताकतों को वोट देना है, जो देश को बांटना चाहते हैं। मोदी ने देश का गौरव बढ़ाया है। यदि मोदी ना होते तो क्या हर गरीब तक मुफ्त राशन पहुंचता?

# महाकुंभ के लिए तैयार होगा रोपवे और डिजिटल कुंभ म्यूजियम

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



प्रयागराज में अगले वर्ष होने जा रहे महाकुंभ 2025 के मद्देनजर योगी सरकार संगम स्थल और आसपास कई प्रमुख कार्यों के विकास को मूर्त रुप प्रदान करेगी। महाकुंभ को खास बनाने के लिये हनुमान मंदिर स्थली का व्यापक पैमाने पर रेनोवेशन किया जा रहा है, जबकि रोपवे परियोजना की भी जल्द शुरुआत होने जा रही है। इसके साथ ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है। सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। महाकुंभ से पूर्व कार्य पूर्ण होने के बाद यह महाकुंभ के महाआयोजन को यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यादगार बना देंगे। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 29 नवंबर 2023 को शीर्ष समिति की बैठक में हनुमान मंदिर स्थली के निर्माण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसकी कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज विकास प्राधिकरण है। कार्य की कुल लागत 45.71 करोड़ रुपए प्रस्तावित है। परियोजना के लिए पीएमए द्वारा पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय पी.के.एस. बघेल. से लीगल ओपिनियन भी ली गई है। यही नहीं, सेना द्वारा कार्य स्थल की वर्किंग परमीशन भी प्रदान की जा चुकी है और भूमि हस्तांतरित किए जाने के लिए एमओयू हस्ताक्षर किए जाने की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी, जिसके लिए लीगल वेटिंग की जा रही है। पीडीए द्वारा कार्य अप्रैल में प्रारंभ किया जाएगा और नवम्बर, 2024 में पूर्ण करने का लक्ष्य है। निर्धारित समय में कार्य पूरा होने के बाद अधिक संख्या में दर्शनार्थी यहां समाहित हो सकेंगे। उन्होने बताया कि संगम तक श्रद्धालुओं की पहुंच को और आसान बनाने के लिए रोपवे का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। संगम के पास बांध पर शंकर विमान मंडपम से लेकर अरैल के त्रिवेणी पुष्प तक 1281.5 मीटर लंबे और 62 मीटर ऊंचे रोपवे प्रोजेक्ट को 15 मार्च 2024 को नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लि. (एनएचएलएमएल) द्वारा अवार्ड किया गया है जोकि दिसंबर, 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। फरवरी 2024 को रक्षा मंत्रालय द्वारा एनओसी भी प्रदान कर दी गई है। साथ ही रक्षा मंत्रालय द्वारा भूमि हस्तांतरित करने के लिए आर्मी मुख्यालय को निर्देशित किया गया है। फिलहाल यहां पर सीवरेज, यूटिलिटी शिफ्टिंग, ट्री फेलिंग का कार्य प्रगति पर है। अरैल मार्ग पर 40 हजार स्क्वायर मीटर के प्रस्तावित क्षेत्रफल में बनाए जा रहे डिजिटल कुंभ म्यूजियम पर भी कार्य शुरू हो गया है। वर्तमान में डिजिटल कुंभ म्यूजियम के लिए ईओआई को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिसमें 2 बिडर ने योजना प्रस्तुत की है।

# डीएसपी ने किया अनाजमंडी का दौरा, सुरक्षा का दिया भरोसा

एजेंसी ◄ सिरसा
www.dailypioneer.com

हरियाणा की अनाज मंडियों में फसल खरीद का सीजन आरम्भ हो गया है। इसको ध्यान में रखते हुए बुधवार को सिरसा के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सुभाष चंद्र ने सिरसा अनाजमंडी का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंडी का दौरा करने के बाद डीएसपी ने आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के कार्यालय में आढ़तियों के साथ एक बैठक की। एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीएसपी ने खरीद व्यवस्था व सुरक्षा के बारे में आढ़तियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान मेहता ने डीएसपी को बताया कि मंडी में इस समय सरसों की खरीद चल रही है। एक सप्ताह बाद गेहूं की आवक भी शुरू हो जाएगी। फसल खरीद सीजन में सिरसा मंडी में प्रतिदिन करोड़ों रुपयों का लेन देन होता है। सीजन में मंडी में चोरी व छीना-झपटी की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। जब किसान अपनी फसल बेचकर पैसे लेता है और घर जाने लगता है तो चोर किसानों से पैसे छीनने की घटना को अंजाम देते हैं। इसलिए उनकी मांग है कि फसल खरीद सीजन में सिरसा मंडी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए। मंडी में कम से कम 10 होमगार्ड तैनात किए जाए। हर समय पुलिस पीसीआर (डायल 112) तैनात करने की मांग की। डीएसपी चंद्र ने आढ़तियों की बात को ध्यान से सुना और कहा कि सिरसा मंडी में सुरक्षा की कोई कमी नहीं रहेगी। मंडी में 10 होमगार्ड तैनात किए जाएंगे। पुलिस पीसीआर तैनात रहेगी। बाइक राइडर्स को भी तैनात किया जाएगा ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। इस मौके पर उपप्रधान प्रेम बजाज, सचिव दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष कुणाल जैन, सहसचिव महावीर शर्मा, दीपक नड्डा, धर्मपाल जिंदल, सुधीर ललित मेहता, जगदीश मेहता, शशिकांत रोहिल्ला सहित अन्य आढ़ती भी मौजूद थे।

# हिमाचल में सरकार पूरी तरह स्थिर : अवस्थी

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश की ठाकुर सुखविंदर सिंह-सरकार पूरी तरह स्थिर है और अपना कार्यकाल पूरा करेंगी। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के पास जनमत भी है और बहुमत भी। पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के नेता जयराम ठाकुर के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनावों के बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार नही रहेगी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है जो कभी पूरे नही होते। उन्होंने कहा है कि लोकसभा की चारों सीटों के साथ-साथ विधानसभा की छह सीटों पर हो रहे उप चुनावों में कांग्रेस की शानदार जीत होगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार कांग्रेस के छह नेताओं पर धनबल के साथ सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की है उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। अवस्थी ने कहा है कि भाजपा का असली चेहरा अब लोगों के सामने आ चुका है। सत्ता हथियाने के लिये भाजपा कुछ भी कर सकती है। कभी अपने सिंद्धातों की दुहाई देने वाली भाजपा अब छल कपट की राजनीति कर रही है जो बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा है कि सुक्खू के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस अपनी सभी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रदेश की विकट आर्थिक स्थिति के बाबजूद सरकार अपने वित्तिय संसाधनों को मजबूत करने का पूरा प्रयास कर रही है। कर्मचारियों को ओपीएस बहाल कर अपनी पहली गारंटी पूरी की। महिलाओं को 1500 देने की गारंटी लाहुल स्पीति से शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं की हितैषी नहीं है और उन्होंने इसे अन्य जिलों में लागू करने पर रोक लगवा दी है। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार इसे पूरे प्रदेश में लागू करेगी। उन्होंने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू-सरकार कांग्रेस की सभी गारंटियों को पूरा करेगी।

# लोकतंत्र की अनूठी शान की प्रतीक है उंगली पर नीली लकीर : सिंह

एजेंसी ◄ सिरसा
www.dailypioneer.com




हरियाणा में सिरसा के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि चुनाव का रंग भी सिर्फ उंगली पर निशान मात्र नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की अनूठी शान का प्रतीक भी है। सिंह ने बुधवार को यहां कहा कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) के तहत जिला में मतदाता जागरुकता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा लोकतंत्र का पर्व-देश का गर्व मुहिम के तहत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। सिंह ने कहा कि चुनाव का पर्व एक ऐसा पर्व है, जिसमें हर एक मतदाता शामिल होकर लोकतंत्र की मजबूती की नींव रखता है। चुनाव का रंग भी सिर्फ उंगली पर निशान मात्र नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की अनूठी शान का प्रतीक भी है। विविधताओं से भरे अद्भुत राष्ट्र को एक रंग से जोड़ने और सभी का इसमें समावेश करने वाले चुनाव के इस पर्व पर देश को गर्व है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लेक्स लगवाए जा रहे हैं तथा सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए गए हैं। इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों, पार्कों व बूथों पर भी सेल्फी प्वाइंट भी बनवाए जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान यदि कहीं भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की शिकायत मिलती है तो नागरिक किसी भी समय इसकी सूचना कंट्रोल रूम नंबर 1950 पर दे सकते हैं।

# विष्णुदत्त शर्मा ने किया नामांकन जमा



**पन्ना।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश की खजुराहो संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र जमा किया। उन्होंने पन्ना कलेक्टर कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं संजय पाठक उपस्थित रहे। इसके पहले उन्होंने पन्ना में एक रोड शो और एक जनसभा को संबोधित भी किया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**सिवनी।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिला मुख्यालय से नागपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्राम गोपालगंज के पास एक तेज रफ्तार भारी अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसायकल को पीछे से टक्कर मारने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंबिकानगर खर्वी नागपुर निवासी सीताराम मानवटकर (36) नागपुर से मोटरसायकल पर सवार होकर सिवनी जिले के विकासखंड बरघाट के ग्राम जैवनारा में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकला था। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर स्थित ग्राम गोपालगंज के समीप अज्ञात भारी वाहन ने मोटरसायकल को पीछे से टक्कर मार दी। इससे मोटरसायकल सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकराई और उसमें आग लग गई। हादसे में सीताराम की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलते ही मृतक के शव को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों को पुलिस द्वारा सूचना दे दी गई है।

# झारखंड राज्य के हरेक मतदान केंद्र स्थल से संबद्ध रहेंगी मेडिकल टीम : अजय कुमार सिंह

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में सभी मतदान केन्द्र स्थल से मतदान दिवस के एक दिन पहले से ही मेडिकल टीमें संबद्ध रहेंगी। मतदान केंद्र भवनों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के पास मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में लगाये गये पदाधिकारी, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के लिए जरूरी दवाएं ,ओ. आर. एस. घोल इत्यादि सहित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। संबंधित प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से पारा मेडिकल स्टाफके साथ सभी मतदान केन्द्रों पर चलायमान रहेंगे। 108 एंबुलेंस की सुविधा मतदान के एक दिन पहले से ही पुख्ता रहेगी। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी। सभी सिविल सर्जन संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी की सहमति से अपने क्षेत्रधिन सरकारी, गैर सरकारी एवं उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों की सूची तैयार कर उनकी मैपिंग करा लें। आकस्मिक स्थिति में सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में इलाज के लिए ससमय रेफरल की व्यवस्था रहे, ताकि निर्वाचन कर्मियों के लिए तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। विशेष परिस्थितियों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर में लोकायुक्त टीम ने एक लिपिक को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त सूत्रों ने बताया है कि जिले के केरपानी में स्थित संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिनेश कुमार साहू सहायक ग्रेट दो लिपिक के पद पर पदस्थ है। उसने यहाँ पर कार्यरत देवेन्द्र कुमार पांडे से वेतन वृद्धि एवं बढ़े हुए डीए का एरियर लगाने के लिए दो हजार रूपए की मांग की थी। इसकी शिकायत मिलने पर लिपिक को जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कालेज के गेट के सामने जबलपुर की लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त टीम ने आरोपी के खिलाफभ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाही करते हुए रिश्वत में ली गई राशि भी जप्त कर ली है।

## झारखंड राज्य के हरेक मतदान केंद्र स्थल से संबद्ध रहेंगी मेडिकल टीम : अजय कुमार सिंह

वार्ता ◄ रांची
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 में सभी मतदान केन्द्र स्थल से मतदान दिवस के एक दिन पहले से ही मेडिकल टीमें संबद्ध रहेंगी। मतदान केंद्र भवनों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के पास मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में लगाये गये पदाधिकारी, कर्मियों एवं सुरक्षा बलों के लिए जरूरी दवाएं ,ओ. आर. एस. घोल इत्यादि सहित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। संबंधित प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के चिकित्सा पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से पारा मेडिकल स्टाफके साथ सभी मतदान केन्द्रों पर चलायमान रहेंगे। 108 एंबुलेंस की सुविधा मतदान के एक दिन पहले से ही पुख्ता रहेगी। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी। सभी सिविल सर्जन संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी की सहमति से अपने क्षेत्रधिन सरकारी, गैर सरकारी एवं उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों की सूची तैयार कर उनकी मैपिंग करा लें। आकस्मिक स्थिति में सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में इलाज के लिए ससमय रेफरल की व्यवस्था रहे, ताकि निर्वाचन कर्मियों के लिए तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। विशेष परिस्थितियों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।

## हिमाचल में सरकार पूरी तरह स्थिर : अवस्थी

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश की ठाकुर सुखविंदर सिंह-सरकार पूरी तरह स्थिर है और अपना कार्यकाल पूरा करेंगी। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के पास जनमत भी है और बहुमत भी। पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के नेता जयराम ठाकुर के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनावों के बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार नही रहेगी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है जो कभी पूरे नही होते। उन्होंने कहा है कि लोकसभा की चारों सीटों के साथ-साथ विधानसभा की छह सीटों पर हो रहे उप चुनावों में कांग्रेस की शानदार जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार कांग्रेस के छह नेताओं पर धनबल के साथ सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की है उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। अवस्थी ने कहा है कि भाजपा का असली चेहरा अब लोगों के सामने आ चुका है। सत्ता हथियाने के लिये भाजपा कुछ भी कर सकती है।

# निर्वाचन आयोग ने आईपीएस सौम्या रॉय को चुनावी पद से हटाने का निर्देश दिया

एजेंसी ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com




भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस विधायक के पति और भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी सौम्या रॉय को तत्काल प्रभाव से चुनावी पद से हटाने और गैर-चुनावी नियुक्ति प्रदान करने का निर्देश दिया है। आईपीएस रॉय कोलकाता पुलिस के दक्षिण पश्चिम डिवीजन में उपायुक्त के पद पर कार्यरत हैं। चुनाव पैनल ने सीईओ से रॉय के स्थान पर बहाली करने के लिए तीन योग्य अधिकारियों का नाम देने के लिए कहा है। रॉय सोनारपुर दक्षिण से तृणमूल कांग्रेस की विधायक अरुंधति मैत्रा के पति हैं, जो लवली मैत्रा के नाम से जानी जाती हैं। पश्चिम बंगाल में 2021 विधानसभा चुनावों से पहले ईसीआई ने रॉय का तब स्थानांतरित किया था, जब उन्हें रॉय लवली मैत्रा के पति होने की खबरें मिली थी, जो टीएमसी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ रही थीं। ईसीआई ने तीन अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि आईपीएस रॉय को ऐसे पद पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए जो आगामी लोकसभा चुनावों से संबंधित नहीं है। रॉय की पत्नी लवली मैत्रा के नाम से लोकप्रिय अभिनेत्री भी हैं, जो 2021 के राज्य विधानसभा चुनावों में दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर दक्षिण विधानसभा सीट से निर्वाचित हुई थीं। रॉय उस समय हावड़ा जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के रूप में कार्यरत थे और उन्हें भारतीय जनता पार्टी की शिकायत के आधार पर चुनाव आयोग ने स्थानांतरित किया था।

## दो दिवसीय बटालियन कमांडर कॉन्क्लेव–2024 का आयोजन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित सुल्तानिया इन्फैंट्री लाइन्स में 'बटालियन कमांडर कॉन्क्लेव -2024' का आयोजन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय द्वारा 3 एवं 4 अप्रैल को किया गया हैं। एनसीसी डायरेक्टरेट से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रशिक्षणिक वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों और कमियों पर गौर किया गया। कॉन्क्लेव में वर्ष 2024-25 के लिये रोड मैप भी प्रस्तुत किया गया। कॉन्क्लेव में प्रस्तुत मैप में निदेशालय में भिन्न स्पर्धा और ट्रैनिंग में और सुधार संबंधी तथ्यों को दर्शाया गया है। वर्ष 2023-24 में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय ओवर ऑल छठे स्थान पर रहा, जो कि 5 स्थानों की बेहतरी थी। कॉन्क्लेव की अगुवाई मेजर जनरल अजय कुमार महाजन, अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लिये अपनी योजना एवं रूपरेखा बटालियन कमांडरों के साथ साझा की। कॉन्क्लेव में निदेशालय के प्रर्दशन की बेहतरी के लिये कारगार सुझाव भी प्राप्त किये।

# पांच अप्रैल को पूर्णतया बंद रहेगी सिरसा अनाज मंडी : मेहता

वार्ता ◄ सिरसा
www.dailypioneer.com



हरियाणा में सिरसा की मार्केट कमेटी कार्यालय के आगे आढ़ती एसोसिएशन सिरसा का धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने के कारण मंडी में फसलों की बोली दोपहर 12 बजे बाद ही आरंभ हो पाई। धरना की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने की। मेहता ने उपस्थित आढ़तियों को संबोधित करते हुए कहा कि गेहूं पर पूरी दामी देने तथा सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करने की मांग पर यह धरना-प्रदर्शन चल रहा है जो पांच अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि पांच अप्रैल को सिरसा मंडी में पूरी तरह से हड़ताल रहेगी। आढ़ती अपना कारोबार बंद रखेंगे और फसलों की बोली भी नहीं होगी। कंडातोल हड़ताल रहेगी। इसलिए किसान भाईयों से अपील है कि वे पांच अप्रैल को मंडी में अपनी फसलें लेकर न आए ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। उन्होंने फैक्ट्री मालिकों को भी अपील की है कि वे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की खाली-भराई न करवाए। उधर धरने-प्रदर्शन में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता पहुंचे और उन्होंने आढ़तियों को पार्टी की ओर से पूरा समर्थन दिया। इनेलो जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला, शहरी जिलाध्यक्ष गंगाराम बजाज, युवा जिलाध्यक्ष भगवान कोटली, हलका अध्यक्ष गुरदीप गिलग धरना पर पहुंचे। धरने की अध्यक्षता कर रहे मेहता ने समर्थन देने के लिए इनेलो नेताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आढ़तियों की मांग है कि किसानों की सभी फसलें जैसे कॉटन, सरसो, सूरजमुखी,बाजरा इत्यादि और अन्य सभी फसले सरकार द्वारा एमएसपी पर आढ़तियों के माध्यम से ही खरीदी जाए और आढ़त पूरी 2.5 प्रतिशत मिलनी चाहिए जो कि गेहूं पर लगभग 57 रुपये व धान पर लगभग 56 रुपये बनती है, जबकि पिछले चार वर्षो से सरकार द्वारा गेहूं पर 46 रुपये और धान पर 45.88 रुपए फिक्स आढ़त दी जा रही है जो की बहुत कम है।

# शुक्ल ने डॉ. चड्डा की लिखित पुस्तक का किया विमोचन

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बुधवार को राजभवन में डॉ. किरण चड्ढा द्वारा लिखित पुस्तक 'डलहौजी थ्रू माई आइज' यात्रा मार्गदर्शिका का विमोचन किया। राज्यपाल ने लेखिका के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यटन की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिला के डलहौजी शहर की अपनी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि लेखिका ने पुस्तक के माध्यम से शहर के बदलते स्वरूप के बारे में विस्तार से वर्णन किया है। पुस्तक में डलहौजी शहर के विरासत भवनों, स्कूलों, चर्चों, होटलों, छावनी और पर्यटकों की रुचि के स्थानों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई है। शुक्ल ने कहा कि तस्वीरों के माध्यम से डलहौजी की धौलाधार पर्वतमाला और पहाड़ियों को जीवंत किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें डलहौजी के 150 से अधिक वर्षों के इतिहास को सचित्र दर्शाया गया है। पुस्तक में ब्रिटिशकाल का वर्णन करते हुए बताया गया है कि उनके द्वारा वर्ष 1859-60 में इस पहाड़ी शहर की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि पुस्तकें समाज का दर्पण होती हैं और इनसे ज्ञानवर्धन होता है। इस पुस्तक में शहर के समृद्ध इतिहास और भौगोलिक स्थिति की जानकारी संकलित की गई है। केंद्र सरकार की पूर्व संयुक्त सचिव डॉ. किरण चड्ढा डलहौजी से संबंध रखने वाली एक लेखिका और कवयित्री हैं। इस पुस्तक में लेखिका और छायाकार विक्की रॉय द्वारा ली गई तस्वीरों का संकलन है। पुस्तक में डलहौजी शहर में यूरोप की संस्कृति और वहां की जीवनशैली के माध्यम से हुए बदलावों को दर्शाया गया है और डलहौजी क्लब के बारे में जानकारी दी गई है। इस अवसर पर डॉ. चड्ढा ने बताया कि 'डलहौजी थ्रू माई आइज' में शहर के लगभग दो शताब्दियों के इतिहास का सचित्र वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा मार्गदर्शिका वर्ष 1859-60 के बाद से डलहौजी के इतिहास की पूरी जानकारी से क्षेत्र के अनछुए स्थलों से अवगत करवाती है। इसमें डलहौजी स्थित सभी संस्थानों, स्कूलों, कॉटेज आदि की जानकारी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि डलहौजी पर यह सचित्र और ऐतिहासिक यात्रा मार्गदर्शिका अपने वर्तमान लघु संस्करण में पर्यटकों और यात्रियों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश पर्यटन यवसाय से जुड़े लोगों के लिए अत्यधिक लाभकारी और उपयोगी साबित होगी। डॉ. चड्ढा विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों से जुड़ीं थीं। उन्होंने कई शोधपत्र लिखे हैं और द्वितीय विश्व युद्ध पर उनका आलेख वर्ष 2001 में प्रकाशित हुआ था।

# बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक

## उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दलों की संख्या में करें वृद्धि : आशुतोष प्रधान

■ व्यय अनुवीक्षण, कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी कक्ष का व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक आशुतोष प्रधान द्वारा जिला कार्यालय में सभी निर्वाचन नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के द्वारा निर्वाचन के संबंध में जिले में की गई तैयारियों की जानकारी दी गयी। व्यय प्रेक्षक द्वारा जिले में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए स्थैतिक निगरानी एवं उड़नदस्ता दोनों ही दलों की संख्या में वृद्धि करने को कहा। इस दौरान उन्होंने निवार्चन को प्रभावित करने वाली सभी सामग्रियों के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी गयी। बस्तर लोकसभा व्यय प्रेक्षक द्वारा वीडियो निगरानी दल, व्यय अनुवीक्षण दल, मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रत्येक प्रत्याशी के व्ययों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी प्रकार के अतिरिक्त खर्च पर त्वरित कायार्वाही करते हुए संबंधित व्यय को संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ने के निर्देश दिये। व्यय प्रेक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन हेतु बनाये गये नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने आ रही शिकायतों एवं उन पर की गयी कार्यवाहियों की भी जानकारी ली।

**मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई एवं व्यय अनुवीक्षण ईकाई का किया निरीक्षण** - व्यय प्रेक्षक द्वारा जिला कार्यालय में बनाये गए मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई तथा व्यय अनुवीक्षण ईकाई का निरीक्षण किया गया। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई पहुंच उन्होंने प्रत्येक प्रत्याशी के सभी सोशल मीडिया एकाउंट तथा टीवी चौनलों के प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए निर्देश दिए।

# कलेक्टर व एसपी ने किया गम्हरी के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एसपी वाय अक्षय कुमार द्वारा अंतर्राज्यीय सीमा पर बसे ग्राम गम्हरी में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान की तैयारियों हेतु निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गम्हरी के 2 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा ग्राम सचिव एवं संबंधित अधिकारियों को मतदान केन्द्र में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए सेक्टर अधिकारियों को केन्द्रों में पेय जल, पंखा, बिजली, दिव्यांगों हेतु रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित करने और मतदान केन्द्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमावर्ती केन्द्र होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ करने हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। बोईरपारा स्थित मतदान केंद्र में कलेक्टर द्वारा निरीक्षण कर अधिकारियों को मतदान पूर्व मतदान दलों के रहने हेतु व्यवस्था पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित सहायक शिक्षक को कलेक्टर ने किया निलंबित

**कोंडागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन अधिकारियों के लिए मतदान कार्य का प्रशिक्षण लगातार मतदान हेतु लगाये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान अधिकारी क्रमांक 3 के रूप में विकासखण्ड बड़ेराजपुर के प्राथमिक शाला गायतापारा के सहायक शिक्षक राजेश कुमार पटेल को नियुक्त किया गया था, परंतु निर्वाचन प्रशिक्षण की सूचना के उपरांत 28 मार्च 2024 को आयोजित मतदान प्रशिक्षण में उक्त कर्मचारी को अनुपस्थित पाये जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा कर्मचारी के स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित रहने को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की नियम 3 (1) (एक) (दो) (तीन) एवं नियम 3 (क) के (अ) (स) के विपरीत पाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-09 में निहित प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# वोट पंडुम के तहत कोड़ेनार में किया गया मतदाताओं को जागरूक




पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर दंतेवाड़ा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार वोट पंडुम के तहत विभिन्न नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को ग्राम पंचायत कोड़ेनार कार्यालय में किरन्दुल आंगनबाड़ी परियोजना द्वारा चुनाव में मतदाताओं को बिना भय के निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ के तहत किशोरी बालिकाओं के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करना और उनके प्रति लोगों की नकारात्मक मानसिकता में बदलाव लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर सुपरवाइज़र शांति मीड़ियाम, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के नर्सरी में एक युवक के पेड़ में शव मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेलमाड़ थाना बलोद निवासी गौतम रावटे (22) वर्ष जो अपने चाचा के घर लगभग दो वर्षों से रहकर मनीष बाजार में कार्य कर रहा था जानकारी के अनुसार, आज सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने भानुप्रतापपुर से लगे वन विभाग की नर्सरी में पेड़ पर एक युवक का लटका हुआ शव देखा। जिसके बाद इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है। वहीं शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सोपा गया युवक ने फांसी किस कारण से लगाई है अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई।

# केशकाल मेला में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कोंडागांव जिला अंतर्गत केशकाल में पारंपरिक वार्षिक मेला के दौरान, जिला-विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप और तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय केशकाल, अंजली सिंह द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों को विधिक साक्षरता और जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव की सचिव अंबा शाह ने मार्गदर्शन और निर्देशन प्रदान किया। साथ ही, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजली सिंह ने भी लोगों को पाम्प्लेट वितरित किए और उन्हें विधिक जागरूकता दी। कैंप में व्यवहार न्यायालय केशकाल के सभी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही, रिटेनर अधिवक्ता मनीषा तिवारी, पीएलवी अनिल कुमार मंडावी, तालुका केशकाल के रंजन बैध और थाना केशकाल के अमृत नरेटी भी उपस्थित रहे। इस कैंप के माध्यम से लोगों को विधिक जागरूकता और साक्षरता के महत्व को समझाया गया।

# बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक ने घोड़ागांव चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक आशुतोष प्रधान ने बुधवार को जिले की सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर घोड़ागांव में लगाये गए स्थैतिक निगरानी दल के चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने चेकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए पंजियों की जांच की। जहां उन्होंने की जा रही कार्यवाहियों में शामिल होकर करायी जा रही वीडियोग्राफी की भी जांच की। उन्होंने सभी आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच करते हुए किसी भी नगद राशि को बिना अनुमति या बिना पर्याप्त दस्तावेजों के परिवहन पर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सभी सामग्रियों के परिवहन पर अंकुश लगाते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया, इस अवसर पर एसडीएम निकिता मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जय सतनाम पंथी पार्टी कोंडागांव को मिला देवदास पंथी साधक सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जय सतनाम पंथी पार्टी को बिलासपुर मस्तूरी में क़लमकार मंच साहित्य द्वारा जय सतनाम पंथी पार्टी को स्व देवदास बंजारे पंथी साधक सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पंथी दल के संचालक विशाल बंजारे ने जय सतनाम पंथी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर सम्मन प्राप्त किए। इससे पहले भी जय सतनाम पंथी पार्टी जिला कोंडागांव ने कई सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। कोंडागांव जिले में पंथी पार्टी के इतिहास सन 1982 से रहा हैं तत्कालीन समय में स्वर्गीय सी सी एल मारकंडे, आरके बंजारे, उदय लाल मारकंडे और अन्य पंथी कलाकारों ने कोंडागांव के इतिहास में पंथी की नींव राखी, कई बड़े मंचों में अपनी प्रस्तुतीकरण किया आकाशवाणी व दूरदर्शन पर भी प्रस्तुतिकरण किये, वर्ष 2011 एवं 2012 में तत्कालीन समय के पंथी संचालक आर के बंजारे पंथी, निर्देशक सानू मारकंडे, संगीत निर्देशक जयकिशन मार्कण्डेय एवं अन्य प्रतिभावान पंथी कलाकार साथियों के माध्यम से राज्य स्तर पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आयोजित गुरु घासीदास लोक महोत्सव जिला दुर्ग में तृतीय स्थान 50000 की सम्मान राशि एवं जिला मुंगेली में आयोजित राज्य स्तर पंथी प्रतियोगिता गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त कर 100000 की सम्मन राशि प्राप्त किये। वर्तमान में प्रतिभावान साथी विशाल बंजारे एवं उनके समस्त कलाकार साथी द्वारा जय सतनाम पंथी पार्टी के कारवां को आगे बढ़ाया जा रहा हैं। बिलासपुर मस्तूरी में क़लमकार मंच द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में स्व देवदास बंजारे पंथी साधक सम्मान की प्राप्ति से सतनामी समाज जिला कोंडागांव गर्वान्वित हुए, सतनामी समाज जिला कोंडागांव की ओर से अध्यक्ष एवं संचालक विशाल बंजारे, ईश्वर, मोहनिस, प्रमोद, दुर्गेश, प्रभात बादल, प्रफुल्ल, आशीष, राहुल, रवि, गोपाल, आकाश, शिवांगी, तुलसी, मारिया, हिना, लक्ष्मी, निर्जला, वर्षा, मासूम, तृषा, पूर्वी, वंदना कोसरे एवं उनके पूरे टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के होली मिलन एवं सम्मान समारोह में शरीक हुए मंत्री व विधायक



पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर जिला मे छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के द्वारा होली मिलन एवं समारोह का आयोजन किया गया। जिनमें बतौर मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ी फिल्म के सुपरहीट हीरो अनुज शर्मा विशेष रूप से शिरकत किये है । रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा नगर में आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह मे बड़ी संख्या में पत्रकार गण, जनप्रतिनिधि शरीक हुए। उक्त समारोह में नगाड़ों के थाप के मध्य होली महोत्सव का आनंद लिया गया । छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन द्वारा आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह को लेकर केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन होली मिलन समारोह में प्रतिभावान लोगों का सम्मान करने के परंपरा का शुरूआत किया है जिसके लिए मिडिया जगत बधाई के पात्र हैं । वहीं छालीवुड अभिनेता एवं विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि होली का पर्व आपसी दुश्मनी को भुलाकर मधुर रिश्ता बनाने का पर्व है । होली का पर्व भाईचारा व प्रेम का प्रतीक है। इस समारोह में छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के गतिविधियों से प्रभावित होकर सिमगा, सुहेला, भाटापारा व रायपुर के पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रति विश्वास जाहिर करते हुए सदस्यता ग्रहण करने का अपेक्षा जताई है । वहीं छत्तीसगढ़ मानवधिकार आयोग के अध्यक्ष ने भी समारोह में शरीक होकर छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के कार्यों का प्रशंसा किया है। होली मिलन समारोह के अवसर पर पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों को शिल्ड व सम्मान पत्र भेंटकर छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन ने सम्मानित किया।

## नियति से कोई भी नहीं जीत सकता

# भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक है : आचार्य नंदकुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com





समीपस्थ ग्राम जोता में चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन भागवत आचार्य श्रद्धेय पंडित नंदकुमार शर्मा, निनवा वाले ने ईश्वर के अवतार पर व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है, तब तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। जिससे असुरों का नाश होता है और अधर्म पर धर्म की विजय। भगवान चारों दिशाओं के कण-कण में विद्यमान हैं। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति है। उन्होंने कहा कि संस्कारों के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं है।इंसान की सुंदरता शरीर से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और वाणी से होती है! इसीलिए व्यक्ति को अपनी वाणी और चरित्र की सुंदरता पर ध्यान देना चाहिए। किसी भी व्यक्ति में बाहरी सुन्दरता के साथ-साथ आन्तरिक सुन्दरता होना भी आवश्यक है।उन्होने कहा कि मनुष्य की सुंदरता का आकलन उनकी वाणी, विचार और स्वभाव से होता है! किसी भी इंसान को महान बनाने में उसकी सोच और विचारधारा अधिक महत्त्वपूर्ण होती है, ना कि उसका शरीर! आचार्य शर्मा ने कहा कि नर हो या नारी सभी अपने सांसारिक चित्र को संवारने में लगे है, चरित्र को संवारने की चिंता किसी को नहीं है! ईश्वर हमारे शरीर की सुंदरता को नहीं देखते, वह तो इंसान की भावना और चरित्र को देखता है! उन्होंने कहा कि सुंदर होना कोई बुरी बात नहीं परंतु शरीर सुंदर होने के साथ-साथ हमें एक अच्छा इंसान भी बनना चाहिए। चरित्र अच्छा हो और सीधा-साधा मन हो तो आप सबको जीत सकते है। हमारे संस्कार हमें अंदर से सुंदर बनाते हैं और इन संस्कारों के बिना तो हमारी ऊपरी सुंदरता किसी काम की नहीं है।इंसान का रंगरूप आज नहीं तो कल उसका साथ छोड़ ही देता है। उम्र के साथ साथ आपके चेहरे की रंगत बदल जाती है। आचार्य ने भगवान राम के जन्म की कथा बतायी और कहा कि आज समाज के लोगों के आचरण में जो मिलावट आई है ऐसे में भगवान राम के आचरण से हमें पवित्रता की सीख लेनी चाहिए. किसी भी मुश्किल परिस्थिति में भगवान राम ने अपना धैर्य नहीं खोया है। उन्होनें हर परेशानी में धैर्य से काम लिया है इसलिए हमें भगवान राम की तरह जीवन की हर मुसीबत में शांति से कार्य करना चाहिए। भगवान श्री राम ने कभी भी नियति को बदलने की कोशिश नही की,जो नियति में लिखा हुआ है हमें वह स्वीकार करना चाहिए क्योंकि नियति से कोई भी नही जीत सकता! भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक है । उन्होंने कहा कि मनुष्य संसार में आकर मायारूपी जाल में फंसकर ईश्वर को भूल जाता है और असत्य के मार्ग पर चलकर बुराइयों में फंस जाता है। जिसका परिणाम उसे भुगतान पड़ता है। जीव को मानव जीवन मुश्किल से मिलता है। मानव जीवन में हर व्यक्ति को सत्य के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। सत्य पर चलने वाले प्राणी को मृत्यु के बाद भी समाज याद करता है, असत्य पर चलने वाले का अंत बुरा होता है। उन्होने कहा परिदृश्य अतीत का हो या वर्तमान का, जनमानस ने राम के आदर्शों को खूब समझा-परखा है राम का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा है। राम सिर्फ एक आदर्श पुत्र ही नहीं, आदर्श पति, भाई और राजा भी थे। जो व्यक्ति संयमित, मर्यादित और संस्कारित जीवन जीता है, निःस्वार्थ भाव से उसी में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों की झलक परिलक्षित हो सकती है। धर्म रक्षा हेतु ईश्वर का अवतार होता है. आगे आचार्य भगवान कृष्ण के जन्म की कथा बतायी! कृष्ण जन्म की कथा मे कथा पंडाल मे बैठे सभी श्रद्धालूगण गदगद और रोमांचित होकर कृष्ण जन्मोत्सव मे झूम उठे कथा के पांचवे दिन केबिनेट मंत्री माननीय टंकराम वर्मा ( खेल, युवा और राजस्व मंत्री छः ग. शासन ) कथा मे शामिल हुए.. साथ मे श्रीराम पंजवानी (भाजपा जिला कोषाध्यक्ष, ) यशवंत वर्मा ( सरपंच ग्राम कुंदरू), सुरेश वर्मा, ( शहर मंडल अध्यक्ष), गिरीश साहू, ( युवा मोर्चा अध्यक्ष), अनीता रमेश ( सरपंच ग्राम जोता), देवेन्द्र वर्मा ( उप सरपंच), संतोष साहू, राधेश्याम वर्मा आदि सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना
(1) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-15-24-25 दिनांक : 27.03.2024
कार्य का नाम- गुड्स शेड तिल्दा-नेओरा (टीएलडी) के विकास का कार्य । निविदा मूल्यः ₹ 6,49,63,384/-, ईएमडीः ₹ 4,74,800/-.
(2) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-16-24-25 दिनांक : 27.03.2024
कार्य का नाम- गुड्स शेड सिल्यारी (एसएलएच) में सुविधायें का कार्य । निविदा मूल्यः ₹ 2,98,00,056/-, ईएमडीः ₹ 2,99,000/-.
(3) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-17-24-25 दिनांक : 27.03.2024
कार्य का नाम- गुड्स शेड डब्ल्यू.जी.सी.आर. (डब्ल्यू.आर.एस. गुड्स शेड कॉम्प्लेक्स) के विकास का कार्य । निविदा मूल्यः ₹ 6,05,29,696/-, ईएमडीः ₹ 4,52,700/-.
निविदा प्रस्तुत करनाः 11.00 बजे तक दिनांक 15.05.2024, निविदा खोलनाः 11.00 बजे दिनांक 15.05.2024.
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय/एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें ।
वरि. मंडल अभियंता-I
द.पू.म.रे., रायपुर
पीआर/आर/इंजी./एएन/02
South East Central Railway @secrail

# राजस्व आपदा प्रबंधन के आदेश पर धनाड्य व्यक्तियों के नाम कितनी भूमि..?

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग छग शासन द्वारा पूर्ववर्ती सरकार के समय एक आदेश जारी कर ऐसे गरीब लोगों को शासकीय भूमियों के पट्टे आबंटित करने का निर्देश जारी किया गया था जिसके तहत धमतरी जिले के अनेक गरीबों को इसका लाभ प्राप्त हुआ। लेकिन इस आदेश का लाभ ऐसे धनाड्य लोगों ने भी लिया है जिसके लिये ऐसा आदेश जारी ही नहीं किया गया था। आज भी फ्री-होल्ड के नाम पर प्रत्येक प्रकरण में राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश का हवाला देकर शासकीय भूमियों को विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर संबंधित विभाग द्वारा नामांतरण किया जा रहा है। जबकि सत्ता परिवर्तन के पश्चात नई सरकार के मुखिया ने एक आदेश जारी कर पूर्ववर्ती सरकार के उक्त समस्त आदेशों को निरस्त कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि पिछले पांच साल में राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के पत्र का हवाला देकर धमतरी जिले के विभिन्न ब्लॉकों में ऐसे व्यक्तियों ने जो शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाये थे उन्हें पूर्ववर्ती सरकार ने उक्त भूमि का एक निर्धारित क्षेत्रफल के तहत पट्टा जारी करने का आदेश दिया था। इस आदेश के तहत धमतरी जिले के सैकड़ों लोगों ने इसका लाभ लिया। इस आदेश का हवाला देकर धमतरी जिले के धनाड्य व्यक्तियों द्वारा भी अपने आसपास की भूमियों को फ्री-होल्ड कराने का कुचक्र चलाया गया और इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा पूरा पूरा सहयोग किया गया। इसके तहत इन्कम टेक्स विभाग में टेक्स पटाने वाले लोगों ने भी इसका भरपूर लाभ उठाते हुए अपने आसपास की भूमि जो नजूल में दर्ज थी, उसे भी अपने नाम पर चढ़ा लिया। और तो और नाम चढ़ाने के बाद उसका विक्रय भी कर दिया। इस मामले में संबंधित विभाग के कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। दुर्भाग्य तो इस बात का है कि जो लोग वास्तव में भूमि में काबिज रहे और गरीब मध्यम श्रेणी के है, वे आज तक अपनी काबिज भूमि पर पट्टा नहीं बना पाये हैं जिसे लेकर वे सरकार को कोसते फिर रहे हैं। बताया जाता है कि नजूल विभाग में धमतरी जिले के अनेक ऐसे अपात्र लोगों ने भी राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग छग शासन के आदेश का हवाला देकर बेशकीमती भूमियों को अपने नाम चढ़ा लिया जबकि यह भूमि नजूल अभिलेख शासकीय भूमि दर्ज थी और अभी भी उक्त आदेश का हवाला देकर अनेक ऐसे लोगों द्वारा नामांतरण कार्यवाही के लिये प्रकरण पेश किया गया है। जिन लोगों के नाम पर पट्टा जारी नहीं हुआ है और उन्हें घुमाया जा रहा है, इस प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए कहा कि राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के बाद कितनी भूमि गरीब, मध्यम श्रेणी के लोगों को आबंटित की गई है और कितने धनाड्य लोगों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है, इसकी यदि पिछले तीन साल के रिकॉर्ड की जांच की जायेगी तो समस्त सत्यता सामने आ जायेगी। कहा जाता है कि जिन लोगों ने भेंट पूजा चढ़ाई उनका काम जल्द से जल्द उक्त कार्यालय के द्वारा कर दिया गया। लेकिन जिन पात्र लोगों ने भेंट पूजा नहीं चढ़ाई उन्हें पेशी दर पेशी देकर अनावश्यक घुमाया जा रहा है। इधर नई सरकार के आते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्ववर्ती सरकार के तमाम आदेशों को रद्द कर दिया है जिससे राजस्व आपदा प्रबंधन का उक्त आदेश शून्य घोषित हो जाता है परंतु आज भी उक्त हवाला देकर यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। धमतरी जिले में यदि इसका भौतिक सत्यापन किया जाता है तो नई सरकार के बनने के चंद महीनों बाद भी इस प्रकार की प्रक्रिया अपनाई जा रही है जबकि सरकार के मुखिया ने जब पूर्ववर्ती सरकार के आदेश को रद्द कर दिया है तो राजस्व आपदा प्रबंधन का वह आदेश भी स्वमेव ही निरस्त माना जायेगा जिसके तहत गरीब भूमिहीन व्यक्तियों को शासकीय भूमि का पट्टा दिये जाने का हवाला दिया जा रहा है। ऐसे अनेक भुगतभोगी आज भी अपनी भूमि को फ्री-होल्ड कराने उक्त कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं जिन्हें शायद नहीं मालूम कि पूर्ववर्ती सरकार के आदेश को वर्तमान शासन द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अब देखना है कि इस प्रकार के नामांतरण कार्यवाही में जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करता है। इस कार्यवाही के साथ साथ पिछले तीन साल की अवधि में नामांतरण किये गये प्रकरणों में कितने गरीब लोगों का प्रकरण निराकृत किया गया, इनकी संख्या एवं धनाड्य व्यक्तियों के नाम पर कितनी भूमि फ्री-होल्ड की गई है, इसका भी संज्ञान लिया जाये।

## प्राथ. शाला में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के प्राथमिक शाला मुधा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शीला विश्वास द्वारा बाल्यावस्था में बच्चों की उचित देखभाल पोषण और उनका सर्वांगीण विकास के संबंध में उपस्थित माताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा इस आयु में बच्चों का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास तीव्र गति से होता है, इसके लिए बच्चों को पर्याप्त अवसर और माहौल मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। माता ही प्रथम गुरु होती है, बच्चों की स्कूल आने से पहले की तैयारी आनंदमय माहौल में खेलकूद के साथ होनी चाहिए। बच्चों के सर्वांगीण विकास का दायित्व पूरे परिवार एवं समाज का होता है। माताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में मुख्य भूमिका निभाती है। माताओं को अपने घर की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देती है।

## शासकीय नवीन प्राथमिक शाला स्टेशन पारा बेलसोंडा में कराया गया न्यौता भोज



पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला स्टेशनपारा बेलसोंडा संकुल केंद्र बेलसोंडा की प्रधान पाठिका ममता चंद्राकर ने अपनी सासु माँ की पुण्यतिथि पर शाला में न्यौता भोज कराया गया, जिसमे केला, बिस्किट, अंगूर परोसा गया। बच्चों ने न्यौता भोज का भरपूर आनंद लिया। यह न्यौता भोज बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त परोसा जाने वाला पूरक पोषण आहार के रूप में दिया जाता है। यह सामुदायिक सहभागिता पर आधारित है। यह विभिन्न त्योहारो या अवसरों जैसे शादी, वर्षगांठ, जन्मदिन पर लोगों को दिया जाने वाला भोजन, भारतीय परंपरा पर आधारित है। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग या अन्य कोई संगठन पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में नमकीन, मिठाई ,अंकुरित अनाज, पुड़ीसब्जी ,चावल, लड्डू के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं।शाला में ऐसे ही कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए शाला प्रबंधन समिति एवं समुदाय से सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठिका ममता चंद्राकर, शिक्षिका जयश्री साहू, योगिता सिन्हा, शिक्षक अनिल चंद्राकर, रसोईया बिमला चंद्राकर, ममता निषाद, सफाई कर्मी नीता देवदास उपस्थित रही।

## युवा मोर्चा जिला योगिराज माखन कश्यप ने प्रचार प्रसार का संभाला कमान



पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जैसे जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है ठीक वैसे वैसे प्रचार प्रसार अपने आयाम पर दिखाई पड़ रहा है इसके मद्देनजर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं भेजीपदर केंद्र प्रभारी ने गांव गांव घर घर पहुंच कर बीजेपी का झंडा लगाने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा और योजना के बारे में बताकर धुंआधार प्रचार प्रसार में जुटे हैं बकायदा ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी बीजेपी में शामिल कराने का सिलसिला शुरू किया है ताकि पहले को तुलना इस बार भी विपक्ष को चारो खाने चित किया जा सके। इस बीच युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगिराज माखन कश्यप कांडेकेला धुर्वापथरा अनासर सहित अन्य गांव का भ्रमण करते 100 से अधिक घरों में झंडा लगाकर कमल के बटन को दबाने के लिए कहा जा रहा है ताकि प्रदेश भर के लोकसभा सीट मे से महासमुंद लोकसभा सीट पर बीजेपी के पक्ष में ज्यादातर वोट डलवाकर रिकॉर्ड मतों से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को जिताया जा सके। इस बीच युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगिराज माखन कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब किसान मजदूर सहित तमाम वर्ग लोगो के लिए काम किया है। और जिस बीते 2 लोकसभा चुनाव में देश के लोगो का आशीर्वाद मिला ठीक उसी तरह वर्तमान लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा और ऐसे समर्थन दिलाने के लिए बीजेपी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता ने कमर कस लिया है, जिसका परिणाम भी आने वाले रिजल्ट पर देखने को मिलेगा। क्योंकि मोदी सरकार मे ही क्षेत्रवासियों को नेशनल हाईवे 132 केवी विद्युत सब स्टेशन सहित बड़े बड़े काम हुआ है और इससे पूरे लोग वाकिफहै इसी तरह प्रदेश में भी मोदी गारंटी को पूरा किया गया है। चाहे वो 31 सौ रूपे में धान खरीदने की बात हो या फिर महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रोत्साहन राशि देने की हो मतलब प्रदेश की जनता ने भी मोदी के गारंटी को करीब से देखा है तभी ऐसे तमाम योजना से लाभार्थी कमल को चुनने के लिए बेकरार है। शायद यही वजह है कि इस बार भर-भर कर बीजेपी को समर्थन देने का मन गांव-गांव के ग्रामीणों ने बना लिया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर खरोरा के पार्षदों को मिली बड़ी जिम्मेदारी



पायनियर संवाददाता खरोरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने व 400 पार के नारा के साथ में लोकसभा रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है पार्षद तोरण ठाकुर को खरोरा भाजपा मंडल ने नगर खरोरा में बड़ी जिम्मेदारी प्रदान की नगर खरोरा में पिछले विधानसभा चुनाव में मिली जीत को लक्ष्य को और बड़ा करने का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। तोरण ठाकुर के साथ बड़ी जिम्मेदारी में पूर्णेन्द्र उपाध्याय राहुल मरकाम, साथ में प्रदीप वर्मा कमलेश बघेल को अलग से रणनीति तैयार करने के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं में कड़ी मेहनत और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से तथा छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद लाभार्थी के घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं और उनकी विश्वसनीयता तथा प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी चर्चा कर अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की रणनीति तैयार की गई है। रणनीतिकार नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि रायपुर लोकसभा प्रत्याशी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल विधायक अनुज शर्मा तथा वरिष्ठों से मार्गदर्शन लेकर खरोरा नगर के हर बूथ के साथ हर वार्ड और हर गली हर मोहल्ले को भाजपा के पक्ष में मजबूत करने रणनीति तैयार करने तथा नगर खरोरा के हर वार्ड में भाजपा के पक्ष में 400 पार मतदान कराने का लक्ष्य की रणनीति तय की गई है। रणनीति तैयार करने में मुख्य रूप से रूप से भाजपा खरोरा मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर राजीव अग्रवाल महामंत्री दुलेश साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष रोशन चंद्राकर पुनाराम वर्मा रमेश बघेल दुष्यंत साहू सुनील नायक विकास ठाकुर योगेश चंद्राकर जितेंद्र वर्मा दीपक धनकर परस नायक पार्षद रश्मि वर्मा पार्षद कांति भूपेंद्र सेन पार्षद पंचराम यादव ने मिलकर हर वार्ड 400 पार का नारा दिया।

## राजीव लोचन फाउंडेशन का रंग पंचमी महोत्सव हास्य व्यंग्य तथा फूलों की होली के साथ संपन्न हुआ



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राजीव लोचन फाउंडेशन ने कोटा स्थित कृष्णा सदन में रंग पंचमी को हास्य व्यंग्य, गीत- गजल तथा फूलों की होली के साथ मनाया। अध्यक्षता शिक्षाविद् नरेंद्र मिश्रा ने की। भगवान राजीव लोचन की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपस्थित पदाधिकारियो को हर्बल गुलाल, टोपी तथा उपाधि वितरण के साथ स्वागत किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने हास्य व्यंग्य के साथ स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। महासचिव संजय मिश्रा तथा अतुल मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। पदाधिकारियो को रवि प्रकाश शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, विनोद मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, अरुण मिश्रा तथा अरविंद मिश्रा ने तुकबंदी के साथ उपाधि वितरण प्रस्तुत किया, जिससे माहौल में हंसी मजाक का अच्छा खासा वातावरण बन गया। अनूप मिश्रा, आलोक मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, अजय मिश्रा, विवेक मिश्रा, मुकेश मिश्रा, आशीष मिश्रा तथा सुमित मिश्रा ने उपस्थित जनों को टोपी पहनाकर हर्बल गुलाल के साथ स्वागत किया। अंत में फूलों की होली के साथ फाग गीत की धुन में थिरकते पदाधिकारियो ने अच्छा खासा एंजॉय किया तथा अपने-अपने तरीके से हास परिहास के गीत, कविता व संस्मरण प्रस्तुत किया।

## सभी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान रहती है : आचार्य झम्मन शास्त्री

### श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह ग्राम डोटोपार में चतुर्वेदी परिवार द्वारा आयोजित





पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ ग्राम डोटोपार जिला बालोद छत्तीसगढ में चतुर्वेदी परिवार द्वारा मे आयोजित। यह दिव्य भागवत कथा में व्यास स्वरूप व्याख्यान दिवाकर आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज के द्वारा प्रथम दिवस की कथा में आचार्य ने बताया कि ज्ञान यज्ञ का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म नहीं बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है भगवान को पाने की इच्छा हो तो परीक्षित और सुखदेव का संवाद ही सुन ले तो जीवन धन्य हो जाएगा अकाल मृत्यु से बचाने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें श्रीमद् भागवत कथा के द्वारा महाराजा ने कहा कि प्रभु के लीला के बगैर ना कोई जन्म ले सकता है ना किसी की मृत्यु हो सकती है सभी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान रहती है आकृतार्थ जीवात्मा को पुनर्जन्म लेना पड़ता है इसलिए 24 घंटे में काम से कम सवा घंटा प्रभु की स्तुति भजन कीर्तन के माध्यम से करना चाहिए। जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पन है न कि केवल धन वैभव और जीवकोपार्जन में लगे रहना महाराज ने कहा कि पार्टी और सरकार परोपकार के लिए है न की स्वहित के लिए।

## 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

### भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

## योगभवन में स्वामी गुरुशरणानंद महराज ने योगभ्यास कराया




पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

गत दिवस दिब्य जीवन संघ आश्रम से बरमपुर (उड़ीसा) दिब्य जीवन संघ योगभवन में स्वामी गुरुशरणानंद जी महराज ने सुबह योगभ्यास कराया एवं शाम 7 बजे से सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें स्वामी जी द्वारा सतसंग में गुरु की भक्ति और शक्ती के बारे में विस्तार से बताया गया, कहा कि योग से लोग निरोग हो सकते हैं योग सांसों के साथ सहीं ढंग से करने से फायदा मिलेगा। आज की भागमभाग जिंदगी में योग से ही जीवन शैली में सुधार किया जा सकता हैं इसलिए योग के साथ योग ध्यान योग निद्रा का विशेष महत्व हैं शहर के लोगों के लिए प्रतिदिन योग निशुल्क होता हैं उसका लाभ सभी लोगों को लेना चाहिए। साथ ही पादुका पूजन के लाभ के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही पादुका पूजन कराया गया। इस अवसर पर दिव्य जीवन संघ के दौलत चन्द्राकर तारेंद्र चन्द्राकर लक्ष्मीनाथ चन्द्राकर चोइथराम राजपाल, परमानंद बजाज गौतम सिन्हा देवेंद्र चन्द्राकर उपस्थित थे।

## मनरेगा श्रमिकों को मिलेंगे प्रति दिवस 243.00 रूपये की मजदूरी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 01 अप्रैल 2024 से भारत सरकार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (2005 का 42) की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय की अधिसूचना सं.का, आ, 463(अ) तारीख 26 फरवरी 2013, के तहत संशोधन की गई है। तत्संबंध में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में मनरेगा के अकुशल श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से नयी मजदूरी दर 243.00 रूपये प्रति दिवस निर्धारित किया गया है। वर्ष 2023-24 में मजदूरी दर 221.00 रूपये प्रति दिवस था, वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढ़कर श्रमिकों की मजदूरी दर 243.00 रूपये प्रति दिवस हो गया। वर्तमान में प्रत्येक दिवस पर कार्य करने वाले महिला व पुरूष श्रमिकों को समान रूप से मजदूरी के रूप में 243.00 रूपये मिलेंगे। इस तरह से 22.00 रूपये की वृद्धि हुई है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अब जो भी कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जायेगा उसकी तकनीकी प्राक्कलन अब बढ़ी हुई नयी मजदूरी दर 243.00 रूपये के हिसाब से बनेंगे।आगे उन्होंने यह भी बताया कि-महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना प्रारंभ से लेकर अब तक दैनिक मजदूरी दर इस प्रकार रही है। वर्ष 01 दिसम्बर 2006 से 62.63 रूपये, 01 मई 2007 से 66.70 रूपये, 01 नवम्बर 2007 से 69.00 रूपये, 01 अप्रैल 2008 से 72.23 रूपये, 01 अक्टूबर 2008 से 75.00 रूपये, 01 नवम्बर 2009 से 83.73 रूपये, 04 जनवरी 2010 से 100.00 रूपये, 01 जनवरी 2011 से 122.00 रूपये, 01 जनवरी 2012 से 132.00 रूपये, 01 अप्रैल 2013 से 146.00 रूपये, 01 अप्रैल 2014 से 157.00 रूपये, 01 अप्रैल 2015 से 159 रूपये, 01 अप्रैल 2016 से 167.00 रूपये, 01 अप्रैल 2017 से 172.00 रूपये, 01 अप्रैल 2018 से 174.00 रूपये, 01 अप्रैल 2019 से 176.00 रूपये, 01 अप्रैल 2020 से 190.00 रूपये, 01 अप्रैल 2021 से 193.00 रूपये, 01 अप्रैल 2022 से 204.00 रूपये, 01 अप्रैल 2023 से 221.00 रूपये, 01 अप्रैल 2024 से 243.00 रूपये है। इस आशय की जानकारी संबंधित पंचायत एवं निर्माण एजेंसियों को व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु नोटिस बोर्ड या मुनादी के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# रूगटा डेन्टल कॉलेज में उपस्थित 400 छात्र छात्राओं को उप पुलिस अधीक्षक सतीष ठाकुर ने दिया यातायात नियम संबंधी प्रशिक्षण

## दो पहिया वाहन में हेलमेट क्यो आवश्यक है इस संबंध में वीडियों क्लीप दिखाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे यातायात जागरूकता कार्यक्रम में सतीष ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के द्वारा रूगंटा डेन्टल कॉलेज के आडोटोरियम में उपस्थित 400 छात्र/छात्राओ एवं शिक्षकगणों को यातायात नियमो की विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें सर्वप्रथम यातायात के प्रमुख घटक 04-ई के बारे में बताया गया 01-ई रोड इंनजीनियरिंग 02-ई एजुकेशन इसके अंतर्गत पैदल चलने के नियम, रोड मार्किंग, रोड साईन बोर्ड एवं वाहन चलाने के नियम 03-ई इन्फोसमेन्ट इसके अंतर्गत पुलिस द्वारा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालको के उपर कार्यवाही करना 04-ई इंमरजेन्सी केयर इसके अंतर्गत सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उपचार किया जाना आता है। साथ ही साथ सडक में घायल व्यक्ति की मदद करने के लिए शासन द्वारा जारी किये गये गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ कॉलेज छात्र/छात्राओं से अपील की गई की वे जो जानकारी आज उन्हे प्राप्त हुई है उसे अपने परिजन, रिस्तेदार एवं मित्रगण से साझा कर यातायात नियमो का पालन करने हेतु प्रेरित किया जाये, छात्र जीवन एक अनुशासन मे रहकर जीवन व्यतीत करता है उसी प्रकार सड़क मे भी एक अनुशासित वाहन चालक सड़क दुर्घटनाओं से बच सकता है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा कहा गया की हमारा लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़क दुर्घटनाओं मे होने वाली मौत को रोकना है जिसके लिए एक वाहन चालक को यातायात नियमों के प्रति जागरूक होना अति-आवश्यक है वैसे ही नाबालिक को बिना लायसेंस वाहन चालन नही करना चाहिए। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रिती अग्रवाल जैन, डीन डॉ प्रिती नवीन यादव एवं शिक्षकगण तथा यातायात पुलिस विभाग से सउनि राजमणी सिंह आरक्षक तिलक साहू, खिलावन मारकांडे उपस्थित रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने ली बैठक

- उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर में लंबित प्रकरणों में जवाबदावा समय पर पेश करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रें रामगोपाल गर्ग के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेंज स्तरीय मीटिंग ली गई। मीटिंग में जिला दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। मीटिंग का प्रमुख उद्देश्य माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर के द्वारा जारी किए गए पत्राचार, वारंट अथवा जवाबदावा पर आवश्यक कार्यवाही समय सीमा पर किया जाना था। जवाबदावा पेश करने के लिए जिन अफसरों को अधिकृत किया गया है, उनको गंभीरता के साथ तय समय में जवाब पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। गर्ग के द्वारा इस बात को लेकर नाराजगी जताई गई है कि तय समय में जवाब पेश नहीं होने पर अवमानना की स्थिति निर्मित होती है, यदि ऐसे प्रकरण संज्ञान में आए तो संबंधित पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाएगी। माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर से जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं साथ ही चेतावनी दी है कि जवाब दावा बनवाने में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। न्यायालय के प्रकरण के संबंध में अघतन स्थिति हेतु ऑनलाइन के माध्यम से जानकारी लेकर निर्देशों का पालन कर विलंब न करने, माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त वारंटों की तामिली प्राथमिकता के आधार पर करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथी ही जिलों में पाक्षिक आधार पर इन प्रकरणों की जानकारी इकट्ठा करने और मीटिंग लेने की बात भी कहीं। उपरोक्त मीटिंग में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक बालोद एस आर भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग अभिषेक झा, उप पुलिस अधीक्षक पनिक राम कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक शिल्पा साहू स्टेनो श्रीनिवास राव, स.उ.नि हेमंत त्रिपाठी, प्र.आर. अभिषेक जॉन, पीआरओ प्रशान्त शुक्ला उपस्थित रहे।

# गर्मी के पूर्व तालाबों को संरक्षित करने होगी विशेष पहल 'आयुक्त डी.एस. राजपूतसी

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत द्वारा भिलाई-03 के वार्ड क्रमांक-14 स्थित टप्पा तालाब का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा को साफ सफाई पर विशेष ध्यान निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में ग्रामीण तथा शहरी दोनो ही परिवेश समाहित है। ऐसे में सोमनी वार्ड-38, मोरिद वार्ड-39, गनियारी वार्ड-40, सिरसाकला वार्ड-36, सिरसा भाठा वार्ड-37, देवबलोदा वार्ड-31,32,33 के साथ हथखोज बस्ती वार्ड-02, अकलोरडीह वार्ड-03, जरवाय वार्ड-04, दादर वार्ड-05 तथा उमदा वार्ड-06 जैसे ग्रामीण वार्डो में 2 या 3 तालाब प्रत्येक वार्ड में पूर्व से स्थापित है। इसके साथ ही भिलाई-03 शहरी क्षेत्र के भी कई वार्डो में छोटे और बडे तालाब पूर्व से विद्यमान है, जिनमें वर्षा का जल संग्रहित होता है। निगम प्रशासन द्वारा तालाबों के संरक्षण और सफाई सहित सौंदर्यीकरण हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। निगम स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी देते हुए स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा ने बताया कि निगम कमिश्नर राजपूत से प्राप्त निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन तालाबों की सफाई का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जायेगा।

# रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत से हितग्राही परेशान, गैस एजेंसी का लगा रहे चक्कर

## स्टांक की कमी के चलते गैस एजेंसी बेबस

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




रसोई गैस सिलेंडर स्टांक की कमी के चलते हितग्राही खासा परेशान नजर आ रहे हैं, वे गैस, एजेंसी के चक्कर काटने को मजबूर हैं। संबंधित विभाग भी इस मामले पर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं?। जिसके चलते हितग्राहियों के अलावा गैस एजेंसी भी बेबस नजर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के राजधानी जिला रायपुर के तिल्दा-नेवरा में संचालित भारत गैस एजेंसी, गैस सिलेंडर की स्टांक की कमी से जुझ रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों को गैस सिलेंडर आबंटन करने से आपूर्ति प्रभावित हुआ था। हितग्राहीयो को समय पर गैस सिलेंडर की डीलवरी नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते हितग्राही गैस एजेंसी के चक्कर काटने को मजबुर है। इस मामले पर गैस एजेंसी के संचालक का कहना है कि जहां तक हो सके हम हितग्राहियों को समय पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने का प्रयास करते हैं लेकिन स्टांक की कमी होने से हमें भी हाथ खड़ा करने को विवश होना पड़ रहा है। जानकारी में आया है कि उज्जवला योजना के हितग्राहियों को आपूर्ति के चलते स्टांक में कमी देखी जा रही थी, लेकिन अब वही दोबारा ट्रांसपोर्टींग की समस्या के चलते स्टांक की कमी की समस्या देखी जा रही है। इस परिस्थिति में गैस एजेंसी तो लाचार नजर आ रहे हैं, वही हितग्राही भी एजेंसी के चक्कर काटने को मजबुर है, आखिरकार सवाल यह उठता है कि समय पर एजेंसी को गैस सिलेंडर मुहैया कराने की जवाबदेही विभाग इस मामले पर मौन क्यों नजर आ रहा है? क्या इस मामले पर गंभीरता बरतना संबंधित विभाग की कर्तव्य नहीं बनता, यह सवाल संबंधित विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

# पोस्टल बैलेट ईडीसी की मार्किंग हेतु लगायी गई अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता सूची की चिन्हित प्रति (पोस्टल बैलेट ईडीसी की मार्किंग) तैयार करने हेतु विधानसभावार नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर दल में अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। आदेशानुसार उक्त अधिकारी-कर्मचारी, नोडल अधिकारी डाकमत्र दशरथ राजपूत आयुक्त नगर निगम चरौदा तथा नोडल अधिकारी चिन्हित प्रति हरवंश सिंह मिरी संयुक्त कलेक्टर के मार्गदर्शन में कार्य संपादन करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन हेतु नोडल अधिकारी मीना साहू अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के नेतृत्व में प्रभारी अधिकारी कृष्णदास बांधे राजस्व निरीक्षक के साथ पटवारी राजेन्द्र श्रीवास्तव, पुरूषोत्तम यादव, मनोज नायक। प्रभारी अधिकारी ई. राकेश राजस्व निरीक्षक के साथ पटवारी सुशांत ठाकुर, तुलाराम साहू, राजेन्द्र वैष्णव, टेकराम साहू। प्रभारी अधिकारी नीलकंठ वर्मा के साथ पटवारी केदारनाथ साहू, चिन्मय, शत्रुहन मिश्रा, राजेन्द्र देवांगन। प्रभारी अधिकारी मनोज कुमार मेहता राजस्व निरीक्षक के साथ पटवारी शंकर लाल टंडन, मनोज भारती, नवीन मिश्रा, सुभाष कुमार साव और रिजर्व में प्रभारी अधिकारी संतोष राय के साथ प्रदीप तिवारी, पी जयालक्ष्मी को ड्यूटी लगायी गई है। विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण हेतु नोडल अधिकारी चन्द्रशेखर चन्द्राकर नायब तहसीलदार दुर्ग के नेतृत्व में प्रभारी अधिकारी पी. रत्ना शर्मा राजस्व निरीक्षक के साथ पटवारी डामन सिंह वर्मा, रविन्द्र कुमार, हरप्रसाद साहू, निलेश साहू। प्रभारी अधिकारी सोमा चौधरी के साथ पटवारी चन्द्रमोहन यादव, सूर्यकान्त निषाद, यामिनी साव, शिल्पा यादव।

# मृतक के परिजनों को मिली 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंप- 2 बैकुण्ठ नगर भिलाई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी धरमनाथ महतो की विगत 16 मई 2021 को आग में जलने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग निवासी ममता पटेल की विगत 11 जून 2020 को आग में जलने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. धरमनाथ महतो की पत्नि सुनैना देवी को 4 लाख रूपये एवं स्व. ममता पटेल की पति रवेन्द्र कुमार पटेल को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन नि:शुल्क परिवहन की सुविधा

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उसके आवास स्थल तक निःशुल्क वाहन व्यवस्था रहेगी। उक्त वाहन को मतदाता रथ का नाम दिया जाएगा। इस पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर चस्पा रहेगा। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिये जाने वाली निःशुल्क वाहन व्यवस्था हेतु उप संचालक समाज कल्याण विभाग प्रभारी अधिकारी होंगे।

# आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पक्षियों के लिए निगम कार्यालय के छत पर मिट्टी के सकोरों में पक्षियों के लिए रखें दाना-पानी

- आयुक्त ने की अपील घर की बालकनी और आंगन में पक्षियों के लिए रखें पात्र में पानी

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम कार्यालय की छत पर पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम किया गया है। इस मौके पर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि पक्षी हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते है। बेजुबान पक्षियों की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य बनता है। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य होता है। इस मौके पर निगम आयुक्त ने कहा कि पक्षी हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते है। बेजुबान पक्षियों की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य बनता है।आयुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य होता है। गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी नहीं मिलता तो उनका जीना दूभर हो जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य तो पानी की व्यवस्था कर लेता है, परंतु बेजुबान पक्षी अपनी इच्छाओं को व्यक्त नहीं कर पाते। मानवता के नाते हमें पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए। नगर निगम में हमेशा से परंपरा रही है कि हर साल की तरह इस साल भी पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई है। इस दौरान निगम का उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, लेखधिकारी रमाकांत शर्मा, अनिल सिंह, संजय मिश्रा, शुभम गोइर, सहित आदि अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पक्षियों के लिए निगम कार्यालय के छत पर मिट्टी के सकोरों में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखे। उन्होंने अपील कर कहा कि जागरूक लोग इनकी मदद के लिये आगे आएं।हर साल गर्मी के मौसम में न जाने कितने पक्षी प्यास और तापघात का शिकार होकर अपनी जान गवां देते है। उन्होंने कहा यदि एक छोटी-सी कोशिश करें, थोड़ी सी मानवता दिखाएं और अपने घर, आफिस में आने वाले पक्षियों के लिए पानी और आश्रय का प्रबन्ध करें, तो गर्मी के कारण होने वाली पक्षियों की मौत में काफ़ी कमी आ सकती है। गर्मी की शुरूआत में ही पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था की एक छोटा सा प्रयास इन पशु पक्षियों को जीवन दान दे सकती है।

# शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जंजगीरा में नेवता भोज कराया

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में जंजगीरा में जागरूक पालक बसंत कुमार लसेल के पिता ऊदल लसेल एवं महेश्वरी लसेल द्वारा शाला के 170 विद्याथियों को नेवता भोज कराया गया । नेवता भोज में सभी बच्चों को केला और अंगुर का फल खिलाया गया। मध्याह्न भोजन के साथ पौष्टिक फल बच्चों के सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद आहार है। बसंत कुमार लसेल द्वारा नेवता भोज देने पर शाला परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उदल लसेल को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नेवता भोज के कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला जंजगीरा के प्रधान पाठक रतिराम मिर्चे, गोपाल प्रसाद वर्मा, बसंत कुमार साहू, प्रिती बंजारे, मिथिलेश साहू, प्राथमिक शाला जंजगीरा के प्रधान पाठक सीमा वर्मा, अशोक कुमार चेलक, कु. उर्वशी नवरंगे, कु. वंदना साहू सहित महिला स्वसहायता समूह से यशोदा चतुर्वेदी, अनार बाई, राजो बाई, लक्ष्मी वर्मा, अमृत बाई साहू सम्मिलित रहीं। ग्राम जंजगीरा के सरपंच प्रतिनिधि गैंदलाल नायक, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

# दुर्ग रेंज में कुल 572 स्थाई वारंट का किया गया तामिल-निराकरण

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा रेंज में चलाए जा रहे अभियान -ऑपरेशन ईगल के तहत वर्षों से लुक छिप कर रह रहे वारंटियों पर नकेल कसते हुए आधुनिक तकनीकियों का उपयोग एवम लगातार सुपरवीजन से आरोपियों की धरपकड़ की गई, उन्होंने विभिन्न प्रकार के वारंटों का वर्गीकरण करके साइंटिफिक्र तरीके से उनका विश्लेषण किया साथ ही जिलों को टारगेट बेस्ड एप्रोच के जरिए मॉडर्न तकनीक अपनाते हुए वारंट तामील करने के लिए निर्देशित किया। जिला बालोद, बेमेतरा, दुर्ग के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की देख रेख मे जिला मुख्यालय एवं प्रत्येक थाना स्तर पर थाना प्रभारियो को अपने अपने क्षेत्र में लंबित स्थाई वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाकर शीघ्र धरपकड़ कर माननीय न्यायालय मे पेश करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में दुर्ग रेंज के जिला दुर्ग पुलिस द्वारा अभियान ईगल के तहत वारंटियों की धर पकड़ की गई, 01/03/2024 से 31/03/2024 तक की स्तिथि मे दुर्ग जिले के समस्त थानों से कुल 356 स्थाई वारंटों की तामिल/निराकरण किया गया है। इसी क्रम में जिला बेमेतरा पुलिस द्वारा अभियान ईगल के तहत वारंटियों की धर पकड़ की गई, दिनांक 01/03/2024 से 31/03/2024 तक की स्तिथि मे अब तक जिले के समस्त थानों से कुल 55 स्थाई वारंटो की तामिल/ निराकरण किया गया है। इसी क्रम में रेंज के जिला बालोद पुलिस द्वारा अभियान ईगल के तहत वारंटियों की धर पकड़ की गई, 01.03.2024 से 31.03.2024 तक की स्तिथि मे जिले के समस्त थानों से कुल 161 स्थाई वारेंटो की तामिल/निराकरण किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि दुर्ग रेंज में वारंट तामिली मे सर्वाधिक 204 वारंट धारा 138 (एन आई एक्ट) में की तामिली एवं 96 स्थाई वारंट मारपीट से संबंधित धारा के तहत तामिल किये गए हैं। इसके साथ ही चोरी /नकबजन के 62 वारंटो की तामिली में दुर्ग रेंज पुलिस को सफलता मिली है। वारंटियों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान में दीगर राज्य जिसमें मध्य प्रदेश, उड़ीसा, तमिलनाडु, पंजाब, पश्चिमबंगाल, बिहार, महाराष्ट्र आदि राज्यों के वारंटों को माननीय न्यायालय में पेश करने में सफलता मिली है।


**यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ("यूवीएआरसीएल")**
**कॉर्पोरेट कार्यालयः 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110 019**

**बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण व सुरक्षा हित अधिनियम के क्रियान्वयन अधिनियम, 2002, जिसे सुरक्षा हित (क्रियान्वयन) नियम 2002 के नियम 6, 7, 8 एवं 9 के अनुसार यह बिक्री सूचना सार्वजनिक की जाती है। निम्नलिखित सम्पत्ति का कब्जा लेने के बाद यूवी एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, (यूवीएआरसीएल), एक एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी जो कि भारतीय रिजर्व बैंक से सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत पंजीकृत, ने अपने सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए निम्नलिखित उधारकर्ता के साथ नीचे विस्तारित जमानतदार की सम्पति बेचने के लिए अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्णय लिया गया। **"जो है जैसा है, जहां है वहां है व जैसा है वैसा है"** के आधार पर अधोहस्ताक्षरी इच्छुक क्रेताओं व बोली लगाने वालों से निम्न वर्णित सम्पतियों के खरीद के लिए बन्द लिफाफे में आवेदन आमन्त्रित की जाती है।

| खाता/कर्जदार/बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना के अनुसार दावा राशि | सम्पत्ति/यों का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (10%) | कब्जे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| उधारकर्ता – **मैसर्स बीएसआर डायग्नोस्टिक लिमिटेड** (पंजीकृत कार्यालयः 15, वाणिज्यिक परिसर, नेहरू नगर (एफ), भिलाई, जिला दुर्ग (सीजी) पिन–462020) और इसके 'गारंटर' | **रु. 66,67,45,675/– (रु. छियासठ करोड सडसठ लाख पैतालीस हजार छः सौ पचहत्तर केवल) दिनांक 30.04.2017 तक और दिनांक 01.05.2017 से उक्त राशि पर संविदात्मक दरों से आगे का ब्याज, आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि, बाद का क्रेडिट घटकार यदि कोई हो** | 1. परिवर्तित रिहायशी प्लॉट नं. 15, टाईप ए-1, खसरा नं. 7/35 का हिस्सा, वीआईपी सिटी, कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड, वार्ड नं. 26, मौजा सड्डू, रायपुर (सी जी) साथ ही उस पर निर्माण भी, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 2400 वर्ग. फुट. (40'X60'), प्लिंथ क्षेत्रफल 1006 वर्ग फीट, चौहद्दीः पूरब में - रोड, पश्चिम में - प्लॉट नं. एफ-2, उत्तर में - प्लॉट नं. ई-3, दक्षिण में - प्लॉट नं. ई-1 | **रु. 78,00,000/-** / **रु. 7,80,000/-** | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |
| | | 2. परिवर्तित रिहायशी-सह-वाणिज्यिक प्लॉट नं. 15, मोती लाल नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, कोसा नगर वार्ड, वार्ड क्रमांक-2, तहसील एवं जिला दुर्ग (सी.जी.) साथ ही उस पर निर्माण, यह सम्पत्ति डॉ. मनमोहन कुमार खंडूजा पुत्र डी.पी खंडूजा के नाम पर है। भूमि क्षेत्रफल 93.75 वर्ग. मी., चौहद्दीः पूरब में - प्लॉट नं. 16. पश्चिम में - खुली भूमि, उत्तर में - रोड़, दक्षिण में - रोड़ | **रु. 1,10,00,000/-** / **रु. 11,00,000/-** | दिनांक 12.02.2024 को भौतिक कब्जा लिया गया |

**संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि और समयः 15.04.2024 से 19.04.2024 को प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच**
**प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि और स्थानः यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर 22.04.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक**
**निविदाएं खोलने की तिथि और स्थानः कॉर्पोरेट कार्यालय अर्थात यूवी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, 1304, चिरंजीव टॉवर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर 22.04.2024 को शाम 04.00 बजे तक**

**नियम व शर्ते**
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्ते सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.uvarcl.com पर उपलब्ध हैं।
किसी भी प्रश्न के लिए आप कृपया प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक के बीच 9319164656, 9477305326 पर संपर्क कर सकते है या resolutionteam@uvarcl.com, uvarcl@gmail.com पर लिखें।
*यह उक्त वर्णित सम्पति के ऋणी/गारंटर को भी अधिसूचना है कि उनका बताये गये ऋण के पूरा भुगतान न होने की स्थिति मे उक्त वर्णित सम्पति की नीलामी हो रही है।*

दिनांकः **04-04-2024,**
स्थानः रायपुर

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी,
(यूवी एसेट रिकन्सट्रशन कंपनी लिमिटेड)

संपादकीय

# चुनाव बांड योजना विवाद जारी

**चुनाव बांड योजना** को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के बावजूद इस पर विवाद अभी जारी है। विपक्ष चुनाव बांड प्रयोग को 'भाजपा द्वारा पैसे की वसूली' बता रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर दे कर कहा है कि इस योजना ने राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित की थी। 2018 में शुरू होने के बाद से ही यह योजना विभिन्न क्षेत्रों से आलोचना का शिकार हुई थी। विपक्षी दलों ने यह कह कर चुनाव बांड योजना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था कि यह बड़े कार्पोरेट दानदाताओं को 'गोपनीयता' प्रदान करती है जो जनता में खुलासा किए बिना अपनी मनपसंद पार्टियों को पैसा दे सकते हैं। उनका तर्क है कि पारदर्शिता की कमी लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है क्योंकि यह राजनीति पर पैसे के बेलगाम प्रभाव की अनुमति देता है। विपक्ष का आरोप है कि इस योजना से दूसरे राजनीतिक दलों की तुलना में सत्तारूढ़ भाजपा को ज्यादा लाभ हुआ है। भले ही भाजपा को चुनाव बांडों से ज्यादा धन मिला हो, लेकिन राज्यों में सत्तारूढ़ लगभग सभी दलों को भी इसका लाभ मिला है। इसलिए 'चुनाव बांड योजना' को केवल भाजपा को लाभान्वित करने वाली योजना बताना उचित नहीं होगा। विपक्ष ने यहां तक आरोप लगाए हैं कि भाजपा ने कुछ दानदाताओं को प्रवर्तन निदेशालय-ईडी के शिकंजे से मुक्त करने का काम किया, लेकिन इसके स्पष्ट व असंदिग्ध प्रमाण नहीं हैं।

चुनाव बांड योजना पर काफी समय से विपक्ष के हमलों और आलोचनाओं के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका जवाब दिया। एक तमिल चैनल से बात करते हुए मोदी ने कहा कि इस प्रक्रिया से पहले की तुलना में राजनीतिक फंडिंग ज्यादा पारदर्शी हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि पहले राजनीतिक दान नकद लिए जाते थे जिन्होंने भ्रष्टाचार और काले धन का रास्ता खोल दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव बांड योजना ने पैसे के प्रवाह का पता लगाना सुनिश्चित कर दिया जिससे जवाबदेही बढ़ी तथा चुनावों पर अवैध धन का प्रभाव कम हुआ। चुनाव बांड योजना के समर्थकों ने जोर दिया है कि इन्होंने कार्पोरेट और व्यक्तियों को राजनीतिक पार्टियों को योगदान करने का मार्ग खोला था और वे बिना उत्पीड़न या बदले की कार्रवाई के भय से दान दे सकते थे। सरकार का कहना है कि चुनाव बांड योजना से पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिला, जबकि आलोचकों का तर्क है कि यह वे लक्ष्य पूरे नहीं कर पाई जिनका वादा किया गया था। प्रधानमंत्री ने भी अपने साक्षात्कार में कहा है कि यदि योजना में कोई कमियां थीं तो उनको दूर किया जा सकता था, लेकिन 2014 से पहले कोई एजेंसी यह नहीं पता लगा सकती थी कि किस पार्टी को किसने पैसा दिया। 'चुनाव बांड योजना' के पक्ष-विपक्ष में आए तर्कों को देखते हुए सरकार को इसे नए रूप में पेश करना चाहिए और इस पर सभी राजनीतिक दलों की सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए। लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया का पारदर्शी और न्यायोचित होना जरूरी है। इसमें चुनाव लड़ने वाले सभी दलों व व्यक्तियों को समान आधार पर काम करने के अवसर प्रदान करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। चुनाव खर्च की फाइनेंसिंग में विभिन्न कार्पोरेट घरानों व व्यक्तियों का योगदान पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करने के साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि उनको राज्यों या केन्द्र में सत्तारूढ़ दलों से कोई 'अनुचित लाभ' न प्राप्त हो। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक निश्चित समय में सारी जनता को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने तथा गरीबी समाप्त करने का वादा करना चाहिए।

# नकारात्मक चुनाव प्रचार का दौर

भारत और अमेरिका समेत दुनिया के 64 देशों में चुनाव प्रचार का दौर जारी है। लेकिन वर्तमान समय में नकारात्मक राजनीतिक प्रचार और विज्ञापनों का दौर चल रहा है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



इस समय दुनिया के 64 देशों में चुनाव प्रचार का मौसम है। इन देशों में भारत, ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के कई देश शामिल हैं। दुनिया के सभी देशों में राजनीतिक विज्ञापनों का चलन बढ़ता जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में देखें तो एक नई राजनीतिक परिघटना का वर्चस्व स्थापित हो रहा है। राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार अक्सर नकारात्मक विज्ञापन अभियानों का सहारा लेकर स्वयं को दूसरों और अपने प्रमुख राजनीतिक विरोधियों की तुलना में ज्यादा बेहतर प्रदर्शित करने तथा विरोधियों को कमजोर दिखाने के लिए नकारात्मक प्रचार पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। हालांकि, राजनीतिक पार्टियां 1828 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के समय से ही नकारात्मक प्रचार का प्रयोग कर रही हैं, पर अब इसमें तेजी आ गई है।

अमेरिकन राजनीतिक इतिहास पर नजर रखने वाले विश्लेषकों का मानना है कि जॉन क्विंसी आडम्स व एंड्रयू जैक्सन के बीच राष्ट्रपति चुनाव का मुकाबला सर्वाधिक नकारात्मक प्रचार से भरा था। 1964 में लिंडन जान्सन ने अपने विरोधी बैरी गोल्डवाटर को बदनाम करने के लिए उस समय रेडियो विज्ञापनों का सहारा लिया था। इन विज्ञापनों में 'डेज़ी एड' नामक विज्ञापन भी शामिल थे। कुछ समय पहले के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव अभियान तथा राजनीतिक विज्ञापनों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि पहले की तुलना में नकारात्मक चुनाव अभियान तथा अपने विपक्षी को हर तरीके से नीचा दिखाने के प्रयासों में तेजी आई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विरोधी हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ जो विज्ञापन जारी किए उनका उद्देश्य 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी सार्वजनिक छवि खराब करना था। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति के उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप व जो बाइडेन ने नकारात्मक चुनाव अभियान का सहारा लिया था। ट्रंप ने जहां बाइडेन की मानसिक क्षमताओं पर सवाल उठाए थे, वहीं बाइडेन ने ट्रंप द्वारा कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के तरीकों और उनके चरित्र पर सवाल उठाए थे। 2024 के वर्तमान चुनाव अभियान में भी नकारात्मक चुनाव प्रचार का दौर जारी है। अमेरिका की तरह यह प्रवृत्ति ब्रिटेन में भी दिखी। कंजरवेटिव पार्टी ने जर्मी कार्बिन को 2019 के ब्रिटिश आम चुनाव में बड़े सुरक्षा खतरे की तरह पेश किया था। इसी प्रकार 2021 में जर्मन संघीय चुनाव में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने आर्मिन लैश्चेट की उन छवियों का प्रयोग किया था जब वे एक बाढ़-प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते समय हंस रहे थे।

भारत की स्थितियों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय परिदृश्य में उभरने के समय चुनाव अभियानों और विज्ञापनों पर खर्च तथा उनमें तकनीकों के प्रयोग में असाधारण तेजी आई थी। यह प्रवृत्ति बीते वर्षों में और मजबूत हुई है। अब नेताओं को स्वयं को प्रस्तुत करने के लिए, प्रभावी संवाद के लिए तथा प्रभावी भाषण देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यहां तक कि चकाचौंध से यथासंभव दूरी बनाए रखने वाली बसपा सुपीमो मायावती को भी सलाह दी गई थी कि वे चुनाव प्रचार के समय क्या पहनें और क्या नहीं। क्षेत्रीय नेताओं ने भी चुनाव अभियान चलाने के लिए विदेशी एजेंसियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जीन्स पहनना और चश्मा लगाना शुरू किया है। पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता स्वर्गीय राजीव गांधी को 1989 में नकारात्मक चुनाव प्रचार के कारण हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उनके राजनीतिक विरोधी नारा लगाते थे, 'गली गली में शोर है, राजीव गांधी चोर है।' इन नारों का संकेत कथित बोफोर्स तोप घोटाले की ओर था जिसके कारण उनको हार का सामना करना पड़ा था। वर्तमान समय में उम्मीदवार 'हिट फर्स्ट, हिट हार्ड एंड कीप हिटिंग' का दृष्टिकोण अपनाते हैं जिसका अर्थ विपक्षी पर व्यक्ति हमले करना तथा जनता में उसके जीतने पर भय की भावना पैदा करना शामिल है।

सत्ता में दस साल रहने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भी कांग्रेस को देश की समस्याओं का जिम्मेदार ठहराना जारी रखे हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की है, पर अनेक राजनीतिक पार्टियां तथा उम्मीदवार निर्धारित सीमा से बहुत अधिक खर्च करते हैं। वे मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने के लिए फोन, नकदी तथा हवाई वादों का प्रयोग करते हैं। तमिलनाडु के एक निर्दलीय उम्मीदवार ने हर परिवार के लिए एक रोबोट तथा चंद्रमा की यात्रा का वादा तक किया था, लेकिन इसके बावजूद वे चुनाव हार गए थे।

भारत में 2024 के चुनाव में विज्ञापनों पर 2000 करोड़ से 13,000 करोड़ रुपये तक खर्च का अनुमान है। अनुमान है कि राजनीतिक पार्टियां और उनके उम्मीदवार विज्ञापनों पर 14.4 बिलियन डालर तक खर्च कर सकते हैं। यह धनराशि 2029 चुनाव में खर्च धनराशि से दूनी है। ऐसे में सवाल है कि राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों को अभियानों के लिए पैसा कहां से मिलता है? आमतौर से कुछ अमीर उम्मीदवार स्वयं इसका खर्च उठाते हैं, जबकि दूसरों के लिए पार्टियां खर्च करती हैं। पार्टियों द्वारा चुनाव पर खर्च की कोई सीमा नहीं है। समय बीतने के साथ काले धन का चुनाव अभियानों पर खर्च में हिस्सा बढ़ता जा रहा है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पारदर्शिता की कमी के कारण चुनाव बांडों पर प्रतिबंध लगा दिया है। भाजपा को बिके चुनाव बांडों में 57 प्रतिशत या 1.1 बिलियन डालर धनराशि प्राप्त हुई थी, जबकि कांग्रेस को कुल धनराशि का केवल दस प्रतिशत या 188 मिलियन डालर मिला था।

पार्टियां सत्ता में आने के लिए कोई भी तरीका अपनाने को तैयार रहती हैं, पर कुछ अभियान सफल होते हैं जबकि बाकी विफल हो जाते हैं। नकारात्मक अभियानों और विज्ञापनों की प्रभावशीलता उनकी विषयवस्तु, संदर्भ तथा दर्शकों के चरित्र पर निर्भर होती है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 2004 में करोड़ों रुपयों से चलाया 'इंडिया शाइनिंग' अभियान विफल अभियानों का एक उदाहरण है। 2019 में कांग्रेस का 'चौकीदार चोर है' अभियान नारा विफल हो गया था और यही नतीजा राहुल गांधी द्वारा मोदी पर राफेल विमानों की खरीद में तथाकथित घोटाले के आरोपों का निकला था। लेकिन कुछ चुनावों में कांग्रेस पार्टी का 'आम आदमी' अभियान सफल रहा।

2014 में नरेन्द्र मोदी ने स्वयं को एक 'नेशनल ब्रांड' की तरह पेश किया और वे मजबूत राष्ट्रवादी नेता के रूप में उभरे। उन्होंने जनता को लामबंद करने के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जिनमें 3डी रैलियां, 'चाय पे चर्चा', साक्षात्कार तथा अभियान यात्रायें शामिल थीं। यू-ट्यूब ने राजनीतिक पार्टियों को 30 सेकेंड के टीवी विज्ञापनों तथा लंबे आनलाइन वीडियो के माध्यम से सक्षम बनाया है। मोदी ने मतदाताओं को आकर्षित करने तथा कांग्रेस पर निशाना लगाने के लिए इन सबका प्रयोग किया। आम आदमी पार्टी-आप 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में मजबूती से उभरी। उसने मुहल्ला अभियानों, सोशल मीडिया तथा रेडियो विज्ञापनों का प्रयोग किया था। आज दिल्ली और पंजाब में इस पार्टी की सरकारें हैं। सभी पार्टियों ने 2019 में नकारात्मक राजनीतिक अभियान चलाया था। विपक्ष ने भाजपा के 'हिंदुत्व प्रेरित' कार्यक्रमों का विरोध किया था, लेकिन इसके बावजूद अधिक सीटों के सथ वह सत्ता में वापस आ गई।

नरेन्द्र मोदी 2024 में 400 से अधिक सीटें पाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा ने एआई-के माध्यम से मोदी अभियान का वीडियो बनाया है। कांग्रेस ने भी डिजिटल तरीके से इस अभियान का मजाक उड़ाया है। कांग्रेस के वीडियो में एक बिजनेसमैन को संसाधनों की चोरी का प्रयास करते दिखाया गया है। चुनाव आयोग के निर्देशों के बावजूद 2024 के चुनाव में नकारात्मक प्रचार तकनीकों का प्रयोग होगा। राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को नकारात्मक अभियान के बजाय सकारात्मक विज्ञापनों पर ध्यान देना चाहिए। इससे लोकतंत्र बचाने तथा चरित्र हनन को रोकने में सहायता मिलेगी। अनेक चुनाव आयुक्तों ने चुनावों की 'राज्य फंडिंग' के सुझाव दिए हैं जिन पर विचार होना चाहिए। अभियानों में सभ्यता और गरिमा बनाए रखना जरूरी है। इससे एक न्यायोचित व सम्मानपूर्ण परिवेश बनाने में आसानी होगी जहां सभी उम्मीदवारों को समान आधार मिलेगा।

# ईडी की कार्रवाई से मची राजनीतिक उथल-पुथल

शशांक सौरव
(लेखक, लोक नीति विश्लेषक हैं)



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और विपक्षी दलों को टैक्स नोटिस के बाद दिल्ली में बढ़ते तापमान के साथ राजनीतिक गर्मी भी बढ़ती जा रही है। भारत में राजनीतिक विकास ने जर्मनी, अमेरिका और यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र से आलोचना को आमंत्रित किया है, विशेष रूप से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर, जो भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं और उनके कई कैबिनेट मंत्री पहले से ही जेल में हैं।

शायद पश्चिमी शक्तियां अभी भी औपनिवेशिक हैंगओवर में हैं और श्रेष्ठता की झूठी भावना रखती हैं और मानती हैं कि वे किसी भी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर सकती हैं। शायद अब समय आ गया है कि वे कॉफी की खुशबू को महसूस करें और इक्कीसवीं सदी की वास्तविकताओं से तालमेल बिठाएं। विश्व उन लोगों के लोकतंत्र के उपदेशों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है जिनका लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारों को गिराने और अपने मतलब के लिए निरंकुश शासनों का साथ देने का ट्रैक रिकॉर्ड है। भारतीय गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को आयकर (आईटी) नोटिस मिला है और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस उनमें से एक है। आईटी अधिकारियों को थोड़ी परिपक्वता दिखानी चाहिए और केवल तकनीकी आधार पर नोटिस जारी करने से भारतीय लोकतंत्र को मदद नहीं मिलने वाली है। यदि आईटी अधिकारियों द्वारा अपनाई गई स्थिति को सभी आकलनों पर लागू किया जाता है, तो किसी भी राजनीतिक दल को ढूंढना मुश्किल होगा जो पूरी तरह से अनुपालन करता हो।

कानून के अनुसार तकनीकी आवश्यकताओं के संदर्भ में, आईटी अधिनियम की धारा 13ए प्रत्येक दानकर्ता का विवरण (अर्थात नाम और पता) बनाए रखने की आवश्यकता रखती है और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29सी के लिए राजनीतिक दल को फाइल करने की आवश्यकता होती है। ये विवरण भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के पास हैं। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा ईसीआई के पास दायर की गई और उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध योगदान रिपोर्ट से पता चलता है कि सभी दलों द्वारा प्रदान किए गए विवरणों में डेटा गुणवत्ता के मुद्दे बने हुए हैं। आईटी अधिकारियों को ईसीआई के पास दाखिल रिटर्न में जमा की गई बातों से परे देखने की जरूरत है और उन्हें इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि क्या वास्तव में उनके पास ऐसी कोई



जानकारी है जो दानकर्ता की साख स्थापित कर सकती है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13ए में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि रुपये से अधिक का कोई भी दान। दो हजार बैंकिंग चैनलों के माध्यम से प्राप्त होने चाहिए और यदि कोई राजनीतिक दल इस आवश्यकता का अनुपालन करता है, तो यह कर अधिकारियों को बताना है कि जब दान बैंक के माध्यम से आ रहा है तो विवरण की पुष्टि करने में उन्हें किस कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है? मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) को आईटी नोटिस मिला है, जिसमें फाइलिंग में अपने पुराने आयकर पैन का हवाला दिया गया है और कर अधिकारियों से सवाल पूछा जाना चाहिए कि करदाता को नोटिस भेजने का वास्तविक इरादा क्या था? इस त्रुटि ने पारदर्शिता के उद्देश्य को कैसे प्रभावित किया है और सीपीआई को पैन को अपडेट करके इस प्रकार की त्रुटि को ठीक करने का अवसर क्यों नहीं प्रदान किया जा सका?

इस देश को ऐसी नौकरशाही की ज़रूरत नहीं है जो खुलेआम चलती रहे और जो लोग मामूली मुद्दों पर उत्पीड़न का बचाव कर रहे हैं उन्हें दीर्घकालिक दृष्टिकोण से सोचना चाहिए। नौकरशाह जनता के प्रति जवाबदेह नहीं हैं लेकिन राजनेताओं को बाबुओं के कार्यों से प्रसारित होने वाले संदेश के प्रति सचेत रहना चाहिए। कांग्रेस, सीपीआई या किसी अन्य राजनीतिक संगठन के कोषाध्यक्ष और पदाधिकारियों की उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने के लिए आलोचना की जा सकती है, जहां तक यह आवश्यक विवरण दाखिल करने या आयकर नोटिस का पीछा करने, या आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के साथ अपील दायर करने से संबंधित है, लेकिन एक के रूप में लोकतंत्र में हमें नौकरशाहों को उनकी सनक और पसंद के अनुसार दिखावा करने की खुली छूट नहीं देनी चाहिए।

हालाँकि लोगों की याददाश्त बहुत कमज़ोर है, मैं आपको भाजपा और कांग्रेस दोनों को बचाने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए), 1976 में किए गए पूर्वव्यापी संशोधन की याद दिलाना चाहूँगा। 2014 में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा और कांग्रेस दोनों को एफसीआरए के उल्लंघन में विदेशी योगदान प्राप्त करने का दोषी पाया और इसलिए कानून में पहली बार 2016 में संशोधन किया गया और 2018 में एक और संशोधन के माध्यम से एफसीआरए, 1976 की स्थापना के बाद से पूर्वव्यापी रूप से लागू किया गया। यह मुद्दा तकनीकी भी था प्रकृति में और वर्तमान आयकर मुद्दा भी तकनीकी प्रकृति का है। हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और ऐसे मामलों से पता चलता है कि कर अधिकारियों का अपने आकाओं को खुश करने के लिए अति उत्साह अच्छा नहीं है।

एजेंसियों के पास बहुत सारे मामले लंबित हैं और उनसे कहा जाना चाहिए कि वे चर्चा के लिए नए विषय लाने के बजाय उन पर ध्यान केंद्रित करें जो अनावश्यक शोर पैदा करते हैं और जिनका कोई व्यावहारिक मूल्य नहीं है। हल्के ढंग से कहें तो, अब अनुभवी राजनेता समझ गए होंगे कि देश का आम आदमी कैसा महसूस करता है जब उसे तुच्छ आधारों पर कर नोटिस मिलते हैं जो रद्द हो जाते हैं लेकिन लंबी अपीलीय प्रक्रिया के बाद ही।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

### चुनाव प्रचार का तरीका

**मिजोरम** में मिजोरम पीपुल्स फोरम ने सभी राजनीतिक दलों उम्मीदवारों के लिए प्रेरणादायक निर्देश देते हुए पोस्टर लगाने और माइक का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। इसके बजाय मिज़ोरम के सभी क्षेत्रों में उम्मीदवारों के लिए डिबेट आयोजित की जाती है। इसमें प्रत्येक उम्मीदवार को अपनी बात रखने के लिए 20 मिनट दिए जाते हैं। चुनाव संपन्न होने तक समय-समय पर यह प्रक्रिया चलती रहती है। पीपुल्स फोरम के निर्देशों के खिलाफ जाकर धन खर्च करने वाले उम्मीदवारों का मिजोरम की जनता बहिष्कार कर देती है । इस कारण कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार उसके खिलाफ नहीं जाता है। इस प्रकार चुनाव में खर्च होने वाली बड़ी धनराशि के बचत हो जाती है। मिजोरम का यह उदाहरण आदर्श चुनाव प्रचार का तरीका है जिसमें जनता को अपने स्थानीय मुद्दों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की बातें सुनने का अवसर मिलता है। हालांकि, मिजोरम छोटा राज्य है जहां ऐसी बैठकें ज्यादा व्यावहारिक हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी वरिष्ठ और निष्पक्ष पत्रकारों, राजनीतिक विश्लेषकों व अर्थशास्त्रियों की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों पर प्रमुख राजनीतिक दलों की बहस आयोजित की जा सकती है। यह चुनाव प्रचार का नया तरीका हो सकता है।

–**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### कश्मीर की असलियत

**शहबाज शरीफ** ने संसद में दिए भाषण में कहा कि भारत कश्मीर में मानवाधिकार का उल्लंघन कर रहा है, भारतीय सेना आम जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, उसके जुल्मोसितम से सब कश्मीरी दुखी है, आज कश्मीर की स्थिति गाजा पट्टी की तरह हो गई है तथा जनता दाने-दाने को मोहताज है। ऐसा झूठा भाषण देकर उन्होंने अपनी सरकार को भारतीय कश्मीरी जनता का हमदर्द बताने की कोशिश की है। पाक-अधिकृत कश्मीर-पीओके के बड़े नेता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा है कि भारतीय कश्मीर में आज पाकिस्तानी कश्मीर से भी ज्यादा सुखी एवं खुशहाल जनता रहती है, आज वहां कोई भूखा नहीं सोता है तथा सेना का व्यवहार आम जनता के साथ दोस्ताना है। इसके उलट पीओके में पाकिस्तानी सेना जनता के साथ तानाशाह की तरह व्यवहार करती है। आज सबसे ज्यादा महंगाई पीओके में है जबकि भारतीय कश्मीर में आज हर तरफ़ काफी खुशहाली है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में जो अभूतपूर्व व असाधारण परिवर्तन आया है, वह पाकिस्तानी जनता से भी छिपा नहीं है। ऐसे में शहबाज शरीफ जैसे नेताओं के भारत-विरोधी बयान बेअसर होते जा रहे हैं और पीओके के लोग भी भारत में शामिल होना चाहते हैं।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### विचित्र फैसला

**तेलंगाना हाईकोर्ट** ने राष्ट्रीय सुरक्षा जांच एजेंसी-एनआईए द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी अवधि बढ़ने से इनकार करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सवालों के जवाब न देना या चुप रह जाना उसका मौलिक अधिकार है। हाईकोर्ट का यह फैसला विचित्र लगता है। यदि अपराधी अपना अपराध छुपाने के लिए जांच एजेंसी के प्रश्नों के जवाब नहीं देगा और मौन धारण कर लेगा तो फिर उसके अपराधों के लिए सबूत कैसे जूटाए जाएंगे? यह फैसला प्रकारान्तर से जांच एजेंसियों को दी गई शक्तियों का मजाक उड़ाने वाला लगता है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हो सकते हैं। हालांकि, आदर्श रूप से माना जाता है कि किसी व्यक्ति को अपने खिलाफ सबूत देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है, पर इसकी एक सीमा है। दुनिया में बढ़ती आतंकी घटनाओं, तकनीकों का प्रयोग कर आर्थिक अपराध करने वालों तथा देशद्रोहियों को इस प्रकार की छूट नहीं दी जा सकती है। तेलंगाना हाईकोर्ट के इस फैसले के व्यापक विश्लेषण तथा मामले के तथ्यों पर गौर करते हुए आवश्यकता होने पर सरकार व एनआईए को पुनर्विचार के लिए उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय में अपील करनी चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

# रात 1:30 बजे जिला अस्पताल पहुंचे विधायक दीपेश साहू

## वार्ड रूम और बाथरूम मे अव्यवस्था देख अधिकारी पर भड़के विधायक साहू



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक दीपेश साहू ने आधी रात 1:30 बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। देर रात अस्पताल मे विधायक को देखकर हॉस्पिटल स्टॉप के होस उड़ गए द्य जानकारी के मुताबित अपने दैनिक दौरे कार्यक्रम से वापसी के दौरान आधी रात विधायक दीपेश साहू का काफिला जिला अस्पताल पंहुचा। काफिले को देख ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरो के साथ स्टॉप के हाथ पाव फूलने लग गए। साहू नें जनरल वार्ड मे पहुंचकर जाग रहे मरीजों से अस्पताल मे मिलने वाले इलाज और सुविधाओ की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल का औचक निरीक्षण भी किया। मरीजों के वार्ड में घूमकर विधायक ने अन्य मरीजों से भी बातचीत की और अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था भी देखी।

### मरीज हमारे लिए भगवान है उनके इलाज मे किसी प्रकार कोताही ना बरते : विधायक दीपेश साहू

औचक निरिक्षण के दौरान विधायक साहू नें अस्पताल की अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए विधायक साहू नें तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फोन पर बात कर डॉक्टरों को फटकार लगाते हुए दिशा निर्देश दिये की हमारे गरीब मजदूर किसान भाइयों माता बहन हमारे भगवान है। इन लोगो के इलाज मे किसी प्रकार कोताही ना बरते। सभी डॉक्टर मरीजों के साथ अच्छे से पेश आये और प्रेम पूर्व उनकी बीमारी का इलाज करें। यदि कोई डॉक्टर बद्तमीजी से मरीजों के साथ पेश आते है तो आप उनकी क्लास लीजिये और उनको व्यवहारिक ज्ञान दीजिये की मरीजों के साथ कैसे पेश आना है। किसी प्रकार की डॉक्टरो की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। साहू नें अस्पताल में मरीजों को दिये जाने भोजन और दवाईयों के वितरण के बारे में मरीजों से जानकारी ली। मरीजों के द्वारा विधायक को बताया कि छोटी छोटी बातों पर व्यवस्था का बहाना बनाकर मरीजों को रायपुर रिफर कर दिया जाता है। इस पर विधायक ने डॉक्टरों को निर्देश दिया कि बहुत जरुरी हो तभी मरीजों को बाहर रिफर किया जाए अन्यथा बेमेतरा में ही मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं के तहत उपचार करने का प्रयास किया जाए।

### गर्मी से परेशान बाहर मे सोये दिखे मरीजों से मिले विधायक साहू

विधायक के औचक निरीक्षण के दौरान कुछ मरीज वार्ड को छोड़कर बाहर हॉल मे सोते दिखे। जब विधायक नें इन मरीजों और परिजनों से बात की तो उन्होंने बताया की जनरल वार्ड मे मरीजों के लिए इतने भीषण गर्मी मे किसी प्रकार की वाटर कूलर ना ही ए सी की व्यवस्था है। जिससे सब मरीज परेशान होकर बाहर होने पर मजबूर है। मरीज और परिजनों के शिकायत पर विधायक दीपेश साहू नें तत्काल संज्ञान लेते हूए आधी रात ढेर बजे मुख्य चिकित्सा स्वस्थ अधिकारी से फोन पर बात कर तत्काल दो दिनों के अंदर सभी वार्डो मे वॉटर कूलर और एसी लगाने के दिशा निर्देश दिए। विधायक साहू का कहना है की हमारे क्षेत्र के जो गरीब मजदूर किसान महिला भाई बहन जो भी इलाज के लिए जिला अस्पताल आये है उनको किसी प्रकार की भटकने की जरूरत ना पड़े। मरीज हमारे भगवान है उनकी बदौलत ही हमारी सरकार बनी है इसलिए उनके सेवा मे डॉक्टर किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। जरुरतों के हिसाब से सभी मरीजों को उचित उपचार मिले। वही साहू नें मरीजों की शिकायत पर अधिकारियो को फटकार लगाते हुए कहा की बाथरूम मे चार दिनो से पानी सप्लाई की व्यवस्था ख़राब है उनको तत्काल सुधार करवाइये। मरीजों को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होना चाहिए। और जो भी समस्या है उनको तत्काल निराकरण करने के अधिकारियो को निर्देश दे दिए गए है।

### अस्पताल के बाहर खड़े प्राइवेट एम्बुलेंस को हटाने के दिए निर्देश

विधायक साहू नें सीएमएचओ को फटकार लगाते हुए कहा की यहां प्रतिदिन प्राइवेट अस्पताल के एजेंट लोग आकर मरीजों को बहला फुसलाकार अपने अस्पताल लेकर गरीब जनता को लूटने का काम कर रहे है, जिससे हमारी सरकार का नाम ख़राब हो रहे है अधिकारी जिला अस्पताल को रिफर सेंटर ना बनाये। और हॉस्पिटल परिसर के बाहर खड़ी एम्बुलेंस को तत्काल उनके संस्थान को नोटिस जारी कर प्राइवेट एम्बुलेंस को हटवाने के लिए निर्देश दिए गए है।

# नवरात्री मे महामाया धाम बुचिपुर मे प्रतिदिन संगीतमय रामकथा का होगा आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्री सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया देवी मंदिर धार्मिक पर्यटन स्थल महामाया धाम बुजीपुर में बसंती नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो चुकी है। जिसके लिए मनोकामना ज्योति कलश शुल्क लेना प्रारंभ हो चुका है तेल ज्योति के 701 रूपये घृत ज्योति 1501 रुपए राजकीय स्थाई तेल ज्योति 1501 रुपये राजकीय स्थाई घृत ज्योति 2501 शुल्क समिति द्वारा निर्धारित किया गया है वही राजकीय स्थाई ज्योति 21 वर्ष निर्धारित किया गया है। समिति के पास मात्र 10 की राशि शुल्क जमा कर श्री महामाया मंदिर में प्रज्जवलित प्रथम गृह ज्योति के आजीवन सदस्यता बनकर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक चलने वाली नवरात्री कार्यक्रम में 17 अप्रैल रामनवमी के दिन सामूहिक विवाह का आयोजन समिति द्वारा रखा गया है। प्रतिदिन दोपहर 1 से 3 बार तक मानस मोहिनी संध्या दीदी मध्यप्रदेश द्वारा संगीतमय राम कथा का रसपान कराएगी। प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से रामलीला सत्य साई रामलीला मंडली बिलौदी गुंडरदेही द्वारा प्रस्तुति किया जाएगा। 9 से 17 अप्रैल तक सत चंडी महायज्ञ एवं संत समागम मेला का आयोजन होना है। जिसके लिए तैयारी आरंभ हो चुकी है।

# मानस गान प्रतियोगिता से युवा पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है : योगेश तिवारी

## मौहरेगां और सोरला में आयोजित तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन में शामिल हुए



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम मौहरेगां सोरला में मानस मण्डली द्वारा तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। आयोजन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की मानस मंडलियों ने भाग लिया। यहां मानस मंडलियों ने प्रभु श्री राम की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मानस गान प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों से आई मंडलिया प्रभु श्रीराम व रामायण के पात्रों का अपने मंचन के माध्यम से बखान करते हैं। जिससे आज की युवा पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन जरूरी है, ताकि पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे युवा पीढ़ी अपनी धर्म और संस्कृति को जाने।

**आयोजन में सरपंच समेत ग्रामीण रहे उपस्थित**

ग्राम कौशलपुर मोहरेंगा सरपंच कामताप्रसाद सिन्हा, तिहारू सिन्हा, भीष्म यद्धु, अनंदीय सिन्हा, बेनीराम साहू, सिन्हा, चेतन सिन्हा, हरिचंद्र साहू, लवकुस साहू, बलदेव ठाकुर, तामेश्वर सिन्हा, सतीश साहू, रामगोपाल साहू, रामकुमार साहू, भागवत साहू, सरपंच हरसेवक सिन्हा, उपसरपंच मोतीलाल साहू, रोहित माहेश्वरी, बृजेश शर्मा, शिवझड़ी सिन्हा पार्षद बेरला, प्रभुराम, नोकेश्वर, लीलाराम, पूर्णिमा, प्रमिला मरकाम, रामायण समिति अध्यक्ष हेमकुमार साहू, मिश्रीलाल साहू, संजू यादव, माहंगू राम साहू, गांव सियान प्रमुख रामलाल साहू, धनेश साहू, डॉक्टर परमानंद, वीरेंद्र साहू, पूनाराम साहू, हेमलाल साहू, भूपेंद्र साहू, मनहरण साहू, विमला बाई साहू आदि उपस्थित थे।

# विधायक साहू ने शराब की अवैध बिक्री को बंद करने के लिए सहायक आबकारी अधिकारी को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शराब की अवैध बिक्री बंद करने के लिए बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू ने जिला सहायक आबकारी अधिकारी को कहा ग्राम बोरसी मे ग्रामीणों नें अवैध शराब बिक्री की शिकायत किया गया था। दरअसल दीपेश बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र विधायक दीपेश साहू ग्राम बोरसी में रामायण कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। जहां पर ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से बेची जा रहे शराब की शिकायत विधायक से किया गया। इस पर तत्काल विधायक ने मोबाइल के माध्यम से जिला सहायक अधिकारी को मोबाइल लगाया और मोबाइल को माइक में ही रख दिया ताकि लोगों को उसके बात सुनाया जा सके। मोबाइल के माध्यम से जिला सहायक आबकारी अधिकारी नितिन खांडुजा को बताया कि ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि चाहे ग्राम गोधेली हो चाहे बोरसी, या भालेसर हो आस पास क्षेत्र के सभी जगह शराब की अवैध बिक्री की शिकायत है। इस पर जिला सहायक आबकारी अधिकारी खांडूजा ने इन तीनों गांव को देखने की बात कही तो विधायक साहू ने कहा कि केवल तीन गांव ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में यही हाल है और आप लोग आफिस में रहते हैं। इस पर सहायक आबकारी अधिकारी ने बताया कि वह साहू के साथ साजा क्षेत्र में आयें है। इसके जवाब में विधायक ने कहा कि आप या साहु गांव में आयें और शराब की अवैध बिक्री किए जा रहे हैं। उस पर कार्रवाई करते हुए बंद कराने को कहा विधायक ने आगे कहा कि ऐसा नहीं होने पर आबकारी विभाग के कार्यालय में आना पड़ सकता है।

# सेक्टर 9 हॉस्पिटल चौक से ग्लोब चौक तक मैराथॉन का हुआ आयोजन

## भिलाई निगम आयुक्त ने दिलाई मतदान की शपथ




पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत् में वृद्धि हेतु निरंतर आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी के निर्देशानुसार भिलाई के सेक्टर 9 चौक से 'भिलाई रन्स फॉर वोट' मैराथान का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेक्टर 9 हॉस्पिटल चौक से शुरू होकर ग्लोब चौक में समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में भिलाई निगम आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों और मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिले के नागरिक एवं छात्र-छात्राओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम भिलाई के आयुक्त, महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, बीएसपी के अधिकारीगण एवं जिले के अन्य गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहें।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

## सीएचसी रिसाली का अचानक निरीक्षण करने पंहुची कलेक्टर, अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने रिसाली नगर निगम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। समय का ध्यान न रखने और देरी से काम पर आने वाले कर्मचारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि जो चिकित्सक समय पर नहीं आते उन्हे नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने दवाईयों तथा अन्य उपकरणों का अवलोकन किया, जिन दवाईयों की समयावधि समाप्त हो गई है उन्हें तुरंत हटाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान बहुत से चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र में होने वाली विभिन्न जांचों सहित सिकल सेल टेस्ट युनिट की जानकारी ली। सीएमएचओ जेपी मेश्राम ने बताया कि जांच के उपरांत मरीज को जिला अस्पताल भेजा जाता है। कलेक्टर स्वास्थ्य केंद्र में नियमित साफ-सफाई किए जाने के निर्देश दिए।

**स्कूलों में करे पौधा रोपण: कलेक्टर**

रिसाली के आत्मानंद स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर सीधे नेवई स्कूल पहुंची। मतदान केंद्र देखने के बाद परिसर को देखी। इस दौरान उन्होंने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को निर्देश दिए कि स्कूल परिसर को हरा भरा बनाएं।

**मतदान केंद्रों का परीक्षण**

लोकसभा निर्वाचन को लेकर रिसाली नगर निगम के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मतदान करने के लिये तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेवई में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। जिसे लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान के लिये चिन्हांकित किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बगीचा तैयार कर पौधा रोपण करने के निर्देश दिये।

**केंद्रों में हो समुचित व्यवस्था**

मतदान के समय तेज गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान निगम क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने मतदान दल के ठहरने की व्यवस्था के साथ पेय जल, प्रसाधन और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न करने की बात कही। इसी प्रकार पाटन विकासखण्ड के अंतर्गत पतोरा ग्राम पंचायत में शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि माध्यमिक शाला पतोरा के कक्षा 8वीं के 8 छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। कलेक्टर ने इस पर सभी शैक्षणिक एवं अन्य कर्मचारियों की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी जेपी मेश्राम, अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे, पाटन विकासखण्ड के अनुविभागीय अधिकारी दीपक निकुंज के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# विभिन्न जिलों की कुल 19 मोटर सायकिल आरोपी के कब्जे से किया गया बरामद



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विभिन्न जिलों के कुल 19 मोटरसाइकिल सहित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। इस संबंध में एडिशनल एसपी ज्योति सिंह ने बताया कि 01.04.2024 को प्रार्थी संजय कुमार कुर्रे पिता लखन कुमार कुर्रे निवासी खमतराई चौकी कंडरका उपस्थित आकर प्रथम सुचना रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31.03.2024 को इसकी हीरो एच एफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 25-5073 को ग्राम नेवनारा के पास से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर चौकी कंडरका में अपराध क्रमांक 122/24 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना के पुलिस को मुखबिर से सुचना प्राप्त हुई कि ग्राम भिंभौरी में एक व्यक्ति मोटर सायकल बेचने के लिये ग्राहक की तलाष कर रहा है। मुखबिर से प्राप्त सुचना के आधार पर चौकी कंडरका व सायबर सेल की टीम द्वारा ग्राम भिंभौरी में दबिश देने पर आरोपी अषोक कुमार साहू पिता कामता प्रसाद साहू उम्र 28 वर्ष साकिन चारभाठा थाना घुमका जिला राजनांदगांव मौके पर भिंभौरी में अटल चौक के पास मिला जिसके पास से हीरो एच एफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 25-5073 बरामद हुई जो पुछताछ में 31.03.2024 को ग्राम नेवनारा के पास से उक्त मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया। अशोक कुमार साहू से अन्य मोटर सायकल चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर पहले तो टाल मटोल करता रहा, फिर कडाई से पुछताछ करने पर अन्य 18 मोटर सायकल विभिन्न जिलो से चोरी कर अपने गांव मे अपने घर में छुपा कर रखना और मौका देखकर ग्राहक मिलने पर गिरवी रखना स्वीकार किया। आरोपी अशोक कुमार साहू की निशादेही पर उसके मकान से कुल 18 मोटर सायकल/स्कुटी बरामद हुई जिसे आरोपी द्वारा क्रमशः जिला रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ, बालोद, मोहला मानपुर से चोरी करना स्वीकार किया। जिसमें 18 मोटर सायकल मे से 13 प्रकरण में अब तक विभिन्न थानों में प्रथम सुचना रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है कुल 19 मोटर सायकल/स्कुटी जुमला किमती करीबन 12,35,000/- रूपये जप्त कर बरामद किया गया।

# प्राथमिक शाला ढोलिया में न्योता भोज सुनील अर्चना के द्वारा



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम ढोलिया में राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता सुनील कुमार झा एवं संस्था की सहायक शिक्षिका अर्चना झा के द्वारा प्राथमिक शाला ढोलिया के बच्चों को शासन की योजना अनुरूप न्योता भोजन कराया गया। भोजन मे पूड़ी, मटर-पनीर, दाल, चावल, सलाद, पापड़, अचार, चटनी, गुलाब-जामुन, परोसा गया। उक्त भोजन निर्माण एवं अन्य व्यवस्था मे संस्था की शिक्षिकाओं हेमलता साहू, काजल दुबे एवं सुकन्या सिंह ने विशेष योगदान दिया। गणेश साहू, जान कुंवर ने सहयोग दिया, भोजन पश्चात अंगूर फल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर भोज मे उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे, जिला परियोजना समन्वयक नरेंद्र वर्मा, विकासखंड स्रोत समन्वयक राजेंद्र साहू, संकुल प्रभारी सुखदा मिश्रा, संकुल समन्वयक भूपेंद्र साहू, कुंदन जैसवाल, प्रधान पाठक विनोद कुमार सेन, मेनका ठाकुर, पोखराम साहू, रजनी रेड्डी, उपेंद्र सेंगर सहित संकुल की विभिन्न संस्थाओं से आए हुए शिक्षकगण, ग्रामवासी पालक फगुवा साहू, राधे, शाला समिति के अध्यक्ष महेंद्र साहू, फेरू राम, दौवा राम आदि शामिल हुए। अतिथियों ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए न्योता भोजन से बच्चों पौष्टिक भोजन के साथ समुदाय का विद्यालय की गतिविधियों में सहभागिता का भाव विकसित होता है। संस्था के प्रधान पाठक एवं स्टाफ ने झा दंपति के इस आयोजन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# मतदाता जागरूकता हेतु जिला प्रशासन की अनूठी पहल

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। और जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों तक मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता के तहत एक अनूठी पहल की है। जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता स्लोगन संकल्प एक अभियान शत प्रतिशत हो मतदान एवं 7 मई 2024 मतदान अवश्य करे सूचना युक्त सील बनाकर सभी शासकीय जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेडिकल स्टोर, रेस्टोरेंट एवं जनरल स्टोर से जनरेट बिल में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन युक्त सील लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इससे मेडिकल पर्ची एवं दुकान से प्राप्त बिल में जाने से लोगों को आसानी से मताधिकार की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा लोगों को मतदान जागरूकता हेतु सभी अलग अलग साइज में बैनर पोस्टर बनवाकर सभी राशन दुकानों में लगाने, सभी जनपद पंचायत और नगरीय निकाय अंतर्गत मुख्य चौक चौराहा भीड़ वाले स्थान में, सभी बैंकों में और सभी पेट्रोल पंप में अनिवार्य रूप से लगवाने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही मतदाता मतदान दिवस में वोटिंग करने के लिए जागरूक हो रहे है। जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों के तहत रबर स्टाम्प सील के माध्यम से जन जन तक शत प्रतिशत मतदान का संदेश निरन्तर दिया जायेगा। मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान में शासकीय संस्थानों सहित निजी संस्थान भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है। इसके तहत अस्पताल के ओपीडी पर्ची में, निजी स्टेशनरी मार्ट, रेस्टोरेंट, मेडिकल स्टोर जैसे संस्थानों में ग्राहकों को दिए जाने वाले बिल में मतदाता जागरूकता का सील लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों के ओपीडी पर्ची में सील लगाया जायेगा जिसके माध्यम से भी जागरूकता बढ़ेगी। बेमेतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की तारीख 7 मई 2024 भी अंकित किया गया है। जिससे लोगों को अपने क्षेत्र में मतदान दिवस की जानकारी आसानी से मिल जाएगी।

# आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन रहा रोमांचक मुकाबला

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





नगर में चल रहे आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन 01 अप्रैल को पूल बी के दो लीग मैच खेले गये। पहले मैच में बंगलौर ने पश्चिम बंगाल को एक के मुकाबले तीन गोल एवं दूसरे लीग मैच में स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड केरला ने रामकृष्ण मिशन नारायणपुर (छ.ग.) को शून्य के मुकाबले चार गोल से पराजित किया और बंगलौर और केरला की टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पूल ए से केरला पुलिस की टीम अपने सभी तीन लीग मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 02 अप्रैल को होने वाले मैच में तय करेगा की सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम कौन होगी। नगर के जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम मे चल रहे अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवां दिन के पहले मैच बंगलौर एंव पश्चिम बंगाल के बीच खेला गया जहां बंगलौर की ओर से जर्सी नं 31 शरद नारायण ने खेल के 09 वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई इसके जवाब में पश्चिम बंगाल हमला करते हुए खेल के खेल के 36 वें मिनट में जर्सी नं 09 शिवनाथ हेमरोन ने एक गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया मध्यान्तर तक दोनों टीम एक-एक की बराबरी पर रही। मध्यांतर के बाद बंगलौर के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए बंगाल की टीम पर हमला किया और खेल के 20 वें मिनट में जर्सी नं 31 शरद नारायण ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल किया। इसके कुछ समय बाद सेकेण्ड हाफ के 25 वें मिनट में जर्सी नं 16 चबिंद्र रब्बा ने बंगलौर के लिए तीसरा गोल कर निर्णायक जीत दिलाई इस तरह से बंगलौर की टीम सेमीफाइनल में जगह बना लिया बंगाल की टीम गोल उतारने में असफल रही और मैच गंवा दिए। इसी तरह दूसरे लीग मैच में केरला इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड केरला ने नारायणपुर (छ.ग.) को करारी मात देते हुए शून्य के मुकाबले चार गोल से परास्त किया। पराजित टीम कोई भी गोल नहीं कर सकी। मध्यांतर तक केरला की टीम चार गोल से आगे रही और निर्धारित समयावधि तक यही स्कोर रहा। विपक्षी टीम नारायणपुर इस मैच में कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। केरला के लिए मध्यान्तर के पूर्व जर्सी नं 27 करूण ने दो गोल एंव जर्सी नं 10 विज्ञनेश ने गोल कर टीम को चार शून्य से जीत दिलाकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के छटवें दिन मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रोजेक्ट भिलाई इस्पात संयंत्र सुधीर मुखोपाध्याय रहे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि अजय श्रीवास्तव मुख्य महाप्रबंधक प्रोजेक्ट भिलाई, आर. बी.गहरवार मुख्य महाप्रबंधक खदान राजहरा मांइस, सी.श्रीकांत महाप्रबंधक राजहरा मांईस, विपिन बेहरा महाप्रबंधक मैन्टैन्स सहित प्रभा सिंह, रेखा गहरवार, सुदीप्ता विश्वास, केरला टीम के राष्ट्रीय कोच नौशाद अली, सुदीप बर्मन, रहें। मैच के आफिसियल्स एंव रैफरी दीपेश डे, रायसिंह कांगरा, प्रफुल्ल कुमार विशाल प्रजापति, अमन कुमार प्रसाद, रविन्द्र रजवाड़े, शंकर बहादुर लामा, विजय आंनद डाडेल, एंव मैच कमिश्नर रूबी डेविड रहे। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा, उपाध्यक्ष मुकुल वर्मा सचिव त्रिनाथ नायडू, संगठन सचिव गौतम बेरा, कमलाकर सिंह, संजय रावत, मनोज परेरा, अवध राम, हरख साहू चुन्नी लाल, द्रोण कुमार, सुरेश वर्मा, विल्सन फर्नाडीज, सतीश जान, राजेंद्र कुमार निषाद, आशीष गुप्ता, भूपेंद्र श्रीवास, बृजलाल महतो, उमेश पटेल, अमृतपाल अजय आस्टिकर, नरेंद्र जनबंधु, विजय सिंह, संजय सिंह, गोलकीपर ए.उदयकुमार, सहित बड़ी संख्या दर्शकगण उपस्थित रहे। पूरे मैच के दौरान कमेन्ट्री संजय रावत एंव भूषण निर्मलकर किया।

# अपने बिछाये जाल में फंसा शिकारी, करंट से हुई मौत, घटना लामीदरहा जंगल की

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



वन्यप्राणियों के शिकार के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर बीती देर रात एक शिकारी की ही मौत हो गई। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छोटे रेगडा निवासी सूरज किस्पोट्टा पिता रमेश किस्पोट्टा 21 साल एक आदतन शिकारी है। सूरज गांव की ही एक विवाहिता महिला को पत्नी बनाकर अपने साथ रखा है। सोमवार की रात पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और फिर उसने अपने एक अन्य साथी गेंदू मिंज और अपनी पत्नी को अपने साथ रात करीब 1 बजे के आसपास लामीदरहा जंगल ले गया। इसी बीच वन्यप्राणियों के शिकार के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से मौके पर ही सूरज किस्पोट्टा की मौत हो गई। करंट की चपेट में आकर सूरज की अचानक मौत हो जाने के बाद डरे सहमे उसकी पत्नी और उसका दोस्त अपने-अपने घर पहुंचे और परिजनों को इस घटना से अवगत कराया गया। पहले तो परिजनों ने इस घटना को छुपाने का प्रयास किया गया परंतु यह घटना पूरे गांव में आग की भांति फैल चुकी थी। जिसके बाद गांव ग्रामीणों की सूचना के बाद चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए मृतक के साथी को हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ कर रही है।

**लगातार दी जाती है समझाईश**–छोटे रेगडा के सरपंच ने बताया कि कई बार गांव के ग्रामीणों को इस तरह के कार्य से दूर रहने की समझाईश दी जा चुकी है। इस तरह के कार्य से कभी वन्यप्राणियों के अलावा कभी-कभार इंसान भी इसकी चपेट में आकर असमय अपनी जान गंवा देते हैं। बीती रात हुई घटना भी इस तरह की है जंगल में करंट लगाने वाला ही करंट की चपेट में आकर काल के गाल में समा गया।

**आदतन शिकारी था मृतक-रेंजर**–इस संबंध में रायगढ़ वन परिक्षेत्र की रेंजर लीला पटेल ने बताया कि मृतक आदतन शिकारी था। कई बार उसे रंगे हाथ पकड़ने का प्रयास किया गया था। इस बार खुद ही अपने ही बिछाए तार में फंस गया। विद्युत विभाग कि सूचना पर पुलिस एवं फोरेस्ट के स्टाफमौके पर पहुंचे। घटना राजस्व भूमि पर घटित हुई है। चक्रधर नगर थाने की पुलिस टीम आगे की कार्रवाई कर रही है।



## कलेक्टर, एसपी ने रेंगालपाली चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल फील्ड पर निकले। वे रेंगालपाली चेक पोस्ट के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने गुजरने वाले वाहनों की हो रही जांच का मुआयना किया। उन्होंने चेक पोस्ट में तैनात टीम से गाडियों की जांच के संबंध में जानकारी ली और जांच रजिस्टर का अवलोकन किया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव व अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर गोयल व पुलिस अधीक्षक पटेल ने इस दौरान गुजर रहे गाडियों को रुकवा कर जांच भी करवाई। कलेक्टर गोयल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसे में मतदाताओं को लुभाने के उद्देश्य से अवैध धनराशि व अन्य वस्तुओं का परिवहन के रोकथाम के लिए ऐसे सभी वाहनों की सघन जांच होनी चाहिए।

# 10 अप्रैल से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में होगी एडमिशन की प्रक्रिया आवेदन ऑनलाइन तथा ऑफ लाइन दोनों माध्यम से

## 10 अप्रैल से 5 मई तक कर सकते हैं आवेदन

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में पूर्व सत्र में 8 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और 7 स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। इन समस्त विद्यालयों में सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के लिए एडमिशन के लिए सेजेस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ कर दी जायेगी। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में संचालित समस्त स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश के ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक कर सकते हैं तथा अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 5 मई से 10 मई तक किया जाएगा और 11 मई से 15 मई तक प्रवेश की अन्य कार्यवाही की जाएगी।

**स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश हेतु शर्ते**–स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफ लाईन कर सकते हैं। एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा, महतारी दुलार योजना अंतर्गत बच्चों को विशेष प्राथमिकता दी जायेगी, रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा, अधिक पात्र आवेदन होने लॉटरी सिस्टम अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेडमली चयन किया जायेगा, बी.पी.एल. पालकों के बच्चों को रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जायेगा। कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2024 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिये।

**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में प्रवेश हेतु शर्ते**–स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफ लाईन किया जा सकेगा, एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा, महतारी दुलार योजना अंतर्गत बच्चों को विशेष प्राथमिकता दी जायेगी, रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा, अधिक पात्र आवेदन होने पर लॉटरी से चयन किया जायेगा, कन्या विद्यालय को छोड़कर शेष विद्यालय में सह शिक्षा होगी. बी.पी.एल. पालकों के बच्चों को रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जायेगा। 25 प्रतिशत से अधिक प्रवेश हेतु आवेदन होने पर लॉटरी सिस्टम अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेडमली चयन किया जायेगा, स्कूल की क्षमता अनुसार प्रवेश देने का अधिकार कलेक्टर की अध्यक्षता वाले सोसायटी को होगा। इन विद्यालयों में कक्षा 6वी एवं कक्षा 9वीं में प्रवेश सोसायटी के निर्णय अनुसार लिये जायेंगे। प्रवेश के लिए विस्तृत जानकारी के लिए सजेस पोर्टल का अवलोकन कर सकते हैं।

# जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के तहत जिला प्रशासन की अनूठी पहल

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा हैद्य इसी कड़ी में मतदाता जागरूकता के तहत जिला प्रशासन सक्ती ने अनूठी पहल की हैद्य कलेक्टर तोपनो के निर्देश पर तथा खाद्य अधिकारी अमृत कूजुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण के दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी सील लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया जा रहा हैद्य 7 मई 2024 को मतदान अवश्य करे सूचना युक्त सील लगाए जाने से लोगों को आसानी से मताधिकार की जानकारी मिल रही है तथा मतदान दिवस को वोटिंग करने के लिए जागरुक हो रहे हैद्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने समस्त जिलेवासियों से लोकतंत्र के महापर्व अंतर्गत 7 मई को होने वाले मतदान दिवस में अपने मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है,खाद्य अधिकारी अमृत कूजुर से प्राप्त जानकारी अनुसार मतदाता जागरुकत हेतु आज जिले के सभी उचित मूल्य की दुकानों मे राशन वितरण के दौरान मताधिकार के प्रयोग से संबंधित स्लोगन राशनकार्ड में स्टाम्प पैड लगाकर अंकित किया गया एवं मताधिकार के प्रयोग हेतु शपथ भी दिलाई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कहा की हमें अपने लोकतांत्रिक दायित्वों का सही उपयोग करते हुए मतदान जरुर करना चाहिए। जिले के नागरिक शत प्रतिशत मताधिकार के प्रयोग हेतु जागरूक हों सके इसके लिए जिले में विविध स्वीप गतिविधि आयोजित कराई जा रही हैद्य कलेक्टर ने समस्त जिलेवासियों से स्वीप गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा शामिल होने की अपील की है।

# जीवित दाम्यपत्नी को मृत बताने वाले सरपंच, सचिव एवं सरपंच पुत्र के खिलाफ 420 का केस दर्ज

## खबर के साथ मेहनत भी रंग लाया गोरेलाल चंद्रा का

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

हमारे समाचार संवाददाता धनेश्वर साहू ने 19 फरवरी 2024 को दो व्यक्तियों को मृत घोषित करने वाले गोरेलाल चंद्रा एवं विमला चंद्रा दोनों पति-पत्नी हैं इन्हें शासन के द्वारा वृद्धा पेंशन मिल रहा था लेकिन सरपंच के द्वारा दोनों को अपने व्यक्तिगत दुश्मनी के लिए उन्हें मृत घोषित किया गया जब उन्हें लगातार 6 माह तक वृद्धा पेंशन ना मिलने पर इन्होंने खोजबीन करना प्रारंभ किया तो पता चला कि ग्राम सरपंच हेमलता जन्मेजय चंद्रा एवं पुत्र याज्ञेन्द्र चन्द्रा के द्वारा तथा सचिव ने गोरेलाल चंद्रा एवं विमला चंद्रा ग्राम नंदेली को मृत घोषित किया गया जबकि गोरेलाल चंद्रा के घर से हमेशा जन्मेजय जनपद पंचायत कार्यालय जैजैपुर लगा रहता है ऐसा लगा रहा है कि इनका व्यक्तित्व दुश्मनी की वजह से इन दोनों के पेंशन मृत घोषित कर विलुप कराया जब हमारे संवाददाता ने इनका समाचार बखूबी से लगाते रहे और गोरेलाल चंद्रा एवं विमला चंद्रा जो कि अपने कार्य में लगे रहे और उन्हें बचाव के पक्ष में अनेको नेताओं ने दम खम लगाया हेमलता चंद्रा का पक्ष लिया लेकिन गोरेलाल चंद्रा के द्वारा अपने कर्तव्य पर लगे रहे जिसका परिणाम आज की स्थिति में हेमलता चंद्रा पुत्र याज्ञेन्द्र चंद्रा एवं ग्राम सचिव देवेंद्र जांगड़े के खिलाफ धारा 420 ,34 का केस दर्ज किया गया ।


जीवित व्यक्ति को मृत बताया सरपंच-सचिव ने
पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
पेंशनधारी को पेंशन न मिलने पर खोज खबर की गई कि आखिर राज क्या है
का मिलन
सचिन का हस्ताक्षर
क्या सचिव समयावधि में हैं

# बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट करने वाले तो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

बुजुर्ग महिला को घर घुसकर मारपीट करने वाले 02 आरोपी जेल भेजे गए है, थाना जैजैपुर पुलिस की कार्यवाही 02/04/2024 के अनुसार प्रार्थिया सहोदरा बाई चंद्रा 24.03.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की वह अपने पति के साथ ग्राम खम्हारडीह में रहती है, उसका दमांद देख रेख करता है। घटना 24.03.2024 को गांव के (01) कौशल चंद्र पिता स्व. दिलदार चंद्रा उम्र 25 साल। (02) नरेश चंद्रा पिता स्व. दिलदार चंद्रा उम्र 19 साल सकिन खम्हारदीह के द्वारा प्रार्थिया एवम उसके दामांद दिलीप चंद्रा को घरेलू विवाद पर से घर अंदर घुस कर गंदी गंदी गली गलौच करते हाथ मुक्का से मारपीट किए है एवम मोटर साइकिल सी.डी. डीलक्स को तोड़फोड़ कर 5000 रूपये का नुकसान किए है ।

रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 64/2024 धारा 452, 506, 323, 427, 34 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामला बुजुर्ग महिला से संबंधित होने से पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से)अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के द्वारा आरोपीगण को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिये गये है।

# डभरा पुलिस ने की अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, अलग-अलग दो मामले हुए दर्ज



पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

थाना डभरा पुलिस की कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर / उमरा अंजली गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब जुओं सट्टा के घर पकड़ कर कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिये गये है के परिपालन में 01.04.24 को प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक चन्द्रहास थाना प्रभारी डभरा के हमराह के साथ टाउन पेट्रोलिंग अपराध पतासाजी, आबकारी एक्ट कार्यवाही हेतु शासकीय वाहन सीजी0 03-0727 से ग्राम सुखापाली, घोघरी तरफ ग्राम भ्रमण के दौरान जरिये मुखबीर मोबाईल द्वारा सूचना मिला की ग्राम सुखापाली में चयन नारंगे साकिन सुखापली का अपने मकान के बाजू में खाली कमरे में अवैध रूप से बिकी करने हेतु भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब छिपा कर रखा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर रेड किया गया। चवन नारंगे पिता सुन्दरमणी नारंगे उम्र 37 साल निवासी सुखापाली के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 600/रू को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है, उक्त कार्यवाही में प्र.डी.एस.पी. चन्द्रहास, उनि सी एम मालाकार, स.उ.नि. शंकर लाल साहू, प्र.आर. जीतकुमार जाटवर आर हरिहर सिंह, मानसिंह का विशेष योगदान रहा।

# हत्या के फरार आरोपी को पुलिस ने चंद्रपुर में दबोचा, गिरफ्तारी से बचने लगातार बदल रहा था ठिकाना, आरोपी जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पिछले साल 26 जुलाई को थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिरवानी में महिला साधनी बाई चौहान पति स्व रामलाल चौहान उम्र 65 वर्ष का शव उसके घर पर पड़ा मिला था। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने आखिरकार चंद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में मृतिका के दामाद देव सिह राठिया (उम्र 55 वर्ष) बताया कि उसकी सास साधनी बाई चौहान अकेली रहती थी। 26 जुलाई की सुबह इसकी बेटी रेखा चौहान (मृतिका की नातिन) उसके नानी के घर गई तो देखी साधनी बाई जमीन में मृत हालत में पड़ी थी, बाहर से दरवाजा में सीटकीनी लगा था। घर के अंदर कपड़े अस्त-व्यस्त थे। मृतिका साधनी बाई के गले में पहने सोने की माला नहीं थी, एवम् आलमारी में रखे सोने चाँदी के जेवर नहीं थे परिजनों ने चोरी को लेकर अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त किया गया था। मामले में चक्रधरनगर पुलिस अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अपराध विवेचना दरम्यान मृतिका के परिजनों, उसके घर आने जाने वाले लोगों से सघन पूछताछ कर जांच आगे बढाया गया जिसमें ग्राम छिरवानी के पास स्थित एसपीएस पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले अजय कुमार बेहरा का मृतिका के घर आने-जाने की जानकारी मिली थी। घटना के बाद से संदेही अजय बेहरा फरार था पुलिस को जांच में संदेही के खिलाफकुछ और महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा आरोपी की पतासाजी के लिए लगतार संभावित स्थानों पर छापेमारी की गई, आरोपी निरंतर गिरफ्तारी से बचने अपना लोकेशन बदल रहा था जिसके कल चंद्रपुर में परिचित के शरण लेने आने की सूचना मिलते ही टीआई प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम चंद्रपुर रवाना हुई और आरोपी अजय बेहरा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी अजय कुमार बेहरा पिता रतन प्रसाद बेहरा उम्र 34 साल निवासी बांसाझार थाना छाल जिला रायगढ़ ने महिला साधनी बाई के पहने जेवर की लूटपाट के उद्देश्य से गला दबाकर, मुंह में रस्सी बांध कर हत्या करना स्वीकार किया है। आरोपी ने महिला से लुटे और आलमारी से चुराए कुछ जेवरों को अपने खर्च के लिए बेच देना बताया। पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम पर मृतिका के घर से चुराए चांदी का हाफ करधन, बेनीफुल, बिछिया, अंगूठी बरामद कर जप्त किया गया है तथा संबंधित धारा 302 आईपीसी में धारा 458, 397, 201 आईपीसी विस्तारित कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश कर जेल भेजा गया है।

# खैरपुर, व जामगा के जंगल में दावानल, आग को बुझाने वन अमला जूटा, गर्मी बढ़ते ही हर दिन जंगलों में आग लगने की घटना शुरू



पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

गर्मी बढ़ते ही जंगल में आग लगने की घटना शुरू हो जाती है। जहां बीते शाम रायगढ़ रेंज के खैरपुर व जामंगा क्षेत्र में दावानल के घटना घटित हुई। जंगल में लगे आग के प्वाईंट की सूचना विभाग को मिलने के बाद आग पर काबू पाने के लिए विभागीय अमला जूट गया है। इस संबंध में विभागीय अमला से मिली जानकारी के मुताबिक बीते षाम वन परिक्षेत्र रायगढ़ में खैरपुर बीट के कक्ष क्रमांक 994 आरएफ में दावानल की सूचना विभाग को मिली। जिसके बाद वन अमला द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन बुधवार तक यहां आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था और वन अमला आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे। वहीं रायगढ़ रेंज के ही जामगा सर्किल के मनुआपाली बीट के कक्ष क्रमांक 982 पीएफ क्षेत्र के जंगल में आग लगने की घटना घटित हुई। जहां सूचना मिलने के बाद आग को बुझा लेने की बात कही जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि महुआ के लिए आग लगा दिया जाता है और उसी का आग वन क्षेत्रों तक पहुंच जाती है। जिसके कारण दावानल की घटनाएं घटित होती है।

**पहले की गई थी तैयारी**–विदित हो कि विभाग द्वारा दावा किया गया था कि जंगल में आग लगने की घटना घटित न हो इसके लिए तैयारी की गई है। फायर लाईन कटाई के साथ ही कई तरह के उपाए किए गए थे, पर लगातार दावानल की घटना से विभाग के दावों की भी पोल कहीं न कहीं खुल रही है।

> खैरपुर बीट व जामगा सर्किल क्षेत्र में दावानल की घटना घटित हुई है। आग को बुझाया जा रहा है। महुआ के लिए राजस्व क्षेत्र में भी आग लगाया जाता है तो वह वन क्षेत्र में आ जाता है। जिसके कारण इस तरह की घटनाएं घटित हो रही है। दावानल की घटना को रोकने वन अमला लगातार प्रयास कर रहा है।
>
> **लीला पटेल**
> **रेंजर, वन परिक्षेत्र रायगढ़**

## मनबुद्धि बेसहारा महिला को 4 दिनों से आश्रय स्थल में रख जन सेवा की

# मानवता की मिशाल, प्ररेणा क्षेत्रीय संघ की भूमिका रही सराहनीय

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com



भगवान ने सृष्टि में इंसान की बहुत ही सुंदर रचना की है, जिसे बुद्धि के रूप में ऐसी शक्ति मिली है। इस शक्ति का प्रयोग कर इंसान बड़ा से बड़ा कार्य कर सकता है। कुछ महिला इसी शक्ति के परिचय देते हुए वार्ड नं 20 के आश्रय स्थल संचालित महिलाएं ने एक मनबुद्धि महिला को 2/4/2024 दिन शनिवार को शाम 4 बजे किसी ऑटो रिक्शा चालक ने आश्रय स्थल आसपास मनबुद्धि महिला को छोड़ कर चले गए और उस मनबुद्धि साथ मनो रोग के मरीज थे आश्रय स्थल के उस महिला के ऊपर नजर पड़ी तो उस महिला को आपने आश्रय स्थल में जगह दी और देखरेख सारी व्यवस्था प्रेरणा क्षेत्रीय संघ की अध्यक्ष सवाना साहू, चमेली साहू,संगीता यादव, शकुंतला साहू , नगर पालिका परिषद चांपा सामुदायिक संगठक राजकुमारी सिंह ने उस मनबुद्धि महिला को भोजन पानी, पहनने के लिऐ वस्त्र व्यवस्था की। एक दिन बीत जाने के बाद चांपा थाना भेजा गया की इस महिला कहा से आया है उसका पता नही बता पा रही है उस मनबुद्धि महिला को जब चांपा थाना प्रभारी एवं महिला स्टाप द्वारा पूछताछ किया गया की आप कहा से आया हो उनको भी सही सही जवाब नही दे पाई फिर थाना प्रभारी ने अपने जांच स्तर पर खोज बिन का आश्वासन दिया।जब तक इस महिला का परिजन का पता नही चल पाता तब तक इस महिला को आश्रय स्थल पर उसी स्थान आश्रय स्थल में उस महिला को छोड़ दिया यह बोल कर इसके परिजन को ढूंढकर भेज देंगे लेकिन 3दिनों तक किसी तरह से उसके परिजन तक नही पहुंच पाया लेकिन 2/4/2024 को फोन के माध्यम से दोपहर 2 बजे राजकुमारी सिंह जो नगर पालिका में सामुदायिक संगठक के पद पर पदस्थ है जो मनबुद्धि मोनो रोग के मरीज महिला से मिलने के लिऐ पहुंचे आश्रय स्थल उस महिला से बात चीत किया की आप कहा की है तब उस महिला ने गोल मोल जवाब देती थी उसके बाद समझ नही आया तो स्थानीय पत्रकार को बुलाया गया स्थानीय पत्रकार उस महिला से पूछा और उसके फोटो भी लिया और आप याद करो की आप कहा से आए हो तब कभी कोरबा, तो कभी उड़ीसा, तो कभी रायपुर के रहने वाली बोलती थी उसके बाद थोड़ी देर बाद पूछने पर आपके कितने भाई और कितने बहन हो और आपकी पति का क्या नाम है आपकी मायका कहा है और आपकी मां क्या नाम है तब उस महिला बोली की मेरी मां का नाम पुष्पलता साहू और में बिलासपुर सरकंडा में मेरे मायका है तब बड़ी मुश्किल से कई बार नम्बर मंगाने पर दिया उसके बाद भी कई बार गलत गलत नंबर बताती थी उसके बाद मां का नंबर उसके मां का नाम पुष्पलता साहू नाम अंकित मिला तब उसकी बात किया तब उसकी मां बोली की यह मेरी बड़ी बेटी है जिसका नाम दीप्ति साव है मैं उसकी मां हूं यह मेरे छोटी बेटी को भेजती हूं बोली लेने के लिऐ तब थाना प्रभारी को पत्रकार राजेंद्र प्रसाद जायसवाल संपर्क किया शनिवार को आपके स्टाप आश्रय स्थल में एक मनबुद्धि महिला छोड़कर चेले गए उस महिला का परिजन बिलासपुर सरकंडा निवासी है और उस महिला के परिजन लेने के चांपा आ रहे है तब उस थाना प्रभारी ने बोले ठीक भेज देना बोले जब उस महिला की छोटी बहन सीमा साहू कार से लेने आए और चांपा आश्रय स्थल आया।

# पुलिस थाना डभरा में अवैध शराब का मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना डभरा पुलिस की कार्यवाही 02/04/2024 में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चद्रपुर/ डमरा अजली गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब जुओं सट्टा के घर पकड़ कर कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिये गये है के परिपालन में 01.04.24 को प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक चन्द्रहास थाना प्रभारी डभरा के हमराह के साथ टाउन पेट्रोलिग, अपराध पतासाजी, आबकारी एक्ट कार्यवाही हेतु शासकीय वाहन सीजी0 03-0727 से ग्राम सुखापाली घोघरी तरफग्राम भ्रमण के दौरान जरिये मुखबीर मोबाईल द्वारा सूचना मिला की ग्राम सुखापाली में मुखबिर की सूचना पर खड़खोडिया के पास आम जगह पर तास पत्ती से रूपये पैसे के हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पाये जाने पर पतिराम पिता मधुराम नारंगे उम्र 49 साल, चन्द्रप्रकाश निराला पिता रामबिलास उम्र 34 साल, मनीराम नारगे पिता रामभरोस उम्र 60 साल तीनो साकिनान सुखापाली थाना डभरा जिला सक्ती से 630/रू. एवं 52 पत्ती तास जप्त कर धारा 3 (2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया है। उक्त कार्यवाही में प्र.डी.एस.पी. चन्द्रहास, उ.नि सी एम मालाकार, स.उ.नि शंकर लाल साहू, प्र.आर. जीतकुमार जाटवर, आर हरिहर सिंह, मानसिंह, का विशेष योगदान रहा।

# पुसौर ब्लॉक के गांवों को विकसित बना रहा अदाणी फॉउंडेशन





पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अदाणी समूह द्वारा विकसित भारत 2047 की लक्ष्य प्राप्ति के लिए ग्रामीण स्तर पर स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयासों की कड़ी में सीसी रोड, सामुदायिक भवन, शासकीय स्कूलों का जीर्णोद्धार खेल मैदान इत्यादि का निर्माण किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिले के पुसौर विकासखण्ड में स्थित अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023 -24 में परियोजना लाभान्वित ग्राम छोटे भंडार, बड़े भंडार, बिरहाभाँटा और सरवानी ग्राम में ढांचागत विकास के कई कार्य कराए गए हैं।

अदाणी फाउंडेशन की सामुदायिक ढांचागत विकास की इस कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम बड़े भंडार सालों से उपेक्षित और असुरक्षित स्कूल परिसर के चारों तरफ आहाता (बाउन्ड्रीवाल) का निर्माण और रंगरोगन कराकर इसे सुंदर और सुरक्षित बनाया गया। नतीजतन यहां पर छात्रों की उपस्थिति तो बढ़ी ही साथ ही ग्रामीणों ने भी अपनी खुशी जाहिर की। इसी सत्र के दौरान अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम बड़े भंडार के ही सड़कपारा मोहल्ले में शनि मंदिर के पास एक सामुदायिक शेड का निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत बरपाली के ग्राम सरवानी मे एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जिससे गावों में होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों जैसे विवाह-धार्मिक आयोजनों, सामाजिक सम्मेलनों और उत्सवों में ग्रामीणों को इससे बड़ी मदद मिल सकेगी। इसके अलावा ग्राम बिरहाभाँटा से सरवानी तक का कच्चा मार्ग जिसमें ग्रामीणों और स्कूल जाने वाले छात्रों को आवागमन में असुविधा होती थी एवं बारिश मे मौसम में तो इस मार्ग पर चलना भी दूभर था। अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीणों और बच्चों की इस परेशानी को संज्ञान में लेकर 900 मीटर लंबे मार्ग का कायाकल्प कर सीमेंट कन्क्रीट की पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। इस कार्य के होने से ग्रामीणों का आवागमन और परिवहन सुरक्षित, आरामदायक और सुलभ हुआ है। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ द्वारा क्षेत्र में युवा खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने और उनके नियमित खेल अभ्यास और ग्राम स्तर में खेल प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहित करने का भी बीड़ा उठाया है। यहां अपनी संरचनात्मक ढांचागत विकास को निरंतर जारी रखते हुए निकटवर्ती आदिवासी बाहुल्य ग्राम अमलीभौना में एक नए खेल मैदान का निर्माण किया गया है। इस खेल मैदान के बन जाने से यहां के युवा खिलाड़ी फुटबॉल, क्रिकेट और अन्य खेलों का अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकेंगे। अदाणी समूह की अदाणी फाउंडेशन द्वारा रायगढ़ जिले के पुसौर और तमनार प्रखण्ड में ग्रामीण ढांचागत विकास में किए गए प्रयास ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने, टिकाऊ प्रथा को बढ़ावा देने और पूरे अञ्चल में समावेशी विकास की एक प्रभावी पहल है। इसके साथ ही अंचल में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे है, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक और संरचनात्मक ढांचागत स्थिरता को बढ़ाने में मदद तो मिल ही रही है। साथ ही इन कार्यों ने समाज में भी विभिन्न स्तरों पर लोगों को प्रभावित किया है।

# जमीन की गाईड लाईन में 30 प्रतिशत की छूट समाप्त करने के साथ पंजीयन शुल्क को घटाकर 0.8 प्रतिशत किया जाए : नवीन गुप्ता

## भाजपा की साय सरकार अतिरिक्त पंजीयन शुल्क लेकर जनता का लूट रही

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी के छत्तीसगढ के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने जमीनों के गाईड लाईन दरों में दी जा रही 30 प्रतिशत की छूट को समाप्त करने के साथ ही लगने वाली 4 प्रतिशत की पंजीयन फीस को घटाकर 0.8 प्रतिशत किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इसे यथावत रखा है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने जमीनों की गाइड लाईन दरों को घटाकर एक ओर केंद्र सरकार को मिलने वाली आयकर की दरों में में कमी की। वहीं पंजीयन फीस बढ़ाकर राज्य सरकार ने पूरा फायदा लिया। लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य की साय सरकार ने जो निर्णय लिया है उस पर निर्वाचन आयोग को रोक लगाना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि जमीन के गाइड लाइन दरों में वृद्धि किए जाने के संबंध में राज्य सरकार ने जो निर्णय लिया है वह आम जनता के हित में नहीं है। आचार संहिता के दौरान राज्य सरकार को ऐसे निर्णय लेने पर निर्वाचन आयोग को संज्ञान में लेना चाहिए। मामला बहुसंख्यक लोगों को जूड़ा है ऐसे में इसे चुनाव तक रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने जब छूट देने के निर्णय को रद्द किया है, तो लगने वाली फीस 0.8 प्रतिशत को लागू किया जाना था। दोनों आदेश पूर्ववर्ती सरकार ने एक साथ जारी किए थे। पंजीयन फीस आज भी 4 प्रतिशत ही ली जा रही है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री में गाइड लाइन के दर 1 करोड़ की गाइड लाईन दर पर 70 लाख का स्टाम्प लगता था। यहां पर आयकर की गणना 70 लाख पर ही की जाती थी। ऐसे में केंद्र सरकार के आयकर विभाग को इससे कम राजस्व मिलता था। भूपेश सरकार केंद्र के खजाने में कमी करने के साथ ही पंजीयन फीस की राशि 3.20 प्रतिशत की अधिक लेकर राज्य के खजाने को भरपुर फायदा पहुंचा रहे थे। अब जब छूट खत्म कर दिया गया है तो राज्य के राजस्व को फायदा तो मिलेगा जमीन के खरीदारों से फीस की ली जाने वाली अतिरिक्त राशि पर भी छूट दिया जाना चाहिए।

# संपन्न हुआ शब्दाक्षर का भव्य कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलकाता मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के तत्वाधान में कल रविवार 31 मार्च को अर्थ मंत्री नीलिमा मिश्रा के काव्यसंग्रह के लोकार्पण एवं काव्यसंध्या का रायपुर के वृंदावन सभागार में भव्य आयोजन किया गया। अक्षर वह छोटी ध्वनि हैं जिसके और टुकड़े न किए जा सकें और सार्थक अक्षर समूह शब्द कहलाता है जिसके कारण साहित्य है। ये वक्तव्य था अंचल के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, छंद विशेषज्ञ, भाषाविद डॉ चितरंजन कर का जो लोकार्पण विभूति की भूमिका में मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि साहित्यकार व्यंगकार, शायर के पी सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि के पद की गरिमा बढ़ाई। छत्तीसगढ़ के जाने पहचाने साहित्यकार, प्रकाशक डॉ. सुधीर शर्मा ने। कार्यक्रम की अध्यक्षता की साहित्य के मर्मज्ञ सच्चिदानंद मिश्र ने जिन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान विस्तार से पुस्तक पर अपनी बात रखी। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात कवयित्री शकुंतला तरार द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना का गायन मां शारदे के आव्हान के साथ सभागार को संगीतमय कर गया। स्वागत उद्बोधन शब्दाक्षर की प्रदेश अध्यक्ष नीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। शब्दाक्षर संस्था की स्थापना से लेकर 25 राज्यों तक ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले संस्थापक अध्यक्ष रविप्रताप द्वारा स्थापित शब्दाक्षर से परिचित कराया साहित्य मंत्री मधु सक्सेना ने। तत्पश्चात शुरू हुई पुस्तक समीक्षा एवं काव्य गोष्ठी जिसमे शहर के स्थापित और चर्चित कवि-कवियित्रियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और देर शाम तक काव्य गंगा प्रवाहित होती रही। मुख्य अतिथि, के पी सक्सेना ने, अतिथि सुधीर शर्मा एवं लोकार्पण विभूति 'बेंच पर कविता' पर अपने विचार व्यक्त किए। शब्दाक्षर की प्रचार मंत्री मीना शर्मा ने अपने बेहतरीन संचालन द्वारा कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। अंत में उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव द्वारा आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में दिलीप बरवंडकर, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, कुमार जगदलवी, शकुंतला तरार, चंद्रकांता अग्रवाल, गोपाल शुक्ला, सुरेन्द्र रावल, सुरेश तिवारी, सुनीता वर्मा, विनय वर्मा, मीता अग्रवाल, वृंदा पंचभाई, रत्ना पांडे, लतिका भावे, माधुरी कर, सहित, पूनम मिश्रा, सोनी, शोभा, मोहन श्रीवास्तव, प्रतिभू बनर्जी एवं शहर के गुणीजन ने शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

# बृजमोहन अग्रवाल ने भाजपा के पार्टी कार्यकर्ताओं को समझाया बूथ मैनेजमेंट

## मोदी के विचारों और कामों से प्रभावित होकर कांग्रेसी समेत दूसरे लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं : बृजमोहन अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक किसी को भी कमतर नहीं आंकती है। इसीलिए पार्टी हर चुनाव को अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ती है। पार्टी 12 महीने 24 घंटे सातों दिन चुनाव के लिए तैयार रहती है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से काम नहीं है। जो यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा तैयार खड़ा है। यह बात छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री एवं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा में भाजपा के चारो मंडल बैठक के दौरान कही। इन बैठकों का आयोजन निपनिया मंडल के ग्राम भोथीडीह, भाटापारा नगर मंडल भाजपा कार्यालय, भाटापारा ग्रामीण ग्राम तरेंगा और सिमगा मंडल ग्राम दामाखेड़ा में किया गया था। इन बैठक का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में बेहतर बूथ प्रबंधन था। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से कम नहीं है जो केवल पार्टी ही नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत के निर्माण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के समय पालिका चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक मुख्य मुद्दा नाली, सड़क, बिजली और पानी का होता था। लेकिन पिछले 10 सालों में नरेंद्र मोदी ने देश की दशा और दिशा दोनों बदल दी हैं। ग्रामीण इलाकों तक में गरीबों को पक्के मकान, नल जल योजना से जल, 24 घंटे बिजली मिल रही है। जिससे ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि वह मोदी के इन्हीं कार्यों को लेकर जनता के बीच में जाएं और उन्हें कमल के फूल को वोट देकर मोदी को मजबूत बनाने का आह्ववान करें।

### दुनियाभर में भारत का डंका बज रहा है

अग्रवाल ने कहा कि दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है भारत एक तेज़ी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के लिए कार्यकर्ता जनता से भाजपा को वोट देने के लिए अपील करें। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है कि हमारी महिलाओं को आत्म सम्मान के साथ ही उनको आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है महतारी वंदन योजना के तहत मोदी ने महिलाओं को प्रति महीने 1000 देने भी शुरू कर दिए हैं। महिलाओं में आर्थिक आजादी भी आएगी उनकों दूसरों के ऊपर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मतदाताओं से सीधा संपर्क करना होगा। उनको पार्टी के विचार और योजनाओं के बारे में जानकारी देनी होगी। जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को समय निकालकर जन संपर्क करना होगा। शिवरतन शर्मा ने महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि, एक महिला दूसरी महिला की बात अच्छे से सुनती और समझती है। इसलिए महिला कार्यकर्ता भी पूरी तैयारी और जानकारी के साथ महिला मतदाताओं के बीच जाएं और कमल के फूल के लिए वोट मांगे। बैठक में पूर्व विधायक धरसीवां देवजी भाई पटेल, जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े, राकेश तिवारी, कृष्णा अवस्थी, अनिल पांडेय, मोहन बांधे, अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, महाबल बघेल, सुनील मिश्रा, धनीराम साहू, देवक साहू, मथुरा यदु, डबलू ठाकुर, पवन वर्मा, रोशन साहू, केजु राम बघेल, छोटू यादव, चंद्रमणि तिवारी, आनंद यादव, मनिंदर सिंह गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, सतीश सोनी, गोलू देवांगन, टिक्की वर्मा, कमलेश साहू, सुरेश यदु सहित पार्षद और मंडल पदाधिकारी बडी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में मल्दी सरपंच भोला वर्मा, पूर्व सरपंच गोढ़ी टी रामप्रसाद साहू, समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसियों और दूसरे लोगों ने भाजपा की सदायस्ता ग्रहण की।

# ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च में 53,000 से ज्यादा यूनिट्स का ऑल–टाइम

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



ओला इलेक्ट्रिक ने घोषणा की है कि उसने मार्च महीने में 53,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन (वाहन पोर्टल के अनुसार) दर्ज किए, जो लगातार पांचवें महीने में फिर से सबसे अधिक मन्थली वॉल्यूम है। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की तुलना में वित्त वर्ष 24 में 115त्न की वार्षिक वृद्धि हासिल की, जिसमें 328,785 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं, जबकि वित्त वर्ष 23 में 1,52,741 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं। मार्च में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ, कंपनी ने महीने के दौरान अपने अग्रणी मार्केट शेयर को बनाए रखा और पिछली तिमाही में 84,133 यूनिट्स की तुलना में क्यू4 वित्त वर्ष 24 के दौरान पंजीकृत 119,310 यूनिट्स के साथ 42 प्रतिशत क्वार्टरली वृद्धि दर्ज की। ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अंशुल खंडेलवाल ने कहा मार्च में रजिस्ट्रेशन के 53,000 मार्क को पार करने के साथ साथ वित्त वर्ष 24 का अंत इससे बेहतर नहीं हो सकता था। पिछला वर्ष हमारे साथ-साथ ईवी इंडस्ट्री के लिए भी महत्वपूर्ण रहा है, और हम वॉल्यूम व मार्केट शेयर दोनों में लगातार वृद्धि दर्ज करते हुए पूरे वित्तीय वर्ष में मार्केट लीडर रहे हैं। हमने अकेले क्यू4 वित्त वर्ष 24 में लगभग 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन्स दर्ज किए हैं, जो हमारे मजबूत स्कूटर पोर्टफोलियो को दर्शाता है, और हमारा लक्ष्य विकास पथ की ओर बढ़ना व भारत की इलेक्ट्रिफिकेशन जर्नी में और योगदान रखना है। ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में ईवी को अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के प्रयास में प्रोडक्ट्स, सर्विसेस, चार्जिंग नेटवर्क और बैटरी वारंटी जैसे इनिशिएटिव की एक सीरीज की घोषणा की है। एस1 एक्स (4के डवलुएच ) के लॉन्च के साथ, ओला इलेक्ट्रिक का पोर्टफोलियो अब बढ़कर छह प्रोडक्ट्स (एस1 प्रो, एस1एयर, एस1 एक्स +, एस1 एक्स- 2 के डवलुएच, 3के डवलुएच, 4के डवलुएच) का हो गया है जो अलग-अलग कीमतों पर और अलग-अलग रेंज के ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती है।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 प्रथम चरण हेतु 550 अभ्यर्थियों ने लिया प्रशिक्षण

## गायब रहने वालों को मिलेगा शोकाज नोटिस, मतदाता शपथ एवं मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com







कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण जिला बलौदा बाजार- भाटापारा के विभिन्न विकासखंडो में दो एवं तीन अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु भाटापारा में मतदान दलो का प्रथम चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर की शासकीय पंचम दीवान उ मा माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया। दीप्ति गौते अपर कलेक्टर बलोदा बाजार भाटापारा के विशेष मार्गदर्शन में प्रथम दिवस 11:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाटापारा के विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त किया। संयुक्त कलेक्टर जिला बलौदा बाजार भाटापारा सीमा ठाकुर ने प्रशिक्षणरत शासकीय सेवकों को निर्वाचकीय कार्यों के संबंध में गंभीरता से सीखने के लिए प्रेरित किया।जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने विभिन्न सत्रों के दौरान निर्वाचन दल को सफलता पूर्वक चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए मतदान अधिकारी एक, दो तीन और पीठासीन अधिकारी, मतदान दल की जिम्मेदारियां, ईवीएम मशीन के संचालन की प्रक्रिया आदि पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। आम चुनाव के लिए प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन 560 शास. सेवकों का प्रशिक्षण रखा गया था, जिसमें 10 कर्मी अनुपस्थित रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम भाटापारा नितिन तिवारी के दिशा निर्देश पर प्रशिक्षण स्थल पर शासकीय अमले के सुगम प्रशिक्षण हेतु बैठक व्यवस्था, कुशल प्रशिक्षको के द्वारा सत्रवार ट्रेनिंग, जलपान एवं भोजन व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों ड्यूटी लगाई गई थी। प्रशिक्षण स्थल पर ही शासकीय सेवकों के लिए डाक मत पत्र इशू करने के फॉर्म भरने की सुविधा दी गई है। डाक मतपत्र हेतु कर्मियों को फार्म 12 में विधानसभा का नाम, निर्वाचक नामावली में भाग संख्या, इपिक कार्ड का विवरण, मोबाइल नंबर, फोटोग्राफ सहित आवश्यक जानकारी देनी होगी। डाक मत पत्र हेतु विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा के लिए सीडीपीओ भाटापारा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रशिक्षण सत्र के अंतिम में लोकतांत्रिक परंपराओं के निर्बाध निर्वाहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता शपथ कार्यक्रम का संक्षिप्त आयोजन किया गया, जिसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी नितिन तिवारी ने शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य बनाए रखने का संकल्प लेते हुए प्रशिक्षण स्थल पर 700 से ज्यादा उपस्थित शासकीय सेवकों ने निर्भीक एवं अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई। प्रशिक्षण स्थल पर मतदाता शपथ के बाद समस्त कर्मियों मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर करते हुए मतदान हेतु संकल्प भी लिया। मतदाता जागरण की दृष्टिकोण से प्रशिक्षण स्थल पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे। बुधवार को प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पिंक बूथ हेतु महिला शासकीय सेवक एवं अन्य शेष कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक निष्पादन हेतु अनु विभाग राजस्व द्वारा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार भाटापारा, पुलिस विभाग, जनपद, स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, शाला प्रशासन आदि को दायित्व सौपे गए है।

# कांग्रेस की सोच रही है भय आतंक और तानाशाही सरकार चलाने की : ओपी चौधरी

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के बयान पर पलटवार करते हुये प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मोदी किसी व्यक्ति का नाम नहीं है। नरेंद्र मोदी है एक सोच का नाम, जो भारत को विकसित राष्ट्र बना रहा है। वित्त मंत्री ने कहा मैं भी हूं मोदी मुझे मारो लाठी, हमारा हर कार्यकर्ता यह कह रहा है कि मैं भी हूं मोदी मुझे भी मारो लाठी। कांग्रेस की सोच रही भय आतंक और तानाशाही सरकार चलाने की। पहले छत्तीसगढ़ की जनता ने सबक सिखाया अब देश की जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी। राजनांदगांव की सभा में डा. चरण दास महंत ने कहा था कि उन्हें ऐसा नेता चाहिए जो मोदी का सर फोड़ सके। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी बुधवार को एम सी बी जिला मुख्यालय पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुताबिक छत्तीसगढ़ ही नहीं देशभर में नरेंद्र मोदी की सुनामी चल रही है। इसमें कांग्रेस पूरी तरह से बह जाएगी। कांग्रेस एक डूबती नाव है, जिसमें छेद हो चुका है। नाव में पानी लगातार भर रहा है। इसलिए लोग मजबूरी में कांग्रेस छोड़कर भागने को मजबूर हैं। चौधरी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कानूनी तौर पर सही बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना भरोसा खोते जा रही है। पहले उन्होंने नारा दिया भूपेश है तो भरोसा है। फिर उन्होंने कहा कि भरोसे की सरकार। आलाकमान ने चुनाव के पहले ही समझ में आ गया था कि भूपेश से उनके कार्यकर्ताओं का का ही भरोसा उठ चुका है। राजनांद गाँव में कार्यकर्त्ता किस तरह से खुले मंच पर बात कर ते हैं कोई पत्र लिख रहा है। कांग्रेस से उनके ही कार्यकर्त्ताओं का विश्वास उठ चुका है। कांग्रेस को छोड़कर महासमुन्द ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेसी साथी अविश्वास के कारण कांग्रेस छोड़ कर भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। इस अवसर पर विधायक भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले, रामचरित द्विवेदी, लखन लाल श्रीवास्तव, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र विश्वकर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज यादव, राहुल सिंह, प्रवीण निशि, अंकुर जैन, आशीष मजूमदार, सुरेंद्र सिंधवानी, आलोक जायसवाल, विवेक अग्रवाल, महेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, आकाश दुआ, रवि जायसवाल, रवि सिंह, प्रवीण सिंह, मीनू, समेत जिले भर के कार्यकर्त्ता काफी संख्या में मौजूद थे।


## NOTICE

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR
CAVEAT APPLICATION NO. OF 2024
WRIT APPEAL NO. OF 2024

CAVEATOR PROPOSED RESPONDENTS : Santosh Kumar Singh, S/o Ramanuj Singh, aged about 49 years, posted as Incharge Mandal Sanyojak, Block Shankargarh, Distt. Balrampur-Ramanujganj (C.G.)

versus

PROPOSED PETITIONER : To Public at large

CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A of CIVIL PROCEDURE CODE.

The Caveator aboe named respectfully begs to submit as under :-

1. That, the caveator in whose favour an order has been passed by the Collector Balrampur-Ramanujganj vide order dated 15.03.2024 whereby the petitioner had been given charge of Mandal Sanyojak, Sankargarh and incompliance of the order dated 15.03.2024 the petitioner has joined the post of Mandal Sanyojak, Shankargarh, Distt. Balrampur-Ramanujganj and he is working there. Copy of order date 15.03.2024 is filed herewith as **ANNEXURE C/1.**
2. That, the Caveator apprehends that proposed petitioner may file a Writ petition against the above mention order passed by Collector Balrampur-Ramanujganj by which petitioner has been given charge of Mandal Sanyojak of Block Shankargarh, Distt. Balrampur-Ramanujganj (C.G.).
3. That, the caveator is a necessary party in whose favour the Collector has passed the order therefore the petitioner may be given an opportunity of hearing before passing any interim order is necessary in the ends of Justice.
4. That, a copy of the caveat application is already send to the proposed petitioner through the registered post copy of the receipt is enclosed herewith as **ANNEXURE C/2** for its kind perusal of the Hon'ble court.

PRAYER

It is, therefore, prayed that caveator may be heard on interim application filed by the petitioner, in the interest of justice.

Bilaspur : (RAHUL MISHRA)
Dated : 22.03.2024 COUNSEL FOR THE CAVEATOR

## NOTICE

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR
CAVEAT APPLICATION NO. OF 2024
WRIT APPEAL NO. OF 2024

CAVEATOR PROPOSED RESPONDENTS : Santosh Kumar Gupta, S/o Muneshvar Kumar Gupta, aged about 48 years, posted as Incharge Mandal Sanyojak, Block Kusumi, Distt. Balrampur-Ramanujganj (C.G.)

versus

PROPOSED PETITIONER : Public at large

CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A of CIVIL PROCEDURE CODE.

The Caveator aboe named respectfully begs to submit as under :-

1. That, the caveator in whose favour an order has been passed by the Collector Balrampur-Ramanujganj vide order dated 15.03.2024 whereby the petitioner had been given charge of Mandal Sanyojak, Kusumi and incompliance of the order dated 15.03.2024 the petitioner has joined the post of Mandal Sanyojak, Kusumi, Distt. Balrampur-Ramanujganj and he is working there. Copy of order date 15.03.2024 is filed herewith as **ANNEXURE C/1.**
2. That, the Caveator apprehends that proposed petitioner may file a Writ petition against the above mention order passed by Collector Balrampur-Ramanujganj by which petitioner has been given charge of Mandal Sanyojak of Block Kusumi, Distt. Balrampur-Ramanujganj (C.G.).
3. That, the caveator is a necessary party in whose favour the Collector has passed the order therefore the petitioner may be given an opportunity of hearing before passing any interim order is necessary in the ends of Justice.
4. That, a copy of the caveat application is already send to the proposed petitioner through the registered post copy of the receipt is enclosed herewith as **ANNEXURE C/2** for its kind perusal of the Hon'ble court.

PRAYER

It is, therefore, prayed that caveator may be heard on interim application filed by the petitioner, in the interest of justice.

Bilaspur : (RAHUL MISHRA)
Dated : 22.03.2024 COUNSEL FOR THE CAVEATOR

## NOTICE

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR
CAVEAT APPLICATION NO. OF 2024
WRIT APPEAL NO. OF 2024

CAVEATOR PROPOSED RESPONDENTS : Butan Yadav S/o Bishun Yadav, aged about 48 years, posted as Incharge Mandal Sanyojak, Block Ramchandrapur, Distt. Balrampur-Ramanujganj (C.G.)

versus

PROPOSED PETITIONER : Public at large

CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A of CIVIL PROCEDURE CODE.

The Caveator aboe named respectfully begs to submit as under :-

1. That, the caveator in whose favour an order has been passed by the Collector Balrampur-Ramanujganj vide order dated 15.03.2024 whereby the petitioner had been given charge of Mandal Sanyojak, Kusumi and incompliance of the order dated 15.03.2024 the petitioner has joined the post of Mandal Sanyojak, Ramchandrapur, Distt. Balrampur-Ramanujganj and he is working there. Copy of order date 15.03.2024 is filed herewith as **ANNEXURE C/1.**
2. That, the Caveator apprehends that proposed petitioner may file a Writ petition against the above mention order passed by Collector Balrampur-Ramanujganj by which petitioner has been given charge of Mandal Sanyojak of Block Ramchandrapur, Distt. Balrampur-Ramanujganj (C.G.).
3. That, the caveator is a necessary party in whose favour the Collector has passed the order therefore the petitioner may be given an opportunity of hearing before passing any interim order is necessary in the ends of Justice.
4. That, a copy of the caveat application is already send to the proposed petitioner through the registered post copy of the receipt is enclosed herewith as **ANNEXURE C/2** for its kind perusal of the Hon'ble court.

PRAYER

It is, therefore, prayed that caveator may be heard on interim application filed by the petitioner, in the interest of justice.

Bilaspur : (RAHUL MISHRA)
Dated : 22.03.2024 COUNSEL FOR THE CAVEATOR

## NOTICE

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR
CAVEAT APPLICATION NO. OF 2024
WRIT APPEAL NO. OF 2024

CAVEATOR PROPOSED RESPONDENTS : Jalaj Kumar Patel S/o Shri Mata Prasad Patel, aged about 48 years, posted as Incharge Mandal Sanyojak, Block Wadrafnagar, Distt. Balrampur-Ramanujganj (C.G.)

versus

PROPOSED PETITIONER : Public at large

CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A of CIVIL PROCEDURE CODE.

The Caveator aboe named respectfully begs to submit as under :-

1. That, the caveator in whose favour an order has been passed by the Collector Balrampur-Ramanujganj vide order dated 15.03.2024 whereby the petitioner had been given charge of Mandal Sanyojak, Kusumi and incompliance of the order dated 15.03.2024 the petitioner has joined the post of Mandal Sanyojak, Wadrafnagar, Distt. Balrampur-Ramanujganj and he is working there. Copy of order date 15.03.2024 is filed herewith as **ANNEXURE C/1.**
2. That, the Caveator apprehends that proposed petitioner may file a Writ petition against the above mention order passed by Collector Balrampur-Ramanujganj by which petitioner has been given charge of Mandal Sanyojak of Block Wadrafnagar, Distt. Balrampur-Ramanujganj (C.G.).
3. That, the caveator is a necessary party in whose favour the Collector has passed the order therefore the petitioner may be given an opportunity of hearing before passing any interim order is necessary in the ends of Justice.
4. That, a copy of the caveat application is already send to the proposed petitioner through the registered post copy of the receipt is enclosed herewith as **ANNEXURE C/2** for its kind perusal of the Hon'ble court.

PRAYER

It is, therefore, prayed that caveator may be heard on interim application filed by the petitioner, in the interest of justice.

Bilaspur : (RAHUL MISHRA)
Dated : 22.03.2024 COUNSEL FOR THE CAVEATOR

# 3 सौ से ज्यादा प्रत्याशी होंगे मैदान में : नामांकन लेने उमड़े ग्रामीण, आज पर्चा भरने के बाद साफ होगी तस्वीर

## पूर्व सीएम के बयान के बाद संसदीय क्षेत्र में अब तक 241 नामांकन लिए गए

पायनियर संवाददाता ≺ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में हाईप्रोफाईल इलेक्शन अब रोचक मोड़ ले रहा है। बुधवार को यहां 210 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है। इस तरह अब तक यहां अभ्यर्थियों की संख्या 241 हो चुकी है। ग्रामीण इलाकों से महिला-पुरुषों ने यह नामांकन लिए हैं। माना जा रहा है कि यह कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है। हालांकि फॉर्म लेने वाले अभ्यर्थी किसी राजनीतिक दल या नेता का नाम नहीं ले रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल ईवीएम की लगातार खिलाफत कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा था कि अगर संसदीय क्षेत्र में 375 से अधिक प्रत्याशी होंगे तो निर्वाचन आयोग को ईवीएम की जगह बैलेट पेपर का इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए इस बात पर जोर दिया था कि चुनाव बैलेट पेपर से ही होने चाहिए। पूर्व सीएम के इस बयान के बाद संभावनाएं जताई ही जा रही थी कि कांग्रेस ऐसा कोई प्रयास करेगी जिसके तहत 375 से अधिक प्रत्याशी मैदान में हों। इस बीच नामांकन की आखिरी तारीख से ऐन पहले बुधवार को नामांकन लेने वालों की बाढ़ आ गई। इनमें राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के लोग शामिल हैं। पुरुषों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी नामांकन लिए हैं। कई महिलाएं तो अपने बच्चों के साथ यहां पहुंची थी। नामांकन लेने केसीजी जिले के अतरिया से नामांकन लेने आई महिला अभ्यर्थी विनिता जंघेल ने कहा कि वे आसपास की गांव की तकरीबन 10 महिलाओं के साथ नामांकन लेने आई हैं। उन्होंने कहा कि जिसकी किस्मत होगी वो जितेगा। उन्होंने बताया कि हमारी सोच बनी की हमें भी नामांकन करना चाहिए। नामांकन के लिए पर्याप्त दस्तावेज और पैसों के सवाल पर उन्होंने कहा किसभी पूरी तैयारी के साथ नामांकन के लिए यहां पहुंचे हैं। जो शुल्क तय है वह भी हम अदा करेंगे।

### ग्रामीणों की बड़ी तादाद

नामांकन लेने वालों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातिऔर पिछड़ा वर्ग के ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल हैं। राजनांदगांव जिले के अलग-अलग ब्लॉक से लगातार लोग आकर नामांकन ले रहे हैं। इन्हें नामांकन दाखिल करते हुए लगभग 12 हजार 5 सौ रुपए का शुल्क देना होगा। माना जा रहा है कि, ग्रामीणों को नामांकन के लिए तैयार किया गया है। इसे लेकर कुछ दिनों पहले कांग्रेस की एक बैठक की भी जानकारी सामने आई है। जानकारी मिल रही है कि, इस काम के लिए कुछ लोगों को अलग जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### आज नामांकन का आखिरी दिन

बुधवार को राजनांदगांव जिला कार्यालय में संसदीय चुनाव के लिए नामांकन लेने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है। जिला कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसारलोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए 03 अप्रैल को जिला कार्यालय में कुल 8 नामांकन प्राप्त किए गए। कुल 210 अभ्यर्थियों ने कलेक्टोरेट पहुँचकर नाम निर्देशन पत्र लिया। कल 2 अप्रैल तक 31 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया। कुल 241 नाम निर्देशन पत्र अब तक लिए गए हैं।गौरतलब है कि 4 अप्रैल यानी गुरुवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। इस हिसाब से अगर ये अभ्यर्थी नामांकन जमा करने आज पहुंचते हैं तो जिला निर्वाचन के लिए भी चुनौती की स्थिति खड़ी हो जाएगी। वहीं 5 अप्रैल को नामांकन प्रपत्रों की स्कूटनी होनी है। इस काम में भी संलग्न प्रशासन को बड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 8 अप्रैल तय है।

# कांग्रेस की बूथ कमेटी की बैठक मोहड़ में संपन्न, वार्ड से जीत का किया वादा




पायनियर संवाददाता ≺ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिए शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक द्वारा ब्लॉक के प्रत्येक बूथ कमेटियों की बैठक निरंतर ली जा रही है। इसी क्रम में 1 अप्रैल, दिन सोमवार को वार्ड क्रमांक 49 ग्राम मोहड़ में बूथ क्रमांक 151, बूथ क्रमांक 152 के बूथ कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के निर्देश पर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा आयोजित की गई। उक्त बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष ने बूथ कमेटी के सदस्यों एवं वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बूथ प्रबंधन एवं कांग्रेस की रीति-नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर गरीब परिवार से एक महिला को प्रतिवर्ष एक लाख रुपया देगी, वहीं किसानों के लिए उनकी उपज का वाजिब दाम निर्धारित किया जाएगा। युवाओं के रोजगार हेतु सबसे पहले केंद्र में जो तीस लाख पद रिक्त पड़े हैं, उनकी पूर्ति तत्काल की जाएगी। साथ ही केंद्रीय नौकरियों में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के उद्बोधन के पश्चात उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को अपने वार्ड से विजयश्री दिलाने का भरपूर प्रयास करने का वादा किया। बैठक का संचालन उत्तम साहू ने किया। उक्त अवसर पर शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित किया और कहा की आज किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य अगर मिल रहा है, तो उसके सूत्रधार छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है और उन्होंने आगामी चुनाव के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र के जोन प्रभारी अवधेश प्रजापति, बूथ अध्यक्ष मदन साहू, बूथ अध्यक्ष स्वतंत्र दास साहू, दक्षिण ब्लॉक के संयुक्त महामंत्री अरशद खान, जितेंद्र कुमार हिरवानी, कन्हैयालाल हिरवानी, ओम प्रकाश साहू, यादव राम निषाद, ईश्वर दास, नरेश कुमार निषाद, कार्तिक साहू, यादव राम चंद्राकार, कुशल निषाद, गौतम साहू, यादव निषाद, अखिलेश चंद्राकर, जागृत साहू, टकेश्वर, टूमन रजक, दुष्यंत चंद्राकर, दिगेश कोटकोटा, मंत्री राम निषाद, उत्तम साहू, गौतम, गोविंदा सहित वार्ड के कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री अरशद खान ने दी।

# जिला स्तरीय कर्मा जयंती छुईखदान में 5 को

पायनियर संवाददाता ≺ छुईखदान
www.dailypioneer.com



दुबेलिया तेली साहू समाज द्वारा जिला स्तरीय कर्मा जयंती एवं विशाल भव्य शोभा यात्रा का आयोजन 5 अप्रैल को 11:00 बजे से छुईखदान श्यामपुर में किया गया है समाज के सह सचिव सी. आर. साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने गांव-गांव में स्वजातीय भाईयों की बैठक लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है कार्यक्रम 5 अप्रैल को 11:00 बजे से श्यामपुर के सामाजिक भवन से भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी शोभा यात्रा छुईखदान के जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन ,जैन मोहल्ला होते हुए वापस सामाजिक भवन श्यामपुर पहुंचेगी जहां पर समाज के पदाधिकारी के द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालेंगे ।समाज के सभी पदाधिकारीयो,युवा प्रकोष्ठ ,महिला प्रकोष्ठ एवं स्वजातीय बंधुओ को कार्यकम में बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है कार्यक्रम का समापन महाप्रसादी के साथ होगा।

# मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्यक्रम अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव में मतदान 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारीसंजय अग्रवाल ने मतदान के अवसर पर जिले की सभी देशी व विदेशी मदिरा दुकान, मद्य भण्डारण-भाण्डागार एवं भांग व भांगघोटा दुकान को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखने के लिए शुष्क अवधि घोषित किया है। जिले की सीमा से लगे अन्य राज्य के जिले एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले की 3 किलोमीटर की दूरी में स्थित मदिरा दुकानों को बंद रखने के संबंध में संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार अन्य राज्य के जिले में एवं राजनांदगांव जिले से लगे जिले में होने वाले लोकसभा निर्वाचन के दौरान 3 किलोमीटर की दूरी में राजनांदगांव जिले की मदिरा दुकान को मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# मोदी का तीसरा कार्यकाल एतिहासिक होगा एवं भ्रष्टाचारियों पर कड़े प्रहार होंगे : संतोष पांडे

पायनियर संवाददाता ≺ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे आज राजनांदगाँव ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के व्यापक दौरे पर रहे। गाँव-गाँव पहुचकर लोगों से मेल मुलाकात करके जनसम्पर्क किया, क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए एवं ग्रामीणों का दुख दर्द सुना । इस दौरान पांडे का भाव विभोर कर देने वाला स्वागत हुआ,लगभग सभी गाँव में बाजे- गाजे के साथ ग्रामीणों ने आतिशबाजी करके भाजपा प्रत्याशी का स्वागत अभिनंदन किया। महिलाओं ने मंगल तिलक लगाकर श्री पांडे को विजय होने कामना की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने आधा दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा की मोदी जी का तीसरा कार्यकाल एतिहासिक फै सलों का होगा, भ्रष्टाचार पर प्रहार और तेज होगा। श्री पांडे ने भूपेश बघेल व उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचारियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा की जब से देश में भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने की मुहिम प्रारंभ की गई हैं, तभी से सारे भ्रष्टाचारी एक गठबंधन बनाकर अपने अस्तित्व को बचाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। पांडे ने आगे कहा कि आने वाले 05 वर्षों में अभूतपूर्व काम किए जाएंगे और बड़े फैसले होंगे,लेकिन इसके लिए यह आवश्यक हैं की हम सब मिलकर श्री मोदी जी के कंधों को मजबूत करें। भाजपा का मतलब ही विकास व समाधान है,जबकि कांग्रेस देश की हर बीमारी की जड़ हैं। श्री पांडे ने जोर देकर कहा की वर्तमान लोकसभा चुनाव में देश की राजनीति दो खेमों में बटी नजर आ रही हैं। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी का एनडीए गठबंधन है जो राष्ट्र प्रथम का संकल्प ले कर चल रहा हैं, एनडीए की नेतृत्व में देश नई ऊचाइयाँ प्राप्त किया हैं, सामरिक दृष्टि से हम अत्यंत मजबूत हुए हैं, सेना के हथियारों के लिए आयात की निर्भरता धीर-धीरे खत्म हो रही है, भारत खुद तेजस जैसा लड़ाकू विमान बना रहा हैं, जिसकी मांग पूरी दुनिया में हो रही हैं। हम अपनी मिसाइले स्वयं बना रहें हैं, एवं अन्य देशों को निर्यात भी कर रहे हैं, अब मंगल ग्रह तक हमारे यानों का प्रक्षेपण हो रहा हैं जिसे सारी दुनिया आश्चर्यचकित हैं, पिछले 10 वर्षों में रक्षा निर्यात कई गुना बढ़ गया हैं,अब हम विदेशों से हथियार खरीदने वाले नहीं वरन विदेशों को हथियार बेचने वाले देश बन गए हैं, हमारे देश की नौसेना पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गई हैं, वायुसेना व थलसेना भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं।

# छुरिया का चंदैनी तालाबउपेक्षा के शिकार : हारुन मानिकपुरी

पायनियर संवाददाता ≺ छुरिया
www.dailypioneer.com



दैवेभोवन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा है कि नगर पंचायत छुरिया में चंदैनी तालाब की वर्षों से उपेक्षा की जा रही है। अगर उक्त चंदैनी तालाब का साफ सफाई, मरम्मतऔर विस्तार पर कोई विशेष कार्य किया जाता है तो यह चंदैनी तालाब जीवन दायिनी साबित होगा और मनोरंजन के लिए भी बेहतरीन विकल्प बन सकता है। चुंकि यह तालाब वैसे तो वनविभाग के अधीन है और नगर पंचायत छुरिया के क्षेत्र में भी आता है। मानिकपुरी ने बताया कि बहुत पहले वन विभाग द्वारा चंदैनी तालाब का रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत गहरीकरण का कार्य हुआ था। उसके बाद छुरिया, नगर पंचायत के अस्तित्व में आने के बाद एक प्रकार से चंदैनी तालाब पर ही ग्रहण लग गया। चंदैनी तालाब का न ही गहरी करण हुआ,न ही मेढ़ मरम्मत हुआ, और ना ही किसी भी तरह से कोई कार्य। उन्होंने आगे बताया कि चंदैनी तालाब में आगे चलकर बोट वगैरह भी चलाया जा सकता है जिससे पर्यावरण प्रेमी एवं जलविहार करने वाले लोगों के लिए अच्छा विकल्प बन सकता है।

# नवोदय के लिए बीपीएस की शैलू साहू का चयन

पायनियर संवाददाता ≺ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत शैलू साहू पिता केवल राम साहू का चयन 2024-25 सत्र में नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में अध्ययन हेतु हुआ है। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि संस्था में अध्ययनरत छात्रा शैलू साहू पिता केवल राम साहू ग्राम दीवानभेड़ी की निवासी है।ग्रामीण परिवेश में रहने के बाद भी इस मंजिल को प्राप्त करते हुये स्कूल का ही नहीं, अपितु पूरे डोंगरगाँव नगर को गौरवान्वित किया है। छात्रा के पिता पीडब्लूडी विभाग में कार्यरत है। छात्रा की सफ लता पर शैलजा पाण्डेय् संस्था अध्यक्ष, संतोष सागर शर्मा सदस्य, संरक्षक संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, दामिनी यदु एवं शिक्षक नरोत्तम साहू ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# झूठ बोलना बंद करें भूपेश बघेल : खूबचंद पारख

पायनियर संवाददाता ≺ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा चुनाव में सह समन्वयक खूबचंद पारख ने कहा कि अपनी नामांकन सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों को झूठ बोलते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना की किस्त नहीं आई है, कई लोगों को पैसा नहीं मिला है, इस पर पलटवार करते हुए वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि भूपेश बघेल झूठ बोलना बंद करें क्योंकि तीन माह के विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में इतिहासिक रूप से मोदी गारंटी की सभी घोषणाएं पूरी की गई हैं। 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में पैसा ट्रांसफर किया गया है, डॉ रमन सिंह के कार्यकाल का 2 वर्ष का बोनस किसानों के खाते में जमा किया गया है, जिसकी घोषणा कांग्रेस ने भी की थी परंतु 5 वर्षों में उसे पूरा नहीं किया। इसी तरह से धान के अंतर की राशि का भी भुगतान किया जा चुका है। भाजपा ने चुनाव के समय जो घोषणाएं की थी, वह मोदी गारंटी के तहत की थी इसलिए उनका पूरा होना यह दशार्ता है कि भाजपा जो कहती है वह करती है, कांग्रेस की तरह झूठी घोषणाएं भाजपा नहीं करती । पारख ने कहा की कांग्रेस ने जो घोषणाएं की थी वह आज तक पूरी नहीं हुई, इसलिए भूपेश को छत्तीसगढ़ की जनता ठगेश कहती है, खूबचंद पारख ने कहा कि विधानसभा चुनाव में ऐसे झूठ बोलने वालों को छत्तीसगढ़ की जनता ने मजा चखा दिया और भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित की,परंतु इसके बावजूद भी भूपेश बघेल अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे और झूठ पर झूठ बोलकर जनता को बेवकूफ समझ रहे हैं, राजनांदगांव संस्कारधानी है यहां की जनता भलीभांति जानती है कि भूपेश ने राजनांदगांव के साथ 5 वर्षों में कैसा अन्याय किया था, अच्छा हुआ कि उन्होंने यहां से चुनाव लड़ा, राजनांदगांव की जनता को अवसर मिल गया। उन्होंने कहा की मुझे पूरा विश्वास हैं कि 26 अप्रैल को मतदान के रूप में जिले की जनता भूपेश बघेल को अपना करारा जवाब जरूर देगी और संतोष पांडे राजनांदगांव से भारी मतों से जीतेंगे।

## कांग्रेस नेता चरणदास महंत की ओछी बयानबाजी पर किया प्रहार

# लोकतंत्र की मर्यादा की सीमा कांग्रेस ने लांघी, राजनीति का स्तर गिराया भाजपा

पायनियर संवाददाता ≺ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




भाजपा के चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव सहसंयोजक दिनेश गांधी, नीलू शर्मा, प्रदेश महामंत्री द्वय भरत वर्मा, रामजी भारती वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल सचिन बघेल एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने अपने संयुक्त वक्तत्व में कांग्रेस की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा पर सवाल उठाते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं कांग्रेस के नेता चरणदास महंत के बयान पर कड़ा विरोध प्रकट करते हुए कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता, परंतु कांग्रेस के नेतागण अब लोकतंत्र पर भरोसा नहीं करते, इसलिए वे तोड़फोड़ और मारपीट पर विश्वास कर रहे हैं, शायद इसलिए भूपेश बघेल की नामांकन रैली में पहुंचे चरणदास महंत के बिगड़े बोल से यही लग रहा है कि कांग्रेस ने राजनांदगांव में अराजकता फै लाने के उद्देश्य से सुनियोजित तरीके से भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है।

जानकारी के अनुसार भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा कि चरणदास महंत के बयान जिसमें उन्होंने मोदी जी का सर भूपेश बघेल फोड़ सकते हैं, कहा था जिस पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए जिला भाजपा के नेताओं ने कहा कि आज विश्व पटल में भारत का स्वाभिमान बढ़ाने का कार्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, मोदी जी की प्रशंसा अन्य देश के लोग भी करते हैं, यहां तक की कट्टर विरोधी देश पाकिस्तान की जनता और मीडिया जगत भी भारत की अर्थव्यवस्था को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मोदी जी की नीतियों की प्रशंसा करते हैं, परंतु अपने देश के कुछ विध्नसंतोषी लोग ही अपने ही देश के प्रधानमंत्री पद की महत्ता को नहीं समझते और सर फोड़ने जैसे अनर्गल और बेतुके बयान देकर अपनी घटिया मानसिकता का परिचय देते हैं। सभी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस का लोकतंत्र पर कभी विश्वास नहीं रहा । 1975 में आपातकाल लगाकर 19 महीने विपक्षी नेताओं को कांग्रेस ने जेल में बंद कर लोकतंत्र की हत्या की थी, समय-समय पर विपक्षी राज्य सरकारों को भंग करना कांग्रेस का इतिहास रहा है। कश्मीर में कश्मीरी पंडितों का नरसंहार किया गया, कत्ले आम किया गया, माता बहनों की अस्मत लूटी गई और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सुनियोजित तरीके से हिंदू समाज के रक्षक सिख भाइयों की हत्या की गई, केश काटे गए, अत्याचार की पराकाष्ठा को पार किया गया और विपक्ष की निर्वाचित राज्य सरकारों को भंग करना शुरू से ही कांग्रेस की फितरत रही। हिंसा द्वारा अपने विरोधियों की आवाज को दबाना बरसों पुरानी कांग्रेस की नीति रही है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कांग्रेसी यह भूल जाते हैं कि यह नया भारत है । और राजनंदगांव संस्कारधानी नगरी है यहां की जनता शांति प्रिय है चुनाव के माध्यम से हिंसा,आतंक और दबाव की राजनीति यहां नहीं चलने वाली और आने वाली 26 अप्रैल को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा की जनता भूपेश बघेल को करारा जवाब देकर यहां से विदा करेगी।

### बघेल की हार तय : चौधरी

भारतीय जनता पार्टी के नेता अशोक चौधरीने कांग्रेस नेता चरण दास महंत के द्वारा दिए गए बयान को हताशापूर्ण कहा है। चौधरी ने कहा कि कोरबा से चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महन्त के संभावित हार को देखकर विचलित हो गए हैं। वे भूपेश बघेल को किसी भी हालत में जितने नहीं देना चाहते और अपना महत्व कांग्रेस पार्टी में बरकरार रखने के लिए राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में ऊलजलूल बयान देकर भूपेश को हराने के लिए प्रधानमंत्री का सर फोड़ने वाले के रूप में भूपेश बघेल को चिन्हित किया है। उन्होंने कहा कि महन्त का ऐसा हल्केपन वाला बयान उनके पूरे राजनीतिक जीवन में नहीं आया है। यह बयान कांग्रेस पार्टी को रसातल में भेजने के लिए पर्याप्त है। राजनांदगांव संस्कारधानी है और ऐसे हल्के बयान को राजनांदगांव की जनता बर्दाश्त नहीं करती है। भूपेश बघेल के नामांकन में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के एक भी नेता प्रथम पंक्ति में नहीं थे। सभी नेता दुर्ग, पाटन, रायपुर से आए थे जिनका वोट राजनांदगांव में नहीं पड़ने वाला है। भाजपा नेता चौधरी ने कहा कि भूपेश बघेल भी अपने आप को वोट नहीं दे सकते। राजनांदगांव की जनता लबारी को पसंद नहीं करती है। मोतीलाल वोरा जैसे सज्जन व्यक्ति के कथनी और करनी मेंअंतर होने के कारण राजनांदगांव की जनता ने उन्हें चुनाव में हरा दिया था। भूपेश बघेल ने तो राजनांदगांव को अपने मुख्य मंत्रीरहते अच्छा खासा नजरअंदाज किया है। राजनांदगांव के कांग्रेसी भी उन्हे वोट नही देंगे।

**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202309290400012**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-1-6 अ सन-2022-2023
कुटेलीकला (प.ह.नं. 00022),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- रेखाराम,
अनावेदक पक्षकार-

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेखाराम पिता माखन, निवासी ग्राम-कुटेलीकला, तहसील-छुईखदान द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की ग्राम-कुटेलीकला, तहसील-छुईखदान, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 2068/2 रकबा 0.127 हे. रूपसिंह पिता मोहित के नाम पर, ख.नं. 746/2 रकबा 0.069 हे. एवं ख.नं.1039 रकबा 0.020 हे. सुकदेव पिता माखन के नाम पर ऑनलाईन दर्ज हो जाने के कारण अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु बी-1 एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति सहित अनुविभागीय अधिकारी (रा) गण्डई-छुईखदान के समक्ष प्रस्तुत आवेदन इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 08/04/2024 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**छुईखदान (छ.ग.)**


# भयादोहन कर, झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए लाखों रुपए की वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 03 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपियों धनाढ्य वर्ग कें लोगो को सेक्स रैकेट, बलात्कार के मामले में फंसाने के नाम पर भयादोहन कर करते थे पैसे की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र. 250/2024 धारा 384, 389, 34 भादवि के प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष के लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई है, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि मुख्य सरगना शिरीष पांडे, मंजूलता फेकर, मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था तथा उसके पश्चात पीड़ितों द्वारा बिना कोई अपराध किये, उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर, दबावपूर्वक, अपराधिक षड्यंत्र करते हुए, मोटी रकम उगाही की जाती थी। ऐसे मामले संज्ञान में आने पर जांच तस्दीक कर अपराध पंजीबद्ध करते हुए पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण में अब तक कुल 04 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनसे पूछताछ पर बलौदाबाजार शहर में






भयादोहन कर लाखों रुपए की वसूली करने वाले एक गिरोह का भांडाफोड़ किया गया है। इस गिरोह द्वारा बहुत ही सुनियोजित तरीके से बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के धनाढ्य एवं विभिन्न शासकीय एवं प्राइवेट सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए लोगों को अपने झांसे में लिया जाता था तथा उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली की जाती थी। यह गिरोह बहुत ही शातिर तरीके से अपने काम को अंजाम देता था तथा गिरोह के सभी सदस्यों के मध्य काम का बंटवारा करते हुए सभी सदस्य अपनी अलग-अलग भूमिका निभाते थे। गिरोह का मुख्य सरगना एवं मास्टर माइंड शिरीष पांडे एवं पुष्पमाला फेकर है, जो कि अभी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार एवं निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस की विवेचना, पूछताछ, जांच करवाई में गिरोह के सदस्यों एवं संपूर्ण प्रकरण के संबंध में अब तक की जांच में मुख्य सरगना एवं मास्टरमाइंड शिरीष पांडे एवं पुष्पमाला फेकर इन दोनों आरोपियों द्वारा ही बलौदाबाजार नगर में धनाढ्य एवं अन्य लोगों को चिन्हित किया जाता था, उसके पश्चात शिरीष पांडे द्वारा अपनी राजनीतिक पहुंच एवं पहचान का प्रभाव दिखाते हुए उनसे मेलजोल बढ़ाकर, उनको लडकी उपलब्ध करने का झांसा दिया जाता था। तत्पश्चात गिरोह के सभी सदस्यों को एक्टिव कर प्रार्थी को भयादोहन कर प्रार्थी से लाखों रूपये की वसूली की जाती थी। मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया एवं दुर्गा टंडन दोनों आरोपी लोकल बलौदाबाजार के निवासी होने के कारण टारगेट पॉइंट (प्रार्थी) से मिलने एवं उन्हें फंसाने के लिए आने वाली लड़कियों के बलौदाबाजार शहर में रहने, खाने एवं अन्य सुविधाओं का इंतजाम करते थे। तत्पश्चात उस टारगेट से लड़की के मिलने के बाद, उस लड़की को महिला संबंधी अपराध का प्रार्थी बनाते हुए थाने में रिपोर्ट करने के लिए ले जाने का नाटक किया करते थे। इस दौरान यह दोनों आरोपी उस लड़की के रिश्तेदार बनकर सामने प्रस्तुत हुआ करते थे। हीराकाली यह प्रकरण की एक अन्य आरोपी है, जो कि टारगेट को फंसाने के लिए लड़की का इंतजाम करती थी। यही गिरोह से संपर्क के माध्यम से लड़कियों को बुलाकर टारगेट के पास भेजती थी।

### आरोपी पत्रकार आशीष शुक्ला फरार, पुलिस ने पकड़ने के लिए बिछाया जाल



आशीष शुक्ला पिता सिद्धनाथ शुक्ला निवासी गांधी चौक के द्वारा ज्योति न्यूज़ वेब पत्रकारिता की आड़ में बहुत ही शातिर तरीके लोगों को फंसा कर पैसा वसूली का काम कई दिनों से चल रहा था। गांव-गांव में जाकर वसूली का काम कर रहा था। पूर्व में इनके द्वारा पोस्ट ऑफिस में भी कई लोगो के बचत खाते वालों के रुपए गबन का आरोप लग चुका है। कई लोगों से समझौता कर पैसा वापस करने का समझौता भी किया, लेकिन अभी तक लोगों के पैसा नहीं दिया। धमकाने के लिए उसका यह कृत्य न्यूज एवं प्रेस के माध्यम से लोगों तक पहुंचा दिया जाएगा, इस प्रकार का लोक-लाज का भय दिखाकर वसूली करने का काम करता था। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी आशीष शुक्ला पिता सिद्धनाथ शुक्ला एक प्रार्थी से 1,25,000 का मांग किया गया था, जिसमें प्रार्थी द्वारा 75000 का भुगतान, इसके दुकान में स्वयं जाकर किया था। महान मिश्रा यह पेशे से अधिवक्ता है तथा अपनी पहुंच एवं पहचान का रौब दिखाकर उगाही की गई रकम को संभालने एवं आपस में बंटवारा करने का काम करता था।

### वारदात का तरीका

गिरोह द्वारा धनाढ्य एवं रिटायर्ड कर्मीयों को टारगेट किया जाता था, फिर टारगेट सेट कर उससे मिलजुल बढ़ाते हुए टारगेट से महिला को मिलाने का दिन एवं समय फिक्स किया जाता था। तत्पश्चात महिला उस टारगेट से मिलने जाती थी। इस दौरान गिरोह के सदस्यों द्वारा महिला के घर/रूम के अंदर जाने एवं घर/रूम के बाहर आने का फोटो ले लिया जाता था, फिर इसी फोटो के माध्यम से उस टारगेट को भयादोहन करने का सिलसिला प्रारंभ किया जाता था। गिरोह द्वारा टारगेट को महिला संबंधी अपराध में फंसा देने, इसका न्यूज बनाकर मीडिया में वायरल कर देने एवं लोक-लाज का भय दिखाते हुए धमकाया जाता था। फिर टारगेट मायूस एवं दुखी होकर गिरोह की मांग के अनुसार रुपए गिरोह के सदस्यों को दे देता था। इस प्रकार गिरोह बहुत ही शातिर तरीके से घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहा था। आरोपीगण के मेमोरंडम कथन के अनुसार उगाही की गई मोटी रकम को सभी आपस में बांटते थे। अभी तक की जांच एवं विवेचना में गिरोह द्वारा विभिन्न लोगों से लगभग 41 लाख रुपए तक की वसूली किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण के आरोपीगण को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है तथा प्रकरण के अन्य फरार आरोपी पुष्पमाला फेकर, हीराकली बंजारे, आशीष शुक्ला, शिरिस पांडे का पता तलाश पुलिस की पांच अलग-अलग टीमों के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे प्रकरणों में अन्य पीड़ित, जिनको डराकर, धमकाकर, पैसा वसूली की गई है, वह भी थाना सिटी कोतवाली आकर, अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# मैट्स स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज द्वारा विधानसभा में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मैट्स विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग द्वारा बीकाम के विद्यार्थीयों के लिए विधानसभा में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विधार्थीयों को विधानसभा संचालन से अवगत कराना था। भ्रमण रायपुर छ.ग. विधानसभा परिसर में आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में सदन, पुस्तकालय, ग्रंथालय तथा सेन्ट्रल हाल मिल था। भ्रमण के दौरान विधानसभा परिसर में प्रशिक्षको ने विधानसभा के सारे बारिकियों से अवगत कराया। तथा विधानसभा के निर्देशक मनिश कुमार शर्मा का उद्बोधन विद्यार्थीयों ने सुना। जिनका अभिवादन विश्व विद्यालय के प्राध्यापकगण द्वारा किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन विभागाध्यक्ष डा. उमेष गुप्ता के मार्गदर्शन तथा संयोजन (कॉमर्स) विभाग के प्राध्यापक दीप्तांषु शर्मा एवं मलिका वर्मा द्वारा किया गया। इस भ्रमण के सफल आयोजन के लिए मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति डा. के. पी. यादव, उप-कुलपति डा. दीपिका ढांड, महानिदेष प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने विभाग को बधाई प्रेषित की।

# डॉ. अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक (एमसीटी) द्वारा रामकृष्ण केयर अस्पताल में किया 45 बीएमआई वाले मरीज का जोड़ प्रत्यारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



अभी हाल ही में शहर के जाने-माने रामकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक द्वारा 45 बीएमआई वाले मरीज का सफल नी-रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) परफॉर्म किया। इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज का वजन 100 कि.ग्रा. था और BASAL METABOLIC INDEX (BMI) 45 और वह मोटापे की Morbid Obesity कैटेगरी में आता था। ज्यादा वजनी का ऑपरेशन ना सिर्फ कठिन होता है इसमें, इंफेक्शन की संभावनाएं अधिक होती है। डॉ. सिंघल ने यह ऑपरेशन अपनी इनोवेटिव मिनिमम कट तकनीक (एमसीटी) से किया है। जिसकी वजह से मरीज का ना सिर्फ जोड़ ठीक किया गया, उनका पैरों के टेढ़ेपन को भी ठीक किया गया। मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य है एवं अपनी सामान्य जीवन-यापन कर रहा है तथा उसका घुटना पूरी तरह ठीक हो गया है। डॉ. सिंघल ने बताया कि अधिक बीएमआई वाले मरीज का नी-रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) एक अपने आप में जटिल क्रिया है लेकिन इस अदभूत मिनीमम कट तकनीक (एमसीटी) द्वारा क्षतिग्रस्त जोड को भी फिर से ठीक किया जाता है। डॉ. सिंघल ने इस सर्जरी के लिये विदेश जैसे इग्लैण्ड एवं अमेरिका में ट्रेनिंग लिया है। डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि मरीजों में उनके द्वारा इजात की हुई इस मिनिमम कट तकनीक (एमसीटी) से 7000 से भी ज्यादा सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की है। इस तकनीक से मरीजों की रिकवरी फास्ट होती है और जटिल से जटिल सर्जरी आसानी से की जा सकती है। इस तकनीक से नरीज न सिर्फ केवल कुछ घंटें बाद चल सकता है बल्कि अप्नी सामान्य जीवन में तेजी से वापस लौट सकता है।

# वितरण विभाग की लापरवाही से हादसे का मंडरा रहा खतरा



पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा अंचल के मुख्य मार्गो से लगे ट्रांसफार्मर और उस पर करंट प्रवाहित तार हादसे का कारण बन सकता है। कई स्थानों के ट्रांसफार्मर और टीपी बॉक्स भी खुले पड़े हैं। बावजूद इसके विद्युत विभाग के अफसर इसे व्यवस्थित करने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह स्थिति शहर के तुलसीनगर, पाड़ीमार और दर्री जोन क्षेत्र अंतर्गत के कई स्थानों की है। बिजली आपूर्ति के लिए मुख्य मार्गो के किनारे ट्रांसफार्मर और टीपी बॉक्स लगाए गए हैं। लेकिन कर्मचारियों ने तार व्यवस्थित नहीं किया।

इसे लेकर अफसर पर अनदेखी कर रहे हैं। इसमें से अधिकांश करंट प्रवाहित तार जमीन पर लटक रहे हैं, तो कई स्थानों पर टीपी बॉक्स कम ऊंचाई पर हैं और खुले हुए हैं। करंट प्रवाहित तार के आसपास आने का खतरा बना हुआ है।

# नोटिस के बाद भी सीएसईबी के मकान नहीं खाली कर रहे लोग, लगाए गए नोटिस बोर्ड

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

विद्युत उत्पादन कंपनी के पूर्व स्थित कॉलोनी के 428 मकानों को तोड़ने की तैयारी दो साल पहले शुरू की गई थी। दो साल बाद भी यह काम शुरू नहीं हो सका है। लोग अब भी इन मकानों में रह रहे हैं। बारिश में मकानों के छज्जे गिरने की संभावना और बढ़ जाती है। कई बार नोटिस के बाद भी मकान खाली नहीं किए जाने पर अब सिविल विभाग ने बोर्ड भी लगा दिए हैं। कोरबा-पूर्व कॉलोनी के एनएफ और सुपर एफ टाइप के मकान सबसे अधिक जर्जर हो चुके हैं। बीते कई साल से मकानों को तोड़ने की बात चल रही है। दो साल पहले सुपर एफ के मकान का छज्जा भरभराकर गिर गया था। इस घटना के बाद आवास आवंटन समिति ने मकानों की स्थिति का जायजा लिया। पाया गया कि मकानों की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। मकान कभी भी ढह सकते हैं, बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे जर्जर मकानों की सूची तैयार की गई थी। इसमें कुल 428 मकान जर्जर हालत में पाए गए थे। इन मकानों को डिस्मेंटल करने के लिए मुख्यालय स्तर पर फाइल भेजी गई थी। इस पर स्वीकृति मिल चुकी है। मगर मकान में रहने वाले लोग नोटिस के बाद भी कब्जा नहीं हटा रहे हैं, जिसे लेकर अब बोर्ड लगा दिए गए हैं। उत्पादन कंपनी नए मकान बनाने को लेकर रूचि नहीं ले रही है। करीब 15 ब्लॉक पूरी तरह से तोड़ दिए जाएंगे।

### तोड़े जाने वाले मकानों में बड़ी संख्या में बाहरी लोगों का कब्जा

तोड़े जाने वाले कुल 428 मकानों में विद्युत कर्मी निवासरत हैं, जबकि कुछ मकानों में अन्य शासकीय विभागों के कर्मियों का कब्जा है। वहीं 150 से अधिक मकान में बाहरी लोग रह रहे हैं। एक तरह से बाहरी लोगों को खदेड़ने के लिए यह मुहिम चलाई जा रही है जिस पर विभाग अब तक असफल साबित रहा है।

# केन्द्र सरकार ने लोगों की रोजी-रोजगार छीनने का काम किया : ज्योत्सना महंत

- कांग्रेस ही दे सकती है भरोसे की सरकार

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुंदेली, जवाली, रंजना, बरतराई व बिछियापारा का सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने इस दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पर आम जनता आज भी भरोसा करती है और यह भरोसे की सरकार देती आई है। जनता को लोक-लुभावने वादों और घोषणाओं में उलझा कर उनके विकास की बजाय चन्द लोगों का विकास करने की सोच रखने वाली भाजपा ने उद्योगपतियों के विकास को नया आयाम दिया है। केन्द्र में 10 वर्षों से भाजपा की सरकार है और छत्तीसगढ़ में 15 साल से भाजपा की सरकार रही लेकिन कितना और किसका विकास हुआ यह जनता जानती है। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने लोगों के रोजी, रोजगार के अवसर छीनने का काम किया है। आज किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता और पीने के पानी की समस्या इस गर्मी में सामने आती है। बेरोजगार युवाओं के पास रोजगार के साधन नहीं हैं जिससे भावी पीढ़ी के समक्ष उत्पन्न होने वाली दिक्कतें अभी से नजर आने लगी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सपनों के ग्राम रंजना पहुंचीं सांसद ने कहा कि इस गांव को आदर्श के रूप में विकसित किया जाना है किन्तु इसकी अनदेखी होती रही। कांग्रेस की सरकार ने यहां विकास के कार्य कराए हैं। सांसद ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से गांव-गरीब और किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिये चिन्ता करती आई है। हमने तय किया है कि केन्द्र में सरकार बनते ही गरीब परिवार की महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 8333 रुपए भेजने पर काम होगा। युवाओं को युवा रौशनी योजना के जरिए रोजगार से जोडऩे की गारंटी हम देंगे।

# मनोरा के ग्राम अंधरझार, बहेरना,बुधगाँव, हर्री, धरधरी दौरे पर विधायक भगत ने कहा सबका साथ सबका विकास

### विकास के लिए डबल इंजन की सरकार




पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com

जशपुर विधायक रायमुनी भगत मनोरा विकासखंड क्षेत्र के दौरे पर पहुंची। यहां विधायक ने भाजपा सरकार द्वारा केंद्र और राज्य शासन से मिले योजनाओं से लाभ पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ सबका विकास वाला है,क्योंकि हमें पीएम मोदी पर विश्वास और सीएम विष्णुदेव का साथ जनता के साथ है,डबल इंजन की सरकार के कारण विकास की गति भी तेज हो चुकी है। ज्ञात हो कि जशपुर विधायक रायमुनी भगत बुधवार को जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान मनोरा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंधरझर, बहेरना, बुधगाँव, हर्री, धरधरी दौरे पर पहुंची। यहां भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुवे केंद्र व राज्य में भाजपा सरकार द्वारा मिले लाभ पर प्रकाश डाला, भगत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णु देव साय की डबल इंजन की सरकार ने मनोरा क्षेत्र में मात्र तीन महीने में अनेकों जनहित के कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर विकास कार्य में गति दिया है। आज प्रत्येक वर्ग धर्म समुदाय जाति के लोगों के लिए भाजपा की सरकार ने लाभकारी योजनाओं का संचालन और क्रियान्वयन कर जनता को लाभ पहुंचाया है। शिक्षा स्वास्थ सड़क बिजली जैसे बहुआयामी विकास कार्यो को प्राथमिकता से किया जा रहा है।जनता ने मुझे जिस उम्मीद और विश्वास से विधायक बनाया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करते हुवे मूलभूत सुविधाओं के लिए कार्य करना शुरू कर दिया गया है,क्षेत्र के विकास के लिए कार्य में सभी ग्रामीणों से सहयोग का अपेक्षा है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, कृपा शंकर भगत, महिला मोर्चा मनोरा मण्डल अध्यक्ष, सुषमा सिंह, महेश साही, बाबूलाल सिंह, पंकज जायसवाल, हदीश अंसारी, नमीत गुप्ता, बिरजू ताम्रकार, मण्डल अध्यक्ष श्यामलाल भगत,महामंत्री सतीश मिंज,मण्डल उपाध्यक्ष रंजीत भगत, रामदास यादव, सरपंच सूरज राम,आंसू राय,राहुल गुप्ता एवम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### डीकेएस अस्पताल रायपुर में हुआ निःशुल्क सफल आपरेशन

# खुला सेफ्टी पीन निगलने से खतरे में 8 साल की मासूम संध्या की जान, सीएम कैंप की मदद से हुआ ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






खाना खाने के बाद,दांत साफ करने के दौरान,आलपीन को निगल जाने से,संकट में फंसी 8 साल की मासूम संध्या राउत को सीएम कैम्प की पहल से नया जीवन मिला है। रायपुर के डीके अस्पताल में सफल आपरेशन के बाद,संध्या घर लौट कर,इन दिनों स्वास्थ्य लाभ ले रही है। अपने जिगर के टुकड़े का जीवन बचाने के लिए संध्या के माता पिता ने,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अभार जताया है। जशपुर जिले के फरसाबहार ब्लाक के डोंगादरहा निवासी संध्या राउत के पिता रविशंकर ने बताया कि लगभग 1 माह पूर्व, संध्या, ने नादानीवश, अल्पीन को मुंह में ले गई और गलती उसे निगल गई। जिस समय आलपीन, मासूम के पेट में गया वह खुला हुआ था। पेट की अंतड़ियों में फंसी आलपीन के चुभने से मासूम को भयंकर दर्द होने लगा। दर्द से बैचेन हो कर,आठ साल की संध्या का रो रो कर बुरा हाल हो गया। संध्या के माता पिता ने उसकी जांच बचाने के लिए,स्थानीय अस्पताल में जांच कराया। चिकित्सकों ने एक्सरे के माध्यम से पेट में फंसे हुए आलपीन का पता लगाया और इसे निकालने की कोशिश की। लेकिन, इसमें वे सफल नहीं हो सके।

इस पर,चिकित्सकों ने, रवि शंकर को,किसी बड़े अस्पताल में ले जा कर, आपरेशन कराने की सलाह दी। लेकिन, आर्थिक तंगी ने, रवि शंकर का रास्ता रोक लिया। ऐसे में उन्होनें संध्या के उपचार में सहायता के लिए जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया में स्थित सीएम कैम्प में गुहार लगाई। मासूम की गंभीर स्थिति को देखते हुए, सीएम कैम्प ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर,संध्या के उपचार के लिए रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में व्यवस्था की। यहां चिकित्सकों ने पीड़ित संध्या की जांच करने के बाद,पेट का आपरेशन कर,अतड़ी में फंसे हुए पिन को बाहर निकाल कर, उसे नया जीवनदान दिया है,और समुचित इलाज कराकर वापस घर लौट आई हैं। नेक पहल के लिए परिजन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

**पथरी का भी हुआ उपचार** – पेट में फंसे हुए,आलपीन की दर्द से परेशान संध्या को जब उपचार के लिए अभिभावक,डीकेएस अस्पताल लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने जांच के दौरान पाया कि मासूम संध्या को पथरी की भी समस्या है जो आगे चल कर,उसके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। आलपीन निकालने के साथ ही चिकित्सकों ने संध्या को पथरी की समस्या से भी निजात दिला दी है।

# छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल की माला सिंह बनी उपाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल रायपुर का 18 राज्य स्तरीय अधिवेशन बिलासपुर स्थित सेंटर पॉइंट में विगत रविवार 31 मार्च को आयोजित किया गया इस दौरान वर्ष 2024 26 के लिए कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ इस अधिवेशन में प्रदेश घर से बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ स्टेट बर काउंसिल के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे इन सभी की उपस्थिति में वर्ष 2024 से 26 तक के कार्यकारिणी का चुनाव हुआ जिसमें माला सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया ज्ञात रहे की माला सिंह इसके पूर्व कार्यकारिणी में सहसचिव का दायित्व भली भांति संभाल चुकी हैं इस अवसर पर माला सिंह से अपेक्षा की गई है कि वह जीएसटी में आ रही परेशानियों के समाधान को लेकर प्रदेश स्तर पर आवाज बुलंद करेगी माला सिंह के उपाध्यक्ष चुने जाने पर छत्तीसगढ़ स्टेट बर काउंसिल के अनेक पदाधिकारी व सदस्यों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# भाजपा डॉ. महंत का नहीं, छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति का अपमान कर रही

## डॉ. महंत ने छत्तीसगढ़ी हाना का प्रयोग किया भाजपा डॉ. महंत से माफी मांगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के वक्तव्य को भाजपा ने तोड़-मरोड़ कर पेश कर स्तरहीन राजनीति करने का प्रयास किया है। नेता प्रतिपक्ष ने इस संबंध में अपना बयान जारी किया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नरेन्द्र मोदी के ऊपर हमला करने की बात नही की थी उन्होने राजनैतिक रूप से मुकाबला करने के लिये वैसी ही मजबूती के साथ उनके सामने खड़ा होने की बात कही और छत्तीसगढ़ी मुहावरे, हाना का प्रयोग किया। भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ी मुहावरे का छत्तीसगढ़ी हाना का प्रयोग करने के कारण नेता प्रतिपक्ष का माखौल उड़ाने की कोशिश किया है। यह छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति के प्रति भाजपा के रवैये को प्रदर्शित करता है। भाजपा इसके लिये छत्तीसगढ़ की जनता और सरल सहज विनम्र स्वभाव के डॉ. चरणदास महंत से माफी मांगे। भाजपा के पास मुद्दा नहीं है मोदी ने पिछले 10 साल में कुछ काम ही नहीं किया है। बेचारे भाजपाई किन कामों को लेकर जनता के बीच में जाये। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बयान को जबरदस्ती तोड़-मरोड़ के हवा देने की कोशिश में लगे हुये है। देश की जनता, छत्तीसगढ़ की जनता बेहतर ढंग से जान रही है, मुद्दे से ध्यान भटकाने की कितने भी कोशिश कर रहे। भाजपाई कितनी भी कोशिश कर लें मोदी की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार का जवाब देना होगा। भाजपाई खुद को मोदी का परिवार पहला लाठी मुझको मारो कैंपेन लांच किया है तो भारत माता का एक-एक परिवार मोदी के परिवार से पूछना चाहता है कि अच्छे दिन के वायदा कर जनता पर महंगाई बेरोजगारी कुशासन क्यों लादा गया? भाजपाई जवाब दें इलेक्टोरल बांड के घोटाले की नैतिक जवाबदारी मोदी कब लेंगे? अडानी की शेल कंपनियों के 20 हजार करोड़ किसके लगे है? हर के खाते में 15 लाख 10 सालों में क्यों नहीं आये? किसानों की आय दुगुनी क्यों नहीं हुई? 2 करोड़ युवाओं को रोजगार के वादे का क्या हुआ? 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना था? देश की रेल सेवा तबाह क्यों हो गयी? 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा था महंगाई इतनी बेतहाशा क्यों बढ़ी है? 35 रू. में पेट्रोल, डीजल कम करने के वायदे का क्या हुआ? मोदी ने 10 साल में अपने वायदों को पूरा नहीं किया। हर वह भाजपाई मोदी के 10 साल की वायदा खिलाफी का हिसाब दे, मोदी के घोटालों का जवाब दें। भाजपाई जवाब दें कि मोदी के द्वारा समय-समय पर की गयी गलत बयानी का भी समर्थन करते है। पीएम मोदी के गलत बयानी एक सांसद की दिवंगत पत्नी को 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहा, संसद के भीतर महिला सांसद को सुर्पनखा कहा, शहीद परिवार की एक सर्वमान्य नेत्री को कांग्रेस की विधवा और जर्सी गाय कहा, पूर्व प्रधानमंत्री और विख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह पर रेनकोट पहनकर नहाने की बात कहकर मजाक बनाया। निर्वाचित मुख्यमंत्री को मायावी राक्षस कहा, भारत मे जन्म लेना पाप है विदेशों में जाकर मोदी ने कहा। दुर्भावनापूर्वक विद्वेष फैलाने कपड़ो से पहचाने की बात किसने कही थी?

### गृहमंत्री ने संवैधानिक पद की मर्यादा को तोड़ा

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गृहमंत्री विजय शर्मा का नेता प्रतिपक्ष के निवास प्रदर्शन करने जाना संवैधानिक रूप से गलत है। गृहमंत्री ने संवैधानिक पद की मर्यादा का उल्लंघन किया। गृहमंत्री खुद प्रदर्शन करने जायेंगे तो पुलिस उन पर नियंत्रण करेगी। सस्ता प्रचार करने के चक्क र में गृहमंत्री ने अपने मंत्री पद की शपथ का उल्लंघन किया है। राज्यपाल गृह मंत्री को बर्खास्त करें।

# देश में मोदी जैसा कोई नहीं, भाजपा के साथ पूरा देश है, रिकार्ड मतों से जीतेंगे : तोखन साहू

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर लोकसभा सीट के भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी तोखन साहू का मानना है कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी जैसा कोई नहीं है। पूरे देश में मोदी की गारंटी का डंका बज रहा है और पूरा देश मोदी और भाजपा के साथ खड़ा है। बिलासपुर लोकसभा में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए गारंटी को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह है और भारतीय जनता पार्टी इस बार रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेगी। पायनियर से बातचीत करते हुए भाजपा प्रत्यासी तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और दुनिया के पहले ऐसे प्रधान मंत्री हैं जो गरीबों के लिए ढेर सारी योजनाएं लागू किए हैं कि पूरे देश में मोदी का डंका बज रहा है। राम जन्म भूमि, मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाना, गरीबों के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना, महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं जिस तरह से देश में लागू किया है ऐसा प्रधानमंत्री आज तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे कोई मायने नहीं रखता केंद्र सरकार की योजनाएं पार्टी के लिए और पार्टी के प्रत्याशियों के लिए पर्याप्त है। उन्होंने बिलासपुर मुंगेली मंडला रेल लाइन के बारे में कहा कि इसके पहले सांसद रहे पुन्नू लाल मोहले, लखन लाल साहू और अरुण साव ने इस मुद्दे को संसद में उठाया था। मैं भी पुरजोर ढंग से उठाऊंगा और इस पर सार्थक पहल हो इसकी पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव की चर्चा करते हुए कहा कि वह भिलाई के रहने वाले हैं। बिलासपुर उनका क्या काम है? उनके ऊपर शराब घोटाला को लेकर ईडी द्वारा अपराध दर्ज किया गया है। इसके अलावा उनके खिलाफ और भी मामले चल रहे हैं। बिलासपुर में उनका कोई जोर नहीं चलने वाला है। बिलासपुर लोकसभा के मतदाता अच्छी तरह जानते हैं कि चुनाव में किस को वोट देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत सुनिश्चित है। कांग्रेस के बुरे दिन चल रहे है। उनका तो घोषित प्रत्याशी ही पार्टी छोड़ कर जा रहे है। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी पूरी निष्ठा के साथ पार्टी को जिताने में लग गए है। प्रदेश की साय सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओ को एक हजार रुपए महीना देने का वादा, धान का रुका हुआ बोनस राशि का भुगतान, 31 सौ रुपए क्विंटल में धान खरीदने का किसानों को किया गया वादा महीने भर के भीतर ही पूरा करने से प्रदेश की जनता भाजपा से खुश है और हर वर्ग के लिए काम करने वाले प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को फिर से रिकार्ड बहुमत से जीता कर सरकार बनाने का संकल्प कर लिए है। बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

# रायपुर पश्चिम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी ठाकुर ने ली बैठक



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी नवीन कुमार ठाकुर ने सेक्टर अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर की संयुक्त बैठक ली। ठाकुर ने बैठक में दिव्यांग मतदाता और 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी। इसके लिए सूची समय सीमा के भीतर बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वोटर हेल्पलाइन के संबंधी में जानकारी दी गई। सरकारी कर्मचारी को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और मतदान केंद्र का पुनः निरीक्षण कर आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर राकेश देवांगन और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रायपुर की डॉक्टर विपुल ने जीता मिसेज इंडिया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



गुड़गांव में हुए अखिल भारतीय मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में रायपुर सरोना निवासी विपुल चौधरी ने मिसेज इंडिया एलिगेंट का खिताब अपने नाम किया। 30 मार्च को गुड़गांव के एस्कॉट ओरियो सिटी में आयोजित मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में देशभर के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। 10 राउंड्स की इस मुकाबले में हर चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व डॉ. विपुल चौधरी ने किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी परिधान, व्यंजन और राज्य के दर्शनीय स्थलों से संबंधित तथ्यों से प्रतियोगिता के निर्णायकों को अवगत कराया, साथ ही मिलेट खाद्यान के महत्व के लिए सराहना प्राप्त की। पेशे से वैज्ञानिक डॉ.विपुल एनआईटी रायपुर में कार्यरत है और दो बच्चों की माता हैं उनके पति डॉ. वरुण आनंद एम्स, रायपुर के ट्रामा विभाग में चिकित्सक है।

### गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन

**रायपुर।** राज्य में तेजी से बढ़ती गर्मी को देखकर प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने सरकारी और निजी सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन किया है। डीपीआई ने बढ़ती गर्मी को देखते हुई ये फैसला लिया है। जारी आदेश के मुताबिक, एक पाली में संचालित प्राथमिक, मिडिल और हायर सेकेंडरी कक्षाएं 7 से 11 बजे तक लगेंगी। वहीं दो पालियों में संचालित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक कक्षाएं 7 से 11 और हायर सेकेंडरी शालाएं 11 से तीन बजे तक संचालित होंगी। ये आदेश 4 अप्रैल से मान्य होगा।

# रायपुर पुलिस ने ली यात्री बस संचालक-परिचालकों की बैठक



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

एसएसपी संतोष कुमार सिंह के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह द्वारा अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड से संचालित होने वाले यात्री वाहन बस संचालक एवं परिचालकों का सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक ली। बैठक में रायल ट्रेवल्स, महिन्द्रा ट्रेवल्स, कांकेर, राजधानी, मनीष, पायल, नरेश, जीवन, नवीन, राधेकृष्ण, सिल्पी, जागीरदार, दुबे, गुप्ता, राजहंस ट्रेवल्स संचालक एवं चालक परिचालक उपस्थित हुए। बैठक के दौरान एएसपी यातायात ओम प्रकाश शर्मा ने बस संचालकों को यात्रियों की सुरक्षा-सुविधा एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बसों में सुदृष्य स्थान पर रेट लिस्ट (किराया दर) की सूची लगाएं और निर्धारित दर पर ही टिकट काटें। अधिक किराया राशि लेने की शिकायत मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। लंबी दूरी के यात्री बसों में यात्रियों के सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगायेंगे। रायपुर बस स्टैण्ड से छूटने के बाद यात्री बस मार्ग में वाहन खड़ी कर सवारी चढ़ाया जाता है जिससे आम पब्लिक को परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसे देखते हुए बस स्टैण्ड से निकलकर केवल पचपेड़ीनाका एवं टाटीबंध चौंक में ही बस रोककर सवारी चढ़ा सकेंगे।

# तेलीबांधा तालाब में कलेक्टर ने नागरिकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में बुधवार को मतदाता जागरूकता की रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से निकल कर व्हया शंकरनगर, टर्निंग पॉइंट, खम्हारडीह थाना चौक, अवन्तिबाई चौक, मत्स्य आउटलेट पॉइंट, तेलीबांधा रविग्राम चौक होते हुए तेलीबांधा तालाब पर समाप्त हुई। बाइक रैली को कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश हेमंत श्राफ ने हरी झंडी दिखाई। तेलीबांधा तालाब में कलेक्टर डॉ.सिंह नागरिकों को शपथ दिलाकर सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की त्योहार में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। मतदान हम सभी का अधिकार है जिसपर मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है। कलेक्टर ने कहा कि रायपुर लोकसभा के लिए 7 मई को मतदान की तिथि घोषित की गई है। अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करने के साथ अपने परिवारजनों के अलावा आस पड़ोस के लोगो को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम दौरान प्रसिद्ध कवि अभय निर्भीक द्वारा भारत यात्रा पर काव्य पाठ कर देश प्रेम को जीवंत करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व का मान जरूरी है, सौ प्रतिशत मतदाता का मतदान जरूरी है।

# चरणदास महंत का अनर्गल बयान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा का आइना लोकसभा चुनाव के नतीजों में दिखेगा मोदी का परिवार : संजय श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



महंत निवास घेराव के पश्चात भाजपा नेताओ का दल प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव और जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में चरणदास मंहत की अनर्गल बयानबाजी को भड़काऊ और हिंसा के लिए प्रेरित करने वाला बताते हुए उनके खिलाफ एफ. आई. आर. की मांग लेकर सिविल लाइन थाना पहुंचे जहां भाजपा नेताओं द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियो को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित गिरफ्तारी की मांग करते हुए एफ. आई.आर. करने की मांग रखी संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेसी नेता छत्तीसगढ़ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की चरणदास महंत का लाठी से सिर फोड़ने वाला बयान असल मायने में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा का आइना है कभी प्रधानमंत्री को चाय वाला बोलकर उपहास उड़ाया जाता है, कभी कोई नेता नीच राजनीति वाला कहता है कभी कोई काटो कहता है कभी मारने तक की बात की जाती है और आज लाठी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर फोड़ने वाला बयान यह कांग्रेस की विचारधारा का आइना है जिसमे अराजकता और हिंसा स्वतः प्रदर्शित होती है चरणदास महंत को अपने बयान के लिए सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री मोदी से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा भाजपा कार्यकर्ताओं का विरोध झेलने के लिए वे तैयार रहें मैं आप सभी मीडिया बंधुओ को माध्यम से कहना चाहता हूं की लोकसभा चुनाव के नतीजों में आपको मोदी के संगठित परिवार देखने को मिल जायेगा। इस अवसर पर मीडिया से मुखातिब होते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा की राजनीति मुद्दो की होनी चाहिए जिसमे जनता का हित अहित निहित हो परंतु इस प्रकार का निजी प्रहार और कार्यकर्ताओं को उकसाने का प्रयास चरणदास महंत की परिपक्वता पर सवालिया निशान लगाता है हमे आश्चर्य है की छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष इतनी छोटी सोच का व्यक्ति हैं राजनीति सदैव सुचिता की होनी चाहिए स्वास्थ्य आरोप प्रत्यारोप की होनी चाहिए इस तरह की निकृष्ठ विचारो को जनता सिरे से नकार देती है और यह आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजों में देखने को मिलेगा। भाजपा द्वारा आयोजित घेराव और एफ. आई. आर. हेतु ज्ञापन सौंपने हेतु आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक गजेंद्र यादव व डोमन कोर्सेवाडा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, जिला महामंत्री भाजपा सत्यम दुवा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, सुभाष तिवारी, जिला उपाध्यक्ष गोपी साहू, अकबर अली, आशु चंद्रवंशी, हरीश ठाकुर, तुषार चोपड़ा, अमित मैशरी, अखिलेश कश्यप, सुनील चौधरी, प्रवीण देवड़ा, बी. श्रीनिवासराव, रविंद्र ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, प्रीतम ठाकुर, अनूप खेलकर, योगेंद्र वर्मा, गज्जू साहू, मखमूर इकबाल, राहुल राव, अर्पित सूर्यवंशी, प्रणय साहू, गुरमीत सिंग, हार्दिक पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403